- शिक्षा से संबंधित विभिन्न आयामों पर शोधकार्य किये जायें।
- निरीक्षण के स्थान पर पर्यवेक्षण को महत्व प्रदान किया जाये।
- बाहरी मूल्यांकन के स्थान पर आंतरिक मूल्यांकन व आत्म सुधार हेतु प्रेरित किया जाये।

4. संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन :

- संस्था के सभी सदस्यों के समक्ष लक्ष्य और उद्देश्य स्पष्ट होने चाहिए।
- शैक्षिक कार्यों में छात्र-अध्यापक एवं अध्यापकों की सहभागिता।
- अध्यापकों और प्रशासकों में ताल-मेल स्थापित किया गया।
- सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के कार्यों एवं

उत्तरदायित्व का उचित बँटवारा।

- शिक्षा विशेषज्ञों एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य रूपांतरण का अधिकार।
- सतत् सुधार के लिए प्रतिबद्धता।
- संगठन के सभी सदस्यों की भागीदारी।
- सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना।
- संख्यात्मक की जगह गुणात्मक स्वाट (SWOT) मूल्यांकन

  (S-क्षमताएं, W-कमजोरी, O-अवसर, T-खतरे)
- सहयोग एवं समन्वय आधारित कार्यक्रम।
- शिक्षा तथा आत्म सुधार हेतु प्रबल कार्यक्रम स्थापित करें।

इस प्रकार गुणवत्ता आश्वासन के माध्यम से अध्यापक शिक्षा के संदर्भ में कमियों को जानकर उनका नियंत्रण करके तथा निवारण हेतु रोकथाम करके और सतत् सुधार के माध्यम से शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता आश्वासन को प्राप्त किया जा सकता है। गुणवत्ता प्रबंधन के सिद्धान्तों को अपनाना होगा। संपूर्ण गुणवत्ता का विषय औद्योगिक क्षेत्रों में प्रमुख रूप से रहा है तत्पश्चात् शिक्षा में इसका विकास हुआ है। शिक्षा में इसके दर्शन को विकसित करने का श्रेय प्रो. डेमिंग तथा जुरान को जाता है। इन्होंने संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंध के लिए कुछ विशिष्ट बिंदु बताये हैं जो संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन सिाद्धन्त के रूप में विख्यात हैं, जिनका अध्यापक शिक्षा में निहितार्थ इस प्रकार है:-

संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन सिद्धान्तों का अध्यापक शिक्षा में निहितार्थ सुझाव-

1. **उत्पाद तथा सेवा के उद्देश्य के प्रति सुसंगति का निर्माण करके, प्रतिस्पर्द्धा करते हुए, व्यवस्था में टिके रहकर,**

कार्य देते रहना-संस्थाओं को ज्ञान के विस्फोट तथा अधिगम की शैलियों में परिवर्तन को देखते हुए, लगातार सुधार करते रहना चाहिए। संस्थाओं को दीर्घ एवं मध्य अवधि के विकासशील परिप्रेक्ष्य के अनुसार विकास की दिशा में बढ़ते रहना चाहिए।

2. **नए दर्शन को स्वीकार करें**-गुणवत्ता की यात्रा निरंतर चलती रहती है, इसे संस्था के सेवा-लक्ष्य का अंग बना लें। नए दर्शन को स्वीकार करके छात्र अध्यापक के सर्वांगीण विकास संबंधी उपागम को अपनाएं, यथा सीखने के चार स्तंभों पर शिक्षा का निर्माण।

3. **सामूहिक निरीक्षण द्वारा गुणवत्ता प्राप्ति पर निर्भर न रहें**-शिक्षा संस्थाओं में गुणवत्ता प्राप्ति के लिए सामूहिक रूप से निरीक्षण द्वारा गुणवत्ता प्राप्ति पर निर्भर न रहें और बाहरी निरीक्षण के स्थान पर गुणवत्ता आश्वासन तथा आंतरिक मूल्यांकन कार्य-प्रणाली को अपनायें।

4. **कीमतों के आधार पर व्यवसाय देना समाप्त करें**-सबसे अच्छे शिक्षकों तथा शिक्षण संसाधनों के विकल्प को सबसे कम कीमत के अनुसार नहीं, योग्यता-क्षमता के अनुसार स्वीकार करें।

5. उत्पादन एवं सेवा में स्थिर एवं सतत्-सुधार द्वारा गुणवत्ता एवं उत्पादकता में सुधार लाकर स्थिर रूप से लागत में कमी लाएँ।

   स्थिर रूप से, शिक्षण, छात्र आकलन और प्रबंधन में सुधार लाकर गुणवत्ता बढ़ाएँ और अपव्यय घटाकर लागत में कमी लाएँ।

6. **सेवाकालीन प्रशिक्षण दें**-अध्यापकों के लिए संस्था में ही सेवाकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था करें।

7. **नेतृत्व संस्थापित करें**-उत्तरदायित्व एवं प्राधिकार विकेंद्रित करके अध्यापकों में नेतृत्व संस्थापित करें।

8. **भय को भगा दें ताकि प्रत्येक अध्यापक प्रभावी ढंग से कार्य कर सके**-इसके लिए शिक्षकों को नवाचार के लिए उत्साहित करें, उन्हें सुरक्षा तथा असफलता के अधिकार के प्रति आश्वस्त करें, समान रूप से सफलताओं एवं नवाचार के प्रयोगों की असफलताओं को भी सम्मान प्रदान करें।

9. **विभागों के बीच की बाधाओं को तोड़ दें**--संस्थाओं में अंतर्विद्यापरक उपागम को अपनाकर अन्तर विषय शास्त्रीय कार्यदलों का गठन करें अंतर-विभागीय गतिविधियाँ आयोजित करें।

10. **कार्य भली भांति करने के लिए बना अधिक श्रमशक्ति एवं बेहतर कार्य पद्धति के उत्पादकता के नए स्तर प्राप्त करने के लिए नारे, उद्बोधन और लक्ष्य-निर्धारण से दूर रखें**-अध्यापक शिक्षा में उपदेश और नारों को तिलांजलि दे दें। उसके स्थान पर गुणवत्ता सुधार के लिए प्रत्येक को उपयुक्त प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि वे अपना कार्य पहले की अपेक्षा कुछ उत्तम ढंग से कर सकें।

11. **जिन कार्य-मानकों में संख्यात्मक नियतांश (कोटा) दिए गए हों, उन्हें निकाल बाहर करे**-अध्यापक शिक्षा में संख्यात्मक कोटा पर कम जोर दें। अध्यापकों के नामांकन और प्रत्येक गतिविधि में गुणात्मक चेतना का निर्माण करें।

12. **उन बाधाओं के बंधन हटा दें, जो व्यक्तियों द्वारा अपनी कार्य कुशलता के लिए गर्व करने के अधिकार का हनन करते हैं**-अध्यापक शिक्षण कार्य में नव-प्रवर्तन तथा विलक्षणता को प्रोत्साहन तथा मान्यता प्रदान करें तथा मार्ग के अवरोधों को हटाकर नए प्रयोगों के लिए सुविधाएं प्रदान करें।

13. **शिक्षा तथा आत्म-सुधार का प्रबल कार्यक्रम संस्थापित करें**-संस्था में ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करें, जिससे प्रत्येक अध्यापक अपने विकास का पथ-निर्माण और अपने लक्ष्य प्राप्त करने की विधि का सृजन स्वयं कर सके।

14. **संस्था के प्रत्येक कार्मिक को इस तरह काम बांटें कि वह स्वयं अपना रूपांतरण कर सके**-संस्था के प्रत्येक अध्यापक को नवाचारी परिकल्पना, सेवा एवं कार्यों के लक्ष्य निर्धारण में सहभागिता प्रदान करें, प्रत्येक को संस्था की त्रुटियां पहचानने, योजना बनाने और सुधार कार्यक्रमों के कार्यक्रमों के कार्यपालन में शामिल करें।

अध्यापक शिक्षा हेतु सुझावः

प्रबंधकों के लिएः

- छात्र-अध्यापक एवं सेवारत अध्यापकों का अनुपात उचित मात्रा में होना चाहिए।
- गुणवत्ता की कसौटी निश्चित की जाये।
- प्रबंधन तंत्र में सक्रियता को बढ़ाया जाए।
- भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उचित व्यवस्था की जाए।
- विद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की स्थापना की जाए।
- सतत् सुधार के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। कार्यालयी कार्य के लिए कार्यालय सहासक को अतिरिक्त धनराशि दी जाये।
- कार्यालयी कार्य के लिए कार्यालय सहायक को अतिरिक्त धनराशि दी जाये।
- विद्यालय में पर्यवेक्षण की उचित व्यवस्था की जाए।

- विभागीय व्यक्तियों में तालमेल एवं समन्वय स्थापित किया जाए।
- सलाह व सहायता के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाए
- सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों के कार्यों का उचित बंटवारा किया जाए।
- संगठन के सभी सदस्यों की भागीदारी होनी चाहिए।
- अपव्यय एवं अवरोधन की रोकथाम की जाए।

अध्यापकों के लिए:

- छात्रों एवं अध्यापकों का अनुपात नियमानुसार होना चाहिए।
- शिक्षा अनुदेशन हेतु अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण सुविधा प्रदान की जाए।
- उचित साधन, सुविधा, वेतन तथा आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
- शिक्षण जिम्मेदारी को ध्यान में रखकर कार्यभार सौंपा जाए।
- नवाचार अनुकूलन व रचानात्मक परिवर्तन का अधिकार दिया जाए।
- संख्यात्मक के स्थान पर गुणात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए।
- विद्यालय में क्रियात्मक अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया जाए।
- अतिरिक्त समय देने पर अतिरिक्त राशि की व्यवस्था की जाए।
- अध्यापकों का केंद्र, राज्य, जिला तथा राज्य स्तरों पर सम्मान एवं पुरस्कार योजना लागू किया जाए।

- अध्यापकों की कार्यकुशलता, कर्त्तव्यनिष्ठा हेतु उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

छात्र-अध्यापक के लिए:

- शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत सभी सुविधाएं उचित समय पर उपलब्धा कराई जाएं।
- छात्रों को सत्र प्रारंभ होने के तुरंत बाद ही सत्रीय प्रशिक्षण संबंधी जानकारी उचित समय से उपलब्ध कराई जाए।
- समस्त शिक्षण अधिगम सामग्री मातृभाषा में उपलब्ध कराई जाए।
- विद्यालय में छात्रों को निर्देशन एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
- छात्रों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

समाज और समुदाय के लिए:

- समुदाय विशेष में शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी में शामिल किया जाए।
- अध्यापक शिक्षा के बारे में समाज और समुदाय के सम्मुख लक्ष्य और उद्देश्य की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए।
- महिला शिक्षा के प्रति सभी को जागृत किया जाए तथा इनके विशेष शिक्षण की व्यवस्था की जाए।
- ग्रामीण स्तर पर समाज के प्रमुख व्यक्तियों को भी अनिवार्य शिक्षा में सहभागी बनाया जाये।
- सरकारी सुविधाएँ समाज समुदाय द्वारा सीधे व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जायें।

- अध्यापक कार्यकर्ता के रूप में जो भी व्यक्ति कार्य करें, उसे उचित धनराशि और सम्मान एवं पुरस्कार दिया।

अन्य सुझाव :

(1) अध्यापक शिक्षा में उनके हितों को ध्यान में रखकर गतिविधियाँ की जायें।

(2) सम्पूर्ण अध्यापक शिक्षा व्यवस्था सतत् सुधार पर आधारित होनी चाहिए।

(3) सेवारत अध्यापकों के लिए सुधारात्मक गुणवत्ता कार्यक्रम बनाये जायें।

(4) आवश्कतानुसार अतिरिक्त मानवीय एवं भौतिक संसाधन उपलब्ध कराये जायें।

(5) विविध प्रकार की बजटों की व्यवस्था की जाये, जो अध्यापक शिक्षा की आश्यकतानुसार हों।

(6) सूचना एवं तकनीकी सेवा की सहायता से अध्यापकों एवं अभिभावकों को सम्पर्क सुविधा हो और मिलकर समस्या का समाधान निकाला जाये।

(7) अध्यापकों का शिक्षण मानदेय तथा वेतन वृद्धि की जाये।

(8) अध्यापकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

(9) अध्यापकों को गुणवत्ता कार्यनीति, मूल्यांकन व्यवस्था स्पष्ट होना चाहिए।

(10) अध्यापकों के लिए सतत् गुणवत्ता सुधार योजना होनी चाहिए।

(11) अध्यापकों के लिए दीर्घकालीन योजनाएँ बनाई जायें।

(12) अध्यापक संगठन के सभी कर्मचारियों को भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

(13) अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता कायम रखना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है, इस हेतु गोष्ठी, संगोष्ठी, कार्यशाला तथा समय-समय पर वार्तालाप आयोजित किये जाने चाहिए।

अंत में कह सकते हैं कि अध्यापक शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता लाने हेतु शैक्षिक संस्थाओं, शिक्षाविदों, समाज, समुदाय, सरकार एवं इससे जुड़े व्यक्तियों को एकजुट होकर आगे आना होगा, तभी इस गुणवत्ता को कायम रखा जा सकता है।

संदर्भ

1. प्रो. मर्मर मुखोपाध्याय (2002)-शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली
2. एन. सी. ई. आर. टी. (1998)-गुणात्मक विद्यालय शिक्षा हेतु दक्षता आधारित प्रतिबद्धता उन्मुख अध्यापक शिक्षा, एन. सी. ई. आर. टी. दस्तावेज, नई दिल्ली
3. जीत-बी. योगेन्द्र (2002)-शिक्षा में नवाचार एवं नवीन प्रवृत्तियां, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा
4. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार (1986)-राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नई दिल्ली
5. शुक्ल, रमाशंकर(1989)-शिक्षक-शिक्षा दशा एवं दिशा, अक्षत प्रकाशन, उदयपुर, (राज.)
6. ओड, एल. के. (1998)-शिक्षा में नूतन आयाम, हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपूर (राज.)
7. शर्मा, आर. ए. (1993)-- अध्यापक शिक्षा, लायल बुक डिपो, मेरठ
8. शर्मा, देव दत्त-- शैक्षिक प्रबंधन के मूल तत्व, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा

अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता

–डॉ. विमलेश शर्मा
सहायक आचार्य, शिक्षा शास्त्र विभाग, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं यह विकास की प्रक्रिया है, निरन्तर चलायमान है मनुष्य प्रत्येक परिस्थिति में कुछ न कुछ अवश्य सीखता है। शिक्षा मनुष्य का सर्वतोन्मुखी विकास करती है एवं समाज के समस्त विकास की आधारशिला भी है, यह शिक्षा मानव का निर्माण कर उसे व्यवहार योग्य भी बनाती है। शिक्षा के माध्यम से ही अर्न्तनिहित गुणों का विकास संभव है इस विकास के लिए विद्यालय जो लघु समाज का प्रतिबिम्ब है इस प्रकार का वातावरण प्रस्तुत करते हैं जहाँ राष्ट्र के भविष्य का निर्माण होता है इस निर्माण कार्य को सुस्थिर दिशा प्रदान करने का कार्य शिक्षकों को है जो इस दायित्व का निर्वाह अति को सरलता से करते हैं इसी निर्माण कार्य हेतु शिक्षकों को ब्रह्मा, विष्णु महेश के सदृश माना जाता हैं–

गुरूब्रह्मा, गुरूविष्णुः, गुरूदेवो महेश्वरः।
गुरू साक्षात्परम् ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।

अध्यापक प्रदत्त शिक्षा व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता का अनिवार्य अंग हैं। एच.सी.वेल ने भी कहा है कि "अध्यापक इतिहास निर्माता है राष्ट्र का इतिहास विद्यालयों में लिखा जाता है और विद्यालय अध्यापकों की गुणवत्ता से भिन्न नहीं हो सकते हैं"।

प्रो. दौलतराम कोठारी आयोग 1964–66 के अनुसार–"भारत के भाग्य का निर्माण उसकी कक्षाओं में हो रहा है।"

यह सर्वमान्य तथ्य है कि दिन प्रतिदिन तीव्रता के साथ ज्ञान में वृद्धि होती जा रही है। प्रत्येक क्षेत्र में नये विचार, तथ्य, सिद्धान्त, नियम,

विधियों तथा तकनीकी आदि का समावेश सूचनाओं के क्षेत्र को विस्तृत कर रहा है। स्वाभाविक है अध्यापक शिक्षा का कार्यक्रम भी इससे अछूता नहीं हीं जो कि एक व्यावसायक के रूप में भी स्वीकार किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य–

Teacher Education aims at providing knowledge, understanding theories, principles laws, facts and other regarding teaching activity to the perspective teachers, such as.

1. सेवापूर्व अध्यापक–

Progres of transfaration of lay persons into competents and committed professional education.

2. सेवारत् अध्यापक–

Refers to a need based continuing education for teachers already on the job to update and enrich their professional competenejes, strength their commitment and enhance their professional performes in the classroom.

These teachers& Pre service and inservice go into the field apply the given knowledge in thier real professional life.

प्रस्तुत लेख अध्यापक-शिक्षा की गुणवत्ता को पाँच स्तम्भों-उत्पाद Product, प्रक्रिया Process, संस्था Organization, नेतृत्व Leadership तथा समर्पण Commitment के सन्दर्भ में प्रस्तुत करता है–

''अध्यापक ही गुणवत्ता का आधार है।'' जब हम गुणवत्ता की चर्चा करते हैं। तब गुणवत्ता से तात्पर्य - किसी वस्तु को कोई कितनी महत्व देता है यह उस वस्तु की गुणवत्ता मानी जाती है। Quality is the value of some thing by someone,.

अध्यापक शिक्षा के सन्दर्भ गुणवत्ता का अर्थ-प्रभावशाली अध्यापक तैयार करना से है। प्रभावशाली सापेक्ष शब्द है। इसीलिए प्रभावशीलता का मापदण्ड बदलता रहता है। अध्यापक प्रभावशीलता के मानदण्ड-योग्यता, प्रक्रिया तथा उत्पांद से है। अध्यापक शिक्षा का प्रत्यक्ष सम्बन्ध प्रक्रिया

(शिक्षण) की प्रभावशीलता से है कि छात्रों में शिक्षण की दक्षताओं, क्षमताओं का विकास करना जिससे वे शिक्षण में सक्षम हो सके। अध्यापक शब्द व्यापक है। शिक्षक की समाज में अहम् भूमिका सुनिश्चित-होती है। समाज, राष्ट्र के सन्दर्भ में अध्यापक को गुरु से सम्बोधित किया जाता है।

A Guru is the one who stimulate the thought process of wisher discaible and direct him towards the path righteousness.

अध्यापक से तात्पर्य–शिक्षण-क्रियाओं तथा सम्बन्धी कार्यक्रमों का संचालन सम्पादन प्रभावशाली ढंग से करने से है।

अध्यापक शिक्षा के सन्दर्भ में–छात्राध्यापकों में व्यवहार परिवर्तन हेतु शिक्षण-क्रियाओं तथा कार्यक्रमों निष्पादन की दक्षता विकसित करने से है।

शिक्षा का अर्थ–शिक्षण का प्रशिक्षण से है जिसके द्वारा छात्राध्यापकों में शिक्षण-क्रियाओं एवं कौशलों का विकास करना है जिससे कक्षा में पाठ्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।

इस प्रकार अध्यापक-शिक्षा की गुणवत्ता से तात्पर्य - कक्षा-शिक्षण को प्रभावशाली बनाने से है अर्थात्-पाठ्यवस्तु प्रस्तुतीकरण, अनुदेशनात्मक प्रक्रिया पर अवलोकन कर छांत्राध्यापकों में कक्षा-शिक्षण कुशलता एवं दक्षताओं तथा संज्ञानात्मक भावात्मक, क्रियात्मक गुणों का विकास किया जा सके।

अध्यापक-शिक्षा की गुणवत्ता के पाँच स्तम्भ बताये गये हैं जो इस प्रकार से हैं-

* उत्पाद – Product
* प्रक्रिया – Teaching & Learning
* संस्था – Organization

* नेतृत्व - Leadership
* समर्पण - Commitment

संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है-

1. उत्पाद-Product

किसी भी संस्था का केन्द्रबिन्दु है। जिससे उद्देश्य प्राप्ति एवं उपलब्धि के ग्राफ तक पहुंचा जाता हैं। अर्थात् छात्र अध्यापकों रूपी उत्पाद को इस प्रकार का प्रशिक्षण देना जिससे उनमें अपेक्षित योग्यताओं दक्षताओं तथा कौशलों का विकास किया जा सके।

2. प्रक्रिया-Teaching Learning Process

किसी भी उत्पाद मे गुणवत्ता प्रक्रिया की गुणवत्ता बिना असंभव है। अध्यापक शिक्षा के सन्दर्भ में प्रक्रिया से तात्पर्य- कक्षा-शिक्षण को जो अधिगम से सम्बन्धित होती है। अध्यापक-प्राध्यापक प्रक्रिया के लिए असंख्य शिक्षण प्रक्रिया-विधियों का प्रयोग छात्रों के व्यवहार परिवर्तन रूपी अधिगम के लिए करता है।

- परम्परागत शिक्षण-विधियों के अन्तर्गत व्याख्यान, पुस्तक, श्यामपट्ट, चॉक, ओ.एच.पी.। P.Chaug प्रशिक्षण-सूचनाओं का प्रवाह, व्याख्यान आधारित सामग्री, सिद्धान्तों पर अधिक महत्व, रटने पर बल, परम्परागत-शिक्षण के अन्तर्गत अध्यापक-प्राध्यापक कक्षा शिक्षण अधिगम वातावरण का नियन्त्रक होता है।

  लेकिन शिक्षण विधियों का परिदृश्य छात्र केन्द्रित अधिगम पर अधिक बल दिया जा रहा है।

- आधुनिक शिक्षण-विधियों के अन्तर्गत अध्यापक-प्राध्यापक केवल निर्देशक का कार्य करता है। छात्रों को व्यक्तिगत गति से सीखने, सक्रिय अधिगम, सहयोगात्मक एवं प्रतिस्पर्धात्मक होता है। उदाहरण

*** ई-अधिगम-**

संगणक एवं, नेटवर्क पर ज्ञान, कौशलों का हस्तांरण से शिक्षण स्तरों में वृद्धि, शिक्षण पर अधिक बल, समय एवं धन की बचत तथा ऑन लाइन अधिगम से छात्रों का सम्पर्क रहता है।

*** एम-अधिगम-**

एक ऐसा अधिगम हैं जो छात्रों को मोबाइल तकनीकी द्वारा सीखने के असंख्य अवसर प्रदान करता हैं।

– सतत् सम्प्रेषण

– शैक्षिक उदाहरणों की अधिकता

– कक्षा में वायर लैस पूलिंग

– शिक्षण-अभ्यास नवाचार युक्त

– सहयोगात्मक प्रवृत्ति

– ठोस सम्प्रेषण

– शिक्षण-अधिगम वातावरण उत्तम

ई-अधिगम तथा एम-अधिगम जैसी आधुनिक शिक्षण-विधियाँ छात्रों को सीखने के लिये विस्तृत प्लेटफार्म प्रदान करती हैं।

3. संस्था-Organization

अध्यापक-शिक्षा के सन्दर्भ में प्रक्रिया (शिक्षण) में गुणवत्ता संस्था के बिना असंभव है। अर्थात् कक्षा-शिक्षण प्रक्रिया का नियोजन, संचालन ही संस्था की प्रगति है।

4. नेतृत्व-Leadership

कुशल प्रशासक के बिना संस्था अर्थहीन है। अर्थात् प्रशासक के सही नियोजन, संगठन, संचालन से शैक्षिक एवं प्रशासनिक कार्य कुशलतापूर्वक एवं कर्त्तव्य-निष्ठा द्वारा सम्पन्न कर संस्था को उन्नति के

शिखर पर खड़ी होती हैं।

5. समर्पण-Commitment

शक्तिशाली, मजबूत समर्पण सभी के लिए आवश्यक है। इसका दायित्व सबसे अधिक शिक्षकों को जाता हैं।

Commitment refers to an internal resolve to carryout a benevolent act at any cost, Better to wear out than to rust out.

– शिक्षण व्यवसाय के प्रति समर्पण

– अधिगमकर्ता के प्रति समर्पण

– समाज के प्रति समर्पण

– अस्तित्व के प्रति समर्पण

– मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण

अध्यापक के समर्पण के साथ सम्मिलित हैं बहुआयामी दक्षताएँ–

दक्षता से तात्पर्य–सशक्तिकरण का वह तत्व जो शिक्षा को प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जाता हैं।

Competency is an element of empowerment acquired through the process of education.

Quality of education is the aequistion of competeny of the mastery level.

अध्यापक को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के नियोजन में, संचालन में निम्न दक्षताओं का उपयोग किया जाना चाहिए–

– शिक्षा के प्रति विस्तृत दृष्टि

– पाठ्यवस्तु का समग्र स्वरूप

– पाठयसहगामी क्रियाओं विषयक दक्षता

– सामान्य, विषयी, स्तरानुकूल दक्षताओं का क्रियान्वन–

* शिक्षक निर्देशित अधिगम

* अन्तः सम्बन्धित अधिगम

* स्वतः अधिगम

– शैक्षिक क्रियाकलाप

– अधिगम सम्बन्धी शिक्षण–सामग्री

– गुणवत्ता–प्रबन्धन दक्षता

– सतत्, व्यापक मूल्यांकन दक्षता

– अभिभावक परामश दक्षता

– समाज आधारित दक्षता

कुशल अध्यापक के रूप में शिक्षण की प्रभावशीलता शिक्षक की योग्यता दक्षताओं तथा समर्पण पर केन्द्रित होती है। क्योंकि अध्यापक शिक्षा ज्ञान एवं कौशल केन्द्रित है यह कार्यक्रम में असंख्य विषयों–इतिहास, मानवशास्त्र समाजशास्त्र, विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शन से जोड़कर एक सूत्र में बंध जाता है अध्यापक प्रशिक्षण एक अनुभव है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति में स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाता हैं जिससे वह अपना कार्य पूर्ण रूप से कर सके। प्रशिक्षण के अन्तर्गत कौशल परिवर्तन, ज्ञान अभिवृत्ति तथा सामाजिक व्यवहार को समाहित किया जाना चाहिए।

अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता हेतु सुझाव–

– अध्यापक की जवावदेही सुनिश्चित हो P.Chang अध्यापक प्रतिबद्धता अनिवार्य रूप से छात्र कल्याण के प्रति होनी चाहिए।

– अध्यापकों की स्वयं की आचार–संहिता होनी चाहिए जिससे वह व्यवसाय के साथ न्याय कर सकें।

– शिक्षण व्यवहार को आंकलन हेतु मानकों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

– अध्यापकों की जागरूकता सामाजिक सामुदायिक सहभागिता के प्रति सुनिश्चित होनी चाहिए।

– अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर शोध कार्य किया जाना चाहिए। P.Chang अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता का प्रबन्धन हेतु बुनियादी प्रश्नों क्या, क्यों, कौन-कौन, कैसे तथा कोई अपेक्षा रूपी आशा में सामांजस्य स्थापित होना चाहिए।

– अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिकता का सामांजस्य अनुभवों एवं परिस्थितियों के आधार पर होना चाहिए।

– अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता हेतु नवाचार युक्त शिक्षण-विधियाँ जो कि अधिगमकर्ता केन्द्रित होनी चाहिए।

– आज समस्त विश्व कक्षा में आ जाता है। The world comes into the class, ई-अधिगम एवं एम अधिगम के माध्यम से शिक्षक छात्रों को असंख्य तत्वों को समझा सकते हैं।

– शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षण की व्यवस्था से भी छात्रों को सीखने के अवसर प्रदान करता हैं।

– सामुदायिक अनुभवों का ज्ञान भी छात्रों के हित में होता है जिससे वे वास्तविकता को समझ सके।

अन्त में यही कहा जाता है कि अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता-शक्तिशाली अध्यापकों की दक्षताओं तथा समर्पण पर निर्भर करती है। गुणवत्ता के स्तम्भ-उत्पाद, प्रक्रिया, संस्था, नेतृत्व शिक्षकों के समर्पण स्तम्भ पर स्थित होता है क्योंकि एक स्तम्भ दूसरे के बिना अधूरा हैं। सभी सामांजस्य अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम को गुणवत्ता प्रदान करता है। इसमें कोई सन्देह नहीं।

संदर्भ–

* Gage N.L. (1983) "Hand book of Researeh on Teaching"
* MC Nalley Co, New York
* Huntere (1999) "Encounter in the class room-New way of teaching Holt Rinehart Wunstavi 1nc New York.
* Mukhopadhy M. (200) "Total Quality Management" sage publication ND
* Bihist S. (2011) "Quality Management in Teacher-Education" Kiran Book service. New Delhi.
* Goel (2011) "Educational Administration and Management" Kiran Book service, ND
* शर्मा आर.ए. (2011) ''अध्यापक शिक्षा'' लायल बुक डिपो मेरठ उ. प्रदेश
* भट्टाचार्य (2011) ''अध्यापक शिक्षा'' दरियागंज, नई दिल्ली
* अज्ञात (2011) ''अध्यापक शिक्षा–पत्रिका'' Vol-VI, No-II नई दिल्ली
* चौरसिया (2002) ''शिक्षण का चमत्कार पत्रिका'' Vol-2 भारत सरकार, नई दिल्ली

अध्यापक शिक्षा में व्यावसायिक आचार

–डॉ. मनीषा तनेजा पाहुजा
अतिथि व्याख्याता, शिक्षा शास्त्र विभाग, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

कुछ दिन पहले मैंने एक प्रसिद्ध समाचारपत्र में पढ़ा था कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करने वाला राष्ट्रीय आयोग (NCPCR) जल्द ही उन अध्यापकों के लिए कार्यवाही करने का प्रावधान करेगा जो बच्चों से उनके रंग, लिंग, धर्म और जाति आदि के आधार पर भेदभाव करते हैं। पढ़कर हैरानी हुई कि शिक्षक जो कि समाज को सही–गलत की पहचान करवाता है, जो समाज को बदलने की ताकत रखता है, जो शिक्षा की बात करता है। शिक्षा जो कि अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाती है वह शिक्षक अंधविश्वास की बात कैसे कर सकता है? उस समाचार में फरवरी 2010 में कोलकाता के 13 वर्षीय छात्र रोवनजित रावला की आत्महत्या की बात को मुख्य कारण बताया गया। रोवनजित ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि उसे बेंत से बुरी तरह से अध्यापक द्वारा पीटा गया था। इस समाचार ने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि एक अध्यापक की भी तो कुछ सीमाएँ होती हैं। प्रत्येक व्यवसाय की कुछ आचार–संहिता होती है। अध्यापकों को भी तो कुछ आचार–संहिता का पालन करना होता है तथा अध्यापक की यह आचार–संहिता छात्रों, अभिभावकों तथा साथी अध्यापकों के प्रति भी होती है।

किसी भी व्यावसायिक समुदाय द्वारा कुछ मानकों का समूह निश्चित किया जाता है जिन्हें व्यावसायिक आचार की संज्ञा प्रदान की गई है। इन्हें आचार संहिता (code of ethies) भी कहा जाता है। ये हमें बताते हैं कि व्यवसाय में हमारे दायरे कहाँ तक हैं अर्थात् हमें किन सीमाओं में रहकर कार्य करना है। यह आचार उपागम (Ethical Approach) निम्न घटकों से मिलकर बनता है–

1. **ईमानदारी** (Honesty)—हमें अपने व्यवसाय के प्रति ईमानदार होना चाहिए।
2. **पूर्णता** (Integrity)—अपने व्यवसाय में प्रत्येक कार्य हमें पूर्णता से करना चाहिए।
3. **पारदर्शिता** (Transparency)—हमारे द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता होनी चाहिए। सब कुछ बिल्कुल साफ और स्पष्ट होना चाहिए।
4. **जवाबदेही** (Accountability)—जो भी कार्य हमारे द्वारा किए जाए हमें उसके प्रति पूर्ण रूप से उत्तरदायी होना चाहिए।
5. **गोपनीयता** (Confidentiality)—जहाँ आवश्यक हो वहाँ गोपनीयता बनाए रखना भी बहुत आवश्यक है। अन्यों का आदर करना व्यवसाय की माँग है।
6. **वस्तुनिष्ठता** (Objectivity)—कार्य में वस्तुनिष्ठता होना बहुत आवश्यक है। आत्मनिष्ठ भाव ईमानदारी का लक्षण नहीं है।
7. **आदरपूर्णता** (Respectfulness)—किसी भी व्यवसाय में आदरपूर्ण भावना की बहुत आवश्यकता है।
8. **नियम बद्धता** (Within the law)—व्यवसाय नियम के भीतर रहकर कार्य करना सिखाता है।

अध्यापकों के लिए व्यावसायिक आचार संहिता (Code of Professional Ethics) उन्हें छात्रों, अभिभावकों, साथी अध्यापकों तथा समुदाय के लिए कर्त्तव्यों के सिद्धान्त का एक ढाँचा (Framework) प्रदान करता है। अध्यापकों के मध्य व्यवसायीकरण (Professionalism) को सुरक्षित (ensure) करने के लिए आवश्यक है कि अध्यापन व्यवसाय में नीतिगत सिद्धान्तों की जागरूकता को बढ़ाना।

छात्रों के प्रति अध्यापकों के कर्त्तव्य

1. निष्पक्ष (Impartial)—अध्यापक का कर्त्तव्य है कि वह छात्रों को शिक्षा प्रदान करते समय उनकी जाति, धर्म, लिंग, आर्थिक परिस्थिति,

भाषा व जन्मस्थान आदि को विशेष महत्त्व न दे। लोकतान्त्रिक सिद्धान्तों, सहनशीलता, सामाजिक न्याय और समानता के लिए अध्यापक के विश्वास छात्रों को इन मूल्यों को सीखने के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करते हैं।

2. छात्र को उसकी शक्ति (Potential) एवं प्रतिभा की अनुभूति करवाने के लिए प्रयास करना–छात्र की शक्ति (Potential) और प्रतिभा को पहचानना अध्यापक का मुख्य उत्तरदायित्व है। अध्यापकों को छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा यथा खेलकूद, संगीत, नृत्य तथा अन्य सृजनात्मक प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें उन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके लिए अध्यापक को पाठ्यक्रम सम्पादन (Curriculum Transaction) में ऐसी शिक्षण विधियों का प्रयोग करना चाहिए जिनसे छात्रों में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकाला जा सके। आज जब शिक्षा छात्र-केन्द्रित हो गई है तो अध्यापक की भूमिका को बदलना होगा। अध्यापक केवल 'ज्ञान प्रदाता' (Knowledge provider) न होकर ज्ञान उत्पादन की परिस्थितियों को उत्पन्न करने वाला अर्थात् सुगमकर्त्ता (Facilitator) होना चाहिए। विभिन्न गतिविधियों एवं परिस्थितियों में यदि छात्रों को सम्मिलित किया जाए तो वे उनमें से नए विचारों एवं उपस्थित विचारों को एकत्रित करके नए ज्ञान की संरचना स्वयं कर लेते हैं। सक्रिय गतिविधियों में सम्मिलित हैं–पूछताछ, अन्वेषण, प्रश्न पूछना, वाद-विवाद, क्रिया (Application) और पुनर्विचार (Reflection).

3. छात्रों की गोपनीयता का अवलम्बन करना–अध्यापक केवल शिक्षण कार्य ही कक्षा में सम्पादित नहीं करता अपितु छात्रों का निर्देशक भी होता है। छात्र कभी-कभी अपने निजी मामलों में भी अध्यापक से निर्देशन प्राप्त करते हैं। यहाँ अध्यापक का उत्तरदायित्व और अधिक बढ़ जाता है। अध्यापक को छात्रों की गोपनीयता को भी बरकरार रखना चाहिए। छात्रों की इस गोपनीय सूचना को छात्रों के अच्छे भविष्य के लिए न्यायपूर्ण ढंग से पूरे उत्साह के साथ बाँटा जा सकता है। सार्वजनिक रूप से ऐसी सूचनाओं की चर्चा करना उसके व्यक्तित्व को तो प्रभावित करेगा ही साथ ही साथ उसके विकास एवम् अभिवृद्धि में भी बाधा उत्पन्न करेगा।

4. शारीरिक दण्ड व सांवेगिक उत्पीड़न से बचना—अध्यापक का यह कर्त्तव्य है कि वह शारीरिक दण्ड व सांवेगिक उत्पीड़न, जिसमें यौन उत्पीड़न भी सम्मिलित है का प्रयोग नहीं करना चाहिए। शारीरिक उत्पीड़न के निशान दिखाई दे सकते हैं परन्तु सांवेगिक उत्पीड़न का बहुत गहरा प्रभाव होता है जो कि पीड़ित के मस्तिष्क में बहुत गहरे निशान छोड़ जाता है। यौन उत्पीड़न जैसे दुष्कर्म में छात्रों के समक्ष अध्यापक की प्रतिष्ठा खराब हो जाती है तथा छात्र एक मानसिक चोट (Emotional Trauma) का शिकार बन जाता है।

अभिभावकों के प्रति अध्यापकों के कर्त्तव्य

1. अभिभावकों के साथ हार्दिक सम्बन्ध स्थापित करना—छात्र को जानने में अध्यापक व अभिभावक के मध्य स्थापित संबंध की गुणवत्ता छात्र व अभिभावकों के मध्य एक अच्छा समझ का वातावरण तैयार कर सकता है। रूकावट के वातावरण में अधिगम प्रभावित हो सकता है। यदि अध्यापक व छात्र के मध्य रूकावट होगी तो अध्यापक छात्र की प्रतिभा को निखार नहीं पाएगा। अतः अध्यापक व छात्र के मध्य सौहार्द्रपूर्ण संबंध होना चाहिए। अधिकतर अध्यापक द्वारा अपने बच्चे की प्रगति के बारे में जानने के लिए अभिभावक उत्सुक रहते हैं। अध्यापक का यह कर्त्तव्य बनता है कि वह छात्र के अच्छे कार्यों को उनके अभिभावकों को बताएँ तथा अभिभावकों के साथ हार्दिक संबंध स्थापित करें।

2. अन्य छात्रों के सामने किसी छात्र को नीचा दिखाना (Lowering Esteem)—अन्य छात्रों के सामने किसी छात्र को नीचा दिखाना भी घातक सिद्ध हो सकता है। अध्यापक को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके अभिभावकों के सामने भी उन्हें नीचा नहीं दिखाना चाहिए। अध्यापक को छात्र के प्रति अवमाननायुक्त कथनों का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। अभिभावकों के समक्ष उनके बच्चे की तुलना अन्य छात्रों से करना भी श्रेयस्कर नहीं क्योंकि प्रत्येक छात्र अपनी गति के अनुसार अधिगम करते हैं। छात्र अपनी रूचि के अनुसार के क्षेत्रों में प्रगति करें ऐसी ही प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

3. छात्रों के मध्य भारत की संयुक्त संस्कृति के लिए आदरभाव विकसित करने का प्रयास करना—अध्यापक का कर्त्तव्य है कि वह भारतदेश की संयुक्त संस्कृति के प्रति आदर भाव रखे। छात्रों के मध्य यह भावना विभिन्न पाठ्य सहगामी क्रियाओं के द्वारा पनपाई जा सकती है। अभिभावकों के साथ भी भेदभाव रहित बातचीत करना ही अधिक उपयुक्त माना जाता है। अतः अध्यापक को भारतीय संस्कृति का आदर करना चाहिए।

साथी अध्यापकों एवं व्यवसाय के प्रति कर्त्तव्य

1. निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए प्रयत्न करना—आज के ज्ञानयुग में प्रत्येक मनुष्य के लिए यह आवश्यक है कि वह जीवन में निरंतर अधिगम करता रहे। अध्यापक को भी जीवनपर्यन्त अधिगमकर्त्ता बनकर रहना चाहिए तथा अपने छात्रों को भी जीवनपर्यन्त अधिगम करने के लिए तैयार करना चाहिए। अध्यापक के लिए भी यह आवश्यक हो जाता है कि वह निरंतर अपने व्यावसायिक विकास के लिए प्रयत्न करे ताकि ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारों तथा शिक्षण क्षेत्रों में प्रयोग होने वाले अध्यापन संबंधी तकनीकी के बारे में नवीन जानकारी प्राप्त कर छात्रों को उनसे लाभान्वित करे। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं, व्यावसायिक जर्नल्स तथा अपने विशिष्ट क्षेत्र की पुस्तकों, शिक्षा के विभिन्न विषयों पर अपने साथी अध्यापकों के साथ चर्चा, सेमिनार, कान्फरेन्सस, वर्कशॉप आदि में सहभागिता, शोध तथा प्रयोग आदि तकनीकों द्वारा अध्यापक अपना व्यावसायिक विकास कर सकता है।

2. उद्देश्यपूर्ण विषयों पर चर्चा—अध्यापकों के लिए यह आवश्यक है कि वे संस्था में शैक्षिक दृष्टि से चर्चाओं का वातावरण उत्पन्न करें। अध्यापक संयुक्त रूप से नियोजित प्रोजेक्ट और कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं तथा ये प्रोजेक्ट छात्रों की उपलब्धि को सुधारने के लिए हो सकते हैं। ये चर्चाएँ अध्यापकों व छात्रों की समस्याओं का सामूहिक हल निष्पक्ष रूप से निकालने वाली हों। इसके अन्तर्गत पाठ्यचर्या संप्रेषण

(Curriculum Transaction), कक्षा प्रबन्धन तथा छात्रों की अधिगम असमर्थी व व्यावहारिक समस्याओं की चर्चा की जा सकती है।

3. अन्य साथी अध्यापकों के प्रति आदरपूर्ण एवं प्रतिष्ठापूर्ण भावना–अध्यापक का यह कर्त्तव्य है कि वह अपने साथी अध्यापकों के प्रति आदरपूर्ण एवं प्रतिष्ठापूर्ण (Dignity) भावना रखे। स्टाफ मीटिंग में सभी अध्यापकों को अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता होती है। परन्तु यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कनिष्ठ अध्यापकों अथवा नए आए अध्यापकों के नए विचारों में भी नवीनता हो सकती है तथा उन्हें भी महत्त्व दिया जाना चाहिए। व्यवसाय की गरिमा इसी में है कि अध्यापक अन्य साथी अध्यापकों से ईर्ष्या न करे। यह भी देखा जाता है कि कुछ अध्यापक अन्य साथी अध्यापकों की शिकायत करते हैं। बिना किसी प्रमाण के ऐसा करना अध्यापक के लिए आचारहीन (Unethical) माना जाता है। यदि कोई अध्यापक किसी छात्र का यौन उत्पीड़न कर रहा है तो ऐसे दुष्कर्मों को देखकर भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। यह भी व्यावसायिक आचार (Professional Ethics) के विरूद्ध माना जाता है। अध्यापकों का यह भी कर्त्तव्य बनता है कि वह अन्य सभी अध्यापकों के बारे में कोई अवमाननायुक्त कथन न दें विशेष रूप से छात्रों, अध्यापकों तथा अभिभावकों के सामने।

4. साथी अध्यापकों तथा विभाग की गोपनीयता का अवलम्बन करना–अध्यापकों को चाहिए कि वह सभी अध्यापकों व विभाग से सम्बन्धित गोपनीय विषयों को छात्रों के सामने प्रकट न करें। यह गोपनीयता अध्यापकों व अभिभावकों के सामने भी प्रकट नहीं की जानी चाहिए।

हम अपने रुग्ण बच्चे को किसी अच्छे अस्पताल में अच्छे डॉक्टर अर्थात् योग्य एवं कुशल (Qualified & Skilled) डॉक्टर को दिखाना अधिक पसंद करते हैं क्योंकि यहाँ जान का सवाल है। अध्यापक भी तो राष्ट्र का वर्तमान तथा भविष्य बनाता है। यह तो डॉक्टर से भी अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य हो गया। जब मेडिकल एसोसिएशन

डॉक्टर को कार्यक्षेत्र में प्रवेश करने से पहले शपथ दिलाती है तो इस दृष्टि से अध्यापक को भी शपथ दिलाई जानी चाहिए। सबसे पहले हमें अध्यापक के रूप में स्वयं को बदलना होगा। मूल्याधारित शिक्षा की सार्थकता तभी होगी जब अध्यापकों के द्वारा मूल्य जीवन में उतारे जाएँ। छात्रों में यह जागरूकता लानी होगी कि अध्यापक को किस दायरे में रहकर शिक्षणकार्य प्रभावशाली ढंग से सम्पन्न करना चाहिए। इसके लिए वर्कशाप का आयोजन किया जाना चाहिए। छात्रों से अभिनय निरूपण (Role Playing) करवा कर भी व्यावसायिक आचारों (Professional Ethics) का अभ्यास कराया जा सकता है। एक और कार्य भी किया जा सकता है वह है 'न कहना' (Say No)। यदि आपके सामने कोई अध्यापक व्यावसायिक आचारों का उल्लंघन कंरे तो उसे न कह दीजिए। यह न कहने वाला छात्र भी हो सकता है और अध्यापक भी। केवल वर्कशाप के आयोजन मात्र से काम नहीं बनेगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई अध्यापक व्यावसायिक आचारों (Professional Ethics) का कितना पालन कर रहा है? इसके लिए छात्रों का फीडबैक लिया जा सकता है। यदि इस बिन्दु को अध्यापकों के प्रमोशन से जोड़ा जाए तो मुझे लगता है कि हम इस चुनौती को कुछ सीमा तक हल करने में सफल हो पाएँगे।

इसका हल NCTE के पास भी है NCTE और All India Federation of School Teachers को एक समिति का गठन करना चाहिए जिसमें शिक्षाविद्, प्राथमिक एवं माध्यमिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के प्रोफेसर्स हों। यह समिति अध्यापकों के लिए भी शपथ का प्रावधान करे तथा शपथ को भंग करने पर अध्यापकों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। जैसे मेडिकल व्यवसाय में शपथ का उल्लंघन करने पर डॉक्टर का लाइसेंस रद्द हो जाता है वैसे ही अध्यापक के साथ भी किया जा सकता है।

अतः अन्त में मेरा सुझाव यही है कि छात्र को यह शिक्षा पूर्व–अध्यापक शिक्षा के दौरान ही दी जानी चाहिए तथा अध्यापकों को अपने उत्तरदायित्व का पूर्ण रूप से निर्वाह करना चाहिए।

अध्यापक शिक्षा : बदलते समय का पाठ्यक्रम

—विकास

शोध छात्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

यह सर्वविदित है कि अध्यापक के लिए विषय का ज्ञान परम आवश्यक है। इसलिए विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों ने विभिन्न स्तर के अध्यापकों के लिए सम्बन्धित विषयों में स्नातक या परास्नातक स्तर के ज्ञान को न्यूनतम योग्यता के रूप में निर्धारित किया है। यह विषय ज्ञान केवल प्राथमिक योग्यता है। केवल विषय ज्ञान होने से कोई व्यक्ति अध्यापक नहीं कहला सकता। अध्यापन कार्य करने के लिए पहला तो शिक्षार्थी का मानसिक स्तर, शरीरिक क्षमता, उसमें होने वाले परिवर्तन, बाल मनोविज्ञान तथा बाल विकास का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक ज्ञान अति आवश्यक है; द्वितीय उन शिक्षण विधियों का ज्ञान जिनके माध्यम से विषय को शिक्षार्थी तक सम्प्रेषित कर सके जिससे कि उनके व्यवहार में अपेक्षित परिवर्तन लाया जाए। अच्छे अध्यापक की तीसरी योग्यता शिक्षण–अधिगम (व्यवहार परिवर्तन) प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं का निवारण सम्यक् रूप से कर सके। एक अच्छे अध्यापक में ये तीन गुण होना अति आवश्यक हैं। ये तीनों अध्यापकीय गुण शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में सीखे जाते हैं। अध्यापकों में इन योग्यताओं को विकसित करने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के पास योजना, उपयुक्त पाठ्यक्रम, एवं उच्चकोटि के कुशल व विशेषज्ञ अध्यापक प्रशिक्षक।

इसमें समय के साथ बदलने वाला तथा उद्देश्यों की प्राप्ति कराने वाले पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण स्थान है। अनेक विश्वविद्यालयों एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में आज भी उसी पाठ्यक्रम का अनुमान किया

जाता है जो पाठ्यक्रम सदी के आरंभ में संवर्द्धित किया गया था। यदि आने वाले 8-10 वर्षों में भी यही पाठ्यक्रम रहा तो कोई प्रशिक्षु अपने अध्यापक पिता के पाठ्यक्रम से ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा होगा। समाज में पूरी एक पीढ़ी का परिवर्तन और अध्यापक प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं। यह न्यायसंगत नहीं और साथ ही समाज को दिग्भ्रमित करने वाला निर्णय भी है। आधुनिक समय के अध्यापक तैयार करने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को समय की माँग के अनुसार अपने पाठ्यक्रम में तकनीकी व नवाचारों का समावेश करना चाहिए।

जिस प्रकार छात्र के व्यवहार में अपेक्षित परिवर्तन लाने के लिए अध्यापक से विशेष पाठ्यक्रम, विशेष तैयारी, विशेष शिक्षण विधियों का चयन, शिक्षार्थी से सकारात्मक-सम्प्रेषण आदि की अपेक्षा की जाती है उसी प्रकार प्रशिक्षु अध्यापकों में सभी अध्यापकोचित गुण विकसित करने, बाल मनोविज्ञान की समझ, विभिन्न शिक्षण विधियों का ज्ञान और उन्हें प्रयोग करने की क्षमता, उनमें सभी शिक्षण कौशलों को विकसित करने एवं उनमें सामंजस्य स्थापित करके (एकीकृत करके) किसी शिक्षण बिन्दु के लिए प्रयोग करने की क्षमता का विकास करने का महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्व प्रशिक्षण संस्थानों का है। उनकी यह जिम्मेदारी भी है कि वह प्रशिक्षु शिक्षकों में यह योग्यता विकसित करें कि वे शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होने पर या शिक्षार्थियों में अपेक्षित अधिगम न होने पर वैज्ञानिक रीति से इसका विश्लेषण करके उपयुक्त उपचार कर सकें।

शिक्षा में मनोवैज्ञानिक परीक्षण–अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में सभी विषयों के प्रायोगिक पक्ष को अत्यधिक महत्व देना चाहिए। शिक्षा मनोविज्ञान के विभिन्न परीक्षण जैसे मानसिक योग्यता परीक्षण, बुद्धि परीक्षण, सृजनात्मकता का परीक्षण व्यक्तित्व परीक्षण, अभिरूचि परीक्षण आदि का पूरा-पूरा अभ्यास करवाना चाहिए। जिससे कि छात्राध्यापकों में पिछड़े बालकों का उपचार करने तथा प्रतिभाशाली

बालकों के लिए समुचित शिक्षण की व्यवस्था करने की योग्यता का विकास हो सके।

शिक्षण विधि—अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे छात्राध्यापकों में शिक्षण विषय और शिक्षण बिन्दु के अनुसार शिक्षण विधि का ज्ञान एवं उनका समुचित प्रयोग करने की योग्यता का विकास हो सके। इसके लिए अभ्यास के लिए पाठ्यक्रम में उचित स्थान देना चाहिए। आजकल विद्यालयी शिक्षा में बहुत परिवर्तन हो चुका है। शिक्षण छात्र-केन्द्रित हो गया है। परन्तु अनेक अध्यापक परम्परागत विधियों व्याख्या विधि, पुस्तक विधि का अधिकाधिक प्रयोग करते हैं। अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में यह अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए कि विभिन्न नवीन शिक्षण विधियाँ (सामूहिक चर्चा, वाद-विवाद) किस प्रकार और कौन-कौन से शिक्षण बिंदुओं के लिए प्रयोग करनी चाहिए जिससे शिक्षण प्रभावी हो सके।

शिक्षण तकनीकी—प्रशिक्षण संस्थानों का यह उत्तरदायत्वि है कि वे प्रशिक्षु अध्यापकों में अपने शिक्षण कार्य व मापन एवं मूल्याकन के लिए तकनीकी का प्रयोग करने की क्षमता विकसित करें। हाल ही में केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि वह भविष्य में छात्रों को इन्टरनेट के माध्यम से पढ़ाने की योजना बना रहा है। प्रथम चरण में 50 विद्यालयों का चयन किया जाएगा। भविष्य में विद्यालयों की संख्या में वृद्धि होगी। इस प्रकार अपने शिक्षण कार्य में तकनीकी के साधनों का कुशलता से प्रयोग करने वाले आध्यापकों की माँग बढ़ेगी। इसलिए अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में शिक्षण तकनीकी के प्रायोगिक पक्ष को अधिकाधिक स्थान देकर इसके मूल्यांकन की उचित व्यवस्था आवश्यक है।

तकनीकी ज्ञान—छात्रों में सर्वांगीण विकास के लिए छात्रों के अभिभावकों और अध्यापकों का मिलन अति आवश्यक है। इससे वे छात्र के व्यवहार में होने वाले परिवर्तन को समझ सकते हैं। छात्र का व्यवहार, समूह बनाने की योग्यता, शैक्षिक उपलब्धि, सामाजिक कार्यों में भागीदारी, सांस्कृतिक कार्यों में सक्रियता, उनकी किसी विशेष योग्यता

के निरीक्षण–परीक्षण के लिए अभिभावक व अध्यापकों का लगातार सम्पर्क बनाए रखना आवश्यक है। अध्यापक विद्यालय समय के अतिरिक्त छात्रों उनके अभिभावकों से सरलता से सम्पर्क स्थापित कर सकें। आधुनिक तकनीकी साधनों से यह कार्य बहुत सरलता से सम्भव है। एक–एक छात्र के अभिभावकों से सम्पर्क करने के लिए उनके घर जाना दु:साध्य कार्य है। इस कार्य के लिए शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षुओं में विभिन्न सामाजिक वेबसाइट को प्रयोग करने की कुशलता का विकास करना चाहिए।

भाषा प्रयोगशाला–भाषा अध्यापकों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाषा प्रयोगशाला का प्रयोग सिखाना तथा छात्रों में भाषाई कौशलों का विकास करने के योग्य बनाना सम्मिलित करना चाहिए। आधुनिक युग में शिक्षा का व्यवसायिकरण हो गया है। जिसके कारण भाषा की शुद्धता पर न तो माता–पिता का ध्यान है और न ही विद्यालय का। ऐसे में छात्रों में भाषाई कौशलों का विकास करना भाषा अध्यापकों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है।

विज्ञान के युग में तकनीकी का विकास उत्तरोत्तर हो रहा है। तकनीकी के नए साधनों तथा सिद्धान्तों का शिक्षा में अनुप्रयोग शिक्षा जगत के लिए वरदान ही है। ओ.एच.पी., एल.सी.डी. प्रोजेक्टर, संगणक, सीसीटीवी कैमरे, रेडियो–टेलीविजन के शैक्षिक कार्यक्रम आदि का अपने शिक्षण कार्य में समुचित प्रयोग करने की योग्यता प्रत्येक अध्यापक में होनी चाहिए। यह समय की माँग है। अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में शिक्षा तकनीकी को अनिवार्य रूप में शामिल करना चाहिए। सत्रांत में परीक्षण के समय शिक्षा तकनीकी को अनिवार्य रूप में शामिल करना चाहिए। सत्रांत में परीक्षण के समय शिक्षा तकनीकी के प्रायोगिक कार्यों को अधिकाधिक महत्व दिया जाना चाहिए। तकनीकी के आधुनिक युग में लगभग प्रत्येक अध्यापक की जेब में रहने वाला मोबाइल फोन शिक्षण में कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मोबाइल फोन में शिक्षण बिंदुओं का एनिमेशन या स्लाइड बनाकर प्रोजेक्टर के माध्यम से स्क्रीन पर दिखाए जा सकते हैं। मोबाइल फोन के ध्वनि यंत्र का प्रयोग करके आदर्श काव्य–पाठ भली–भाँति सिखाया

जा सकता है।

सूक्ष्म शिक्षण—अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में सूक्ष्म शिक्षण के प्रायोगिक पक्ष का अधिकाधिक समावेश करना चाहिए। शिक्षण कौशलों के बिना अध्यापक पंगु है। प्रशिक्षु अध्यापकों में शिक्षण कौशलों को विकसित करने के लिए पुनः पुनः एवं सतत् अभ्यास करवाना चाहिए। यह अभ्यास तब तक करवाना चाहिए जब तक कि सभी प्रशिक्षु अध्यापक सभी शिक्षण कौशलों में पारंगत होकर शिक्षण बिन्दु के अनुसार उनमें संतुलन बनाकर या एकीकृत करके प्रयोग करने में सिद्धहस्त न हो जाएँ। जैसे व्याख्या शिक्षण विधि में व्याख्यान कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टांत कौशल, पुनर्बलन कौशल आदि का समावेश करके प्रभावी शिक्षण करना।

क्रियात्मक अनुसंधान—बदलते हुए समाज में छात्रों की मानसिकता पर भी गहरा प्रभाव-पड़ा। छात्र व छात्रों की मानसिकता बदलने से शिक्षण कार्य में पर्याप्त बाधाएँ आने लगी हैं। शिक्षक को अपने दिन-प्रतिदिन के शिक्षण कार्य में होने वाले व्यवधान के दूर करने के लिए क्रियात्मक अनुसंधान को अनिवार्य रूप से सम्मिलित करके इसके प्रायोगिक पक्ष को अधिकाधिक महत्व देना चाहिए। प्रशिक्षुओं के समक्ष शिक्षणाभ्यास के समय आने वाली समस्याओं का समाधान क्रियात्मक अनुसंधान के माध्यम से करवाना चाहिए। प्रशिक्षुओं में क्रियात्मक अनुसंधान की कुशलता विकसित करने के लिए विशेषज्ञों से मदद लेनी चाहिए। सत्रांत में शिक्षाणाभ्यास के प्रयायोगिक उपलब्धि का मूल्यांकन करते समय किए गए क्रियात्मक अनुसंधान को अधिक से अधिक महत्व देना चाहिए।

निर्देशन एवं परामर्श—आधुनिक महत्वाकांक्षी समाज के बच्चों की शिक्षा में माता-पिता की क्या भूमिका हो सकती है इसका भली-भाँति ज्ञान अध्यापक को होना चाहिए। शिक्षक को यह ज्ञान भी होना चाहिए कि जटिल समाज के माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा में क्या भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षकों में इस योग्यता का विकास करने

के लिए अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में निर्देशन एवं परामर्श का सैद्धान्तिक व प्रायोगिक पक्ष का समुचित समावेश होना चाहिए।

तकनीकी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि अध्यापक अपने प्रशिक्षण के 1-2 वर्ष में पूरी तकनीकी एवं प्रयोग सीख जाए। इसलिए सेवारत अध्यापकों के लिए भी ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करना चाहिए जिससे कि वे अपने शिक्षण को सरल व प्रभावी बना सकें।

इस प्रकार अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में तकनीकी, नवाचार, तथा विभिन्न विषयों के प्रायोगिक पक्ष को सुदृढ़ करके बदलते समय के अनुरूप अध्यापक तैयार कर सकते हैं। समय-समय पर पाठ्यक्रम का पुनरुद्धार होना अति आवश्यक है।

अध्यापक शिक्षा में प्रभाविता एवं गुणवत्ता के आयाम

–ऋषिराज

शोध छात्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

वेदों में कहा गया है– **'ज्ञानं तृतीयं मनुजस्य नेत्रम्'** अर्थात् ज्ञान मनुष्य का तीसरा नेत्र है, जिसका आविर्भाव होने से मनुष्य इस माया–मोह रूपी संसार चक्र के समस्त बन्धनों से मुक्त हो जाता है। ज्ञानरूपी शिक्षा के द्वारा वह अपनी जीवन–यात्रा के रणक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का निवारण करता है। चूँकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, सामाजिक परिवेश में ही वह अपना चहुँमुखी विकास कर सकता है। मनुष्य के इस चहुँमुखी विकास का आधार शिक्षा दार्शनिकों के अनुसार चार प्रकार का संस्कारित ज्ञान है जो निम्नवत् है–

प्रथम संस्कारित ज्ञान - यह ज्ञान वह अपने माता–पिता व कुल के परिजनों से सीखता है।

द्वितीय संस्कारित ज्ञान –इस प्रकार का ज्ञान वह अपने गुरु से प्राप्त करता है।

तृतीय संस्कारित ज्ञान - इस ज्ञान को वह अपने सहपाठी जनों से व वातावरण से सीखता है।

चतुर्थ संस्कारित ज्ञान - इस प्रकार के ज्ञान को वह अपने विवेक और अनुभवों से प्राप्त करता है।

शिक्षा दर्शनिकों का मानना है कि द्वितीय संस्कारित ज्ञान को ही शिक्षक प्रदत्त ज्ञान भी माना जाता है। शिक्षक प्रदत्त ज्ञान को पाने के लिए व्यक्ति अवस्थानुसार गुरुकुलों, मठों, मदरसों व विद्यालयों में प्रवेश लेता

है। शिक्षा दार्शनिकों के अनुसार भारतीय इतिहास का प्रेक्षण करने पर ज्ञात होता है कि वैदिक काल से ही गुरु-शिष्य प्रणाली, अध्यापन-अध्ययन के रूप में चलायमान थी। बौद्धकाल में मोनिटोरियल (कक्षा-नायकीय) पद्धति ने इस शिक्षा को विशेष संबल प्रदान किया है। शिक्षा की इस व्यवस्था को जीवन्त रखने का कार्य अध्यापक ही करता है। प्रसिद्ध शिक्षा मनोवैज्ञानिक **जॉन लॉक** ने भी कहा है कि-**''जिस प्रकार पौधे का विकास कृषि द्वारा, उसी प्रकार मनुष्य का विकास शिक्षा द्वारा ही होता है।''**

अतः कहा जा सकता है कि श्रेष्ठ अध्यापकों के अभाव में सुयोग्य छात्रगण भी वाँछित ज्ञानर्जन में सफल नहीं हो सकते हैं। अच्छी पाठ्यवस्तु भी निपुण अध्यापकों की अनुपस्थिति में प्राणहीन हो जाती है, श्रेष्ठ व निपुण अध्यापक ही छात्रों को वाँछित व्यवहार परिवर्तन में सहायता प्रदान करते हैं तथा उनके सर्वाङ्गीण विकास के पथ पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। पूर्व शिक्षा मन्त्री एम. सी. छागला ने भी कहा था कि - **''प्रशिक्षित एवं योग्य अध्यापकों की सहायता के बिना कोई भी शिक्षा क्रम उन्नति नहीं कर सकता है, योग्य शिक्षकों का देश एक उज्ज्वल भविष्य वाला राष्ट्र होता है।''**

अध्यापकों को सभी आदर्शों का जनक माना जाता है इसलिए जहाँ एक ओर अध्यापक को ज्ञान के किसी एक विशिष्ट क्षेत्र अथवा अनेकों क्षेत्रों में निपुणतम होने की अपेक्षा की जाती है वहीं दूसरी ओर उसे अत्यन्त उच्च नैतिक चरित्र का स्वामी भी माना जाता है। ऋग्वेद में चर्चा मिलती है कि उस समय का अध्यापक बौद्धिक रूझान व श्रेष्ठ बुद्धि से युक्त, अपने विषय में निपुणता प्राप्ति के लिए समर्पित, सदाचरण करने वाला, ब्रह्मचर्य का पालक तथा सर्वोच्च सत्ता के ज्ञान के प्रति लालायित रहता था। उस समय अध्यापक के लिए किसी भी प्रकार के औपचारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं थी तथा न ही अध्यापक बनने वाले व्यक्ति को कोई औपचारिक प्रमाणपत्र देने की प्रथा थी। अच्छे अध्यापकों के सम्पर्क में रहकर छात्र अध्यापन कला का अनौपचारिक

ढंग से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर लेते थे तथा अपने अनुभवों के आधार पर स्वतन्त्र रूप से अध्यापन कार्य करते थे। वैदिक काल के अन्तिम चरण में अध्यापन व्यवसाय पैतृक कार्य बनने लगा था तथा उसके बाद वंशपरम्परागत व्यवसाय के रूप में अनेक सदियों तक ब्राह्मण समुदाय अध्यापन कार्य को करता रहा। परन्तु बौद्धकाल में गैर-ब्राह्मणों के द्वारा अध्यापन कार्य करने के स्पष्ट प्रमाण मिलते हैं।

डा. श्रीधर मुखोपाध्याय ने "भारतीय शिक्षा इतिहास" में इस विषय पर लिखा है-**"आचार्य अथवा गुरु सबसे ऊपर के वर्गों के छात्रो को पढ़ाते थे। ये विद्यार्थी अपने से निम्न वर्ग के छात्रों को सिखाते थे, और वे अपने से नीचे वालों को।"**

यह पद्धति (कक्षा-नायकीय) बुद्धिमान छात्रों को शिक्षण कला सीखने का अवसर प्रदान करती थी तथा इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप में उसी कार्य को करती थी जिसे आधुनिक अध्यापक शिक्षा संस्थाएँ सम्पन्न करती है।

वर्तमान में कुशल अध्यापक तैयार करने के लिए देश में अध्यापक शिक्षा संस्थानों में उत्तरोत्तर वृद्धि होने लगी है। अध्यापक शिक्षा संस्थानों का यह संख्यात्मक विकास अध्यापक शिक्षा के गुणात्मक पक्ष को कमजोर बना रहा है जो राष्ट्र के विकास के लिए एक भयावह समस्या के रूप में हमारे समक्ष उत्पन्न हो रही है। अध्यापक शिक्षा में प्रभाविता व गुणवत्ता के आयाम इससे सम्बद्ध उद्देश्यों के सकारात्मक विकास से प्राप्त किये जा सकते हैं-

1. शिक्षा की दार्शनिक, समाजशास्त्रीय तथा मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि से अवगत कराना।
2. राष्ट्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका का ज्ञान कराना।
3. विषय वस्तु का ज्ञान प्रदान करना।
4. शिक्षण तकनीकों का ज्ञान प्रदान करना।

5. अधिगम मनोविज्ञान का ज्ञान प्रदान करना।
6. शैक्षिक मापन व मूल्यांकन की विभिन्न विधियों व तकनीकों का ज्ञान कराना।
7. छात्र निर्देशन व परामर्श की क्षमता विकसित करना।
8. पाठ्यसहगामी क्रियाओं के आयोजन की योग्यता विकसित करना।
9. विद्यालय व कक्षा प्रबन्ध के आयोजन की योग्यता विकसित करना।
10. शिक्षा की समस्याओं पर विचार विमर्श करने के लिए प्रोत्साहित करना।

उपर्युक्त समस्त उद्देश्यों का समावेशन भावी अध्यापकों के सर्वाङ्गीण विकास में सहायक सिद्ध होगा तभी वह अपने छात्रों के सर्वाङ्गीण विकास में योगदान कर सकेगा। अतः अध्यापक में ज्ञानात्मक पक्ष के साथ-साथ भावात्मक तथा क्रियात्मक पक्ष के विकास के लिए अध्यापक शिक्षा में प्रभावी व गुणात्मक आयामों के लिए अधोलिखित आयोग उत्तरदायी है-

विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग

भारत सरकार ने 1948 में महान् शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948) का गठन किया।

माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-53)

इस आयोग का गठन डॉ. लक्ष्मण स्वामी मुदालियर की अध्यक्षता में किया गया। इसने अध्यापक शिक्षा में प्रभावी व नवीन गुणवत्ता आयामों की संस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं।

कोठारी आयोग (1964-66)

इस आयोग का गठन UGC के अध्यक्ष प्रो. डी. एस. कोठरी की अध्यक्षता में 2 अक्टूबर 1964 को हुआ। इस आयोग ने अपने कार्यानुभव के आधार पर अध्यापक शिक्षा में प्रभाविता व नवीन गुणवत्ता आयामों हेतु कहा कि **''शिक्षकों की व्यावसायिक शिक्षा को प्रभावपूर्ण बनाने के लिए उसे एक ओर विश्वविद्यालयों के साहित्यिक जीवन से और दूसरी ओर विद्यालीय जीवन एवं शिक्षण-सम्बन्धी नवीनतम विचारों के सम्पर्क में लाया जाना परमावश्यक है।''**

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आयोग ने निम्नलिखित संस्तुतियाँ प्रस्तुत की -

*** अध्यापक शिक्षा की पृथकता की उन्नति के दृष्टिकोण से**

- शिक्षा विषय को विश्वविद्यालयों के बी. ए. और एम. ए. पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।
- कुछ विशिष्ट महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में अध्यापक शिक्षा के पाठ्क्रमों के विकास, अध्ययन एवं अनुसन्धान हेतु शिक्षा-विभागों की स्थापना की जानी चाहिए।
- प्रत्येक राज्य में 'अध्यापक शिक्षा राज्य परिषद' (S.C.T.E.) की स्थापना की जानी चाहिए। जिस पर सभी स्तरों के शिक्षकों के प्रशिक्षण का दायित्व डाला जाए।

*** व्यावसायिक शिक्षा की उन्नति के दृष्टिकोण**

- शिक्षण के अभ्यास में गुणात्मक उन्नति का प्रयास किया जाना चाहिए।
- अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के पाठ्क्रमों में विषय सामग्री का इस तरह रूपान्तर किया जाना चाहिए कि प्रशिक्षु अध्यापकों को

विद्यालयों में पढ़ाये जाने वाले विषय के उद्देश्यों, प्रयोजन तथा जटिलताओं का ज्ञान प्राप्त हो सके।

- प्रशिक्षु अध्यापकों हेतु विशिष्ट कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रमों का निर्माण किया जाना चाहिए।

* प्रशिक्षण की अवधि के दृष्टिकोण से

- प्राथमिक विद्यालय के उन अध्यापकों हेतु जिन्होंने सेकेण्ड्री स्कूल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है–प्रशिक्षण की अवधि दो वर्ष की हो।

• माध्यमिक विद्यालय के उन अध्यापकों हेतु जो स्नातक है–प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष हो परन्तु कुछ वर्ष बाद इसे दो वर्ष कर दिया जाना चाहिए।

• शिक्षा में स्नातकोत्तर (एम. एड.) पाठ्यक्रम की अवधि 1½ वर्ष रखी जानी चाहिए।

* प्रशिक्षण संस्थानों की उन्नति के दृष्टिकोण से

- अध्यापक शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अध्यापकों के पास शिक्षा की उपाधि के साथ ही दो स्नातकोत्तर (एम. ए.) उपाधियाँ भी होनी चाहिए।

- अध्यापक शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अध्यापकों में डॉक्टर (पी. एच. डी.) की उपाधियों वाले शिक्षकों की संख्या उचित अनुपात में होनी चाहिए।

- विज्ञान, गणित, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र की शिक्षा देने वाले अध्यापक विशेषज्ञ होने चाहिएँ।

- प्रत्येक अध्यापक शिक्षा संस्था से संलग्न एक प्रयोगात्मक विद्यालय (Experimental School) होना चाहिए।

- अध्यापक शिक्षा संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षु अध्यापकों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क न ले तथा शिक्षा में सहायतार्थ आवास व छात्रवृत्तियों की सुविधा भी प्रदान की जाए।
- अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के पुस्तकालयों व प्रयोगशालाओं में समुचित सुधार किया जाए।

*** प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार**

- अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के आकार में एक निश्चित योजनानुसार पर्याप्त विकास किया जाना चाहिए।
- अल्पकालीन प्रशिक्षण और पत्र व्यवहार द्वारा प्रशिक्षण की सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए।
- इसमें अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अधोलिखित उद्देश्यों की पूर्ति होना आवश्यक माना–

* प्रशिक्षु शिक्षकों में गाँधीवादी मूल्य जैसे–सत्य, अहिंसा, स्वानुशासन, स्वानुभूति, श्रम, निष्ठा आदि का विकास करना।

* सामाजिक परिवर्तन लाने में अध्यापकों की भूमिका का ज्ञान कराना।

* समाज व समुदाय को जोड़ने तथा सामुदायिक जीवन व संसाधनों को विद्यालय से जोड़ने की विधियों से परिचित कराना।

* वातावरणीय संसाधनों का प्रयोग तथा ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना सिखाना।

* छात्रों एवं उनकी समस्याओं के प्रति सकरात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना तथा निर्देश व परामर्श के कौशल विकसित करना।

* विषयवस्तु के नवीनतम ज्ञान तथा पढ़ाने की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना।
* क्रियात्मक अनुसन्धान व गवेषणात्मक प्रोजेक्टों का आयेजन करना सिखाना।
* प्रभावशाली पाठ्यक्रम प्रबन्ध व्यूह रचना बनाना।
* छात्रों के सर्वाङ्गीण विकास में सहायक अवबोध, रुचि, दृष्टिकोण व कौशल विकसित करना।

उपरोक्त आयोगों तथा परिषदों द्वारा अध्यापक शिक्षा में सम्पूर्ण गुणवत्ता हेतु की गई संस्तुतियों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अगर हमें अध्यापक शिक्षा में प्रभाविता व गुणवत्ता आयामों को बनाना है तो आयोगों व परिषद् द्वारा की गई संस्तुतियों को पूर्णरूप से मानक के तौर पर स्थापित किया जाना चाहिए। उसकी गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए अधोलिखित नवीन आयामों की स्थापना करनी पड़ेगी।

अध्यापक शिक्षा का पुनर्गठन

अध्यापक शिक्षा का पुनर्गठन निम्न प्रस्तावों से किया जा सकता है–

- प्रशिक्षण संस्थाओं में विषय समग्री का पुनर्निर्धारण किया जाए।
- शिक्षण एवं मूल्यांकन विधियों में सुधार किया जाए।
- छात्र–शिक्षण की प्रणाली में सुधार किया जाए।
- अध्यापक शिक्षा के सुधार का आधार ऐसे कार्यक्रमों को बनाना है जो अध्यापक को मानवीय गुणों से सम्पन्न व्यक्ति बना सके।
- अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता हेतु उसे विज्ञान व टैक्नोलॉजी के अनुप्रयोग से परिचित कराया जाए।

सन्दर्भः-

1. चोपड़ा, आर. एल., 'अध्यापक शिक्षा', स्वाति पब्लिकेशन्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर
2. पाण्डेय, डॉ. रामशकल, 'भारतीय शिक्षा की समसामयिक समस्याएँ', अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा, तृतीयसंस्करण, 2007-08
3. भटनागर, डॉ. ए. बी. , डॉ. अनुराग, 'भारत में शैक्षिक प्रणाली का विकास', आर. लाल बुक डिपो, मेरठ, संस्करण, 2007
4. भटनागर, सुरेश, वशिष्ठ, डॉ. कमला, सिंह, डॉ. एम. के., 'शैक्षिक प्रबन्ध और शिक्षा की समस्यायें', आर. लाल बुक डिपो, मेरठ, 2007
5. शर्मा, आर. ए., 'अध्यापक शिक्षा', अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा

अध्यापक शिक्षाः कल, आज और कल

–शानू जैन
शोध छात्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

अध्यापक वह है जो विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं तथा योग्यताओं से अवगत कराये, उनके व्यक्तित्व, ज्ञान–कौशलादि के उन्नयन में सहयोगी हो, परिवेश के अनुसार अपने ज्ञान में परिवर्तन तथा सम्वर्धन करता रहे, साथ ही वह अपने अनुभवों को इस प्रकार विद्यार्थी के समक्ष रखे कि वे राष्ट्र के सन्दर्भ में स्वीकृत हो।

ज्ञान युग तथा सूचना–प्रौद्योगिकी के इस काल में सम्पूर्ण विश्व में त्वरित गति से परिवर्तन हुए हैं। अतः अध्यापक शिक्षा के सन्दर्भ में परिवर्तन का आना तो स्वाभाविक सी बात है। अध्यापक शिक्षा को समग्र विद्यालयी शिक्षा का आधार माना जाता है तथा दोनों परस्पर निर्भर भी हैं। National Curriculum framework on Teacher Education 2009 में इस सम्बन्ध में कहा गया है कि "अध्यापक शिक्षा और विद्यालयी शिक्षा में सहजीवी सम्बन्ध है।"[1] दरअसल, हम जैसे Input देगें वैसे ही Outputs प्राप्त होते हैं अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से जैसे अध्यापक तैयार किये जाते हैं विद्यालयी शिक्षा के रूप में वैसी ही Output तथा गुणवत्ता प्राप्त होती है। अतः विद्यालयी शिक्षा में सुधार हेतु अध्यापक शिक्षा में भी सुधार आवश्यक है।

इस बदलते परिदृश्य में अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में क्या–क्या बदलाव तथा परिवर्तन हुए हैं और भविष्य हेतु क्या–क्या सुधार अपेक्षित हैं यह जानना प्रस्तुत पत्र का उद्देश्य है। इस शोध पत्र को मुख्यतः तीन भागों में विभक्त किया गया है:-

1. अध्यापक शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?

2. अध्यापक शिक्षा की वर्तमान स्थिति क्या है तथा

3. अध्यापक शिक्षा का भावी स्वरूप कैसा होना चाहिए?

1. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

यद्यपि शिक्षक-शिक्षा का बीजारोपण 19 वीं शताब्दी में हुआ था उससे पूर्व अध्यापकों के प्रशिक्षण सम्बन्धी विचार स्पष्टतः दृष्टिगोचर नहीं होते तथापि इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में विचार करते समय प्राचीन शिक्षा पर भी दृष्टिपात आवश्यक प्रतीत होता है।

• **वैदिक शिक्षाः-** वैदिक परम्परा में आचार्य तथा उपाध्याय द्वारा अध्यापन कार्य किया जाता था परन्तु अध्यापन हेतु किसी भी औपचारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता अनुभूत नहीं की गई थीं न ही अध्यापकों के लिए किसी प्रमाण-पत्र का प्रचलन था। छात्र गुरुओं के निकट रहकर शिक्षण कला का अप्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त कर लेते थे तथा सहज प्राप्त ज्ञान तथा अनुभव के द्वारा स्वयं अध्यापन कार्य हेतु प्रवृत्त हो जाते थे।

• **बौद्धशिक्षाः-** बौद्ध शिक्षा में सामनेर जब 12 वर्ष के अध्यापन के पश्चात् उपसम्पदा संस्कार ग्रहण करता था तब वह स्थायी रूप से संघ का सदस्य बन जाता था वही भिक्षु उपाध्याय कहलाता था जो नवागन्तुक भिक्षुओं को अध्यापन-कराता था, यहां भी किसी प्रकार के औपचारिक प्रशिक्षण का उल्लेख नहीं मिलता।

• **जैनशिक्षाः-** यद्यपि जैनशिक्षा में 'प्रशिक्षण' शब्द विशेष का प्रयोग नहीं किया गया है तथापि पद हेतु उपयुक्त साधु को 'उपाध्याय'[2] संघ के आचार्य द्वारा द्वादशांग का ज्ञान प्रदान किया जाता था जो कि एक प्रकार की प्रशिक्षण सम्बन्धी क्रिया ही है।

• **मुस्लिम शिक्षा**

मुस्लिम काल में मकतब तथा मदरसों में शिक्षण कार्य होता था।

उस समय कक्षा नायकीय प्रथा (Monitorial System) प्रचलित थी जिसमें अध्यापक योग्य छात्रों को कक्षा अध्यापन का उत्तरदायित्व देता था इस प्रकार छात्रों को अध्यापन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो जाता था।

• ब्रिटिश काल में शिक्षा

ब्रिटिश काल में अध्यापन एक वृत्ति के रूप विकसित होने लगा था। शिक्षा के प्रसार के साथ ही प्रशिक्षित अध्यापकों की मांग बढ़ने लगी। 19 वीं शताब्दी से स्वतंन्त्रता पूर्व तक कुछ प्रयास इस क्षेत्र में हुए जो इस प्रकार हैं:-

* 1819 में Calcutta School Society द्वारा प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण का कार्य प्रारम्भ किया गया।
* 1854 में वुड घोषणा पत्र में भारत के प्रान्तों में प्रशिक्षण विद्यालय खोलने की सिफारिश की गई।
* 1882 हण्टर आयोग के सुझावों के परिणामस्वरूप अनेक प्रशिक्षण विद्यालय तथा महाविद्यालय खोले गये।
* 1904 में लार्ड कर्जन के प्रस्तावों का अध्यापक प्रशिक्षण के विकास पर व्यापक प्रभाव पड़ा।
* 1917 में गठित सैडलर आयोग ने इन्टर तथा बी. ए. में 'शिक्षा' को ऐच्छिक विषय के रूप में प्रारम्भ करने तथा अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षण के सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक ज्ञान पर बल देने की अनुशंसा की।
* 1929 में हर्टाग समिति ने प्राथमिक शिक्षक-प्रशिक्षण तथा अध्यापक के लिए अभिनव पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के सुझाव दिये।
* 1943 में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण अवधि के सम्बन्ध में सुझाव दिये।

* 1944 में सार्जेण्ट रिपोर्ट द्वारा अध्यापक शिक्षा की आवश्यकता अनुभूत की गई।

• स्वतन्त्रता के पश्चात् शिक्षा

स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत में अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में काफी महत्त्वपूर्ण कार्य किये गये यथा:-

* 1948 में राधाकृष्णन् आयोग ने अध्यापन अभ्यास पर बल दिया।
* 1952 में गठित माध्यमिक शिक्षा आयोग ने प्रशिक्षण महाविद्यालयों के साथ प्रदर्शनात्मक विद्यालयों की व्यवस्था करने तथा सेवारत अध्यापक को निःशुल्क प्रशिक्षण देने की सिफारिश की।
* 1964 में कोठारी आयोग ने कहा कि अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु शिक्षकों को बतौर पेशेवर तैयार करना अत्यावश्यक है।
* 1983 में चट्टोपाध्याय समिति ने माध्यमिक तथा प्राथमिक शिक्षा के लिए चार वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम की सिफारिश की।
* 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कहा गया कि अध्यापक शिक्षा एक सतत् प्रक्रिया है तथा सेवापूर्व और सेवारत प्रशिक्षण परस्पर सम्बन्धित हो।
* 1993 में यशपाल समिति में कहा गया कि कार्यक्रम की विषय वस्तु विद्यालयी शिक्षा की प्रासंगिक मांग के अनुसार पुनर्निर्मित की जानी चाहिए।
* 1995 में NCTE द्वारा पूर्वविद्यालयी, प्रारम्भिक तथा माध्यमिक स्तर पर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के मानक तथा स्तर निर्धारित किये।
* 2009 में National Curriculum framework on Teacher Education में अध्यापक शिक्षा के सभी पक्षों पर सुझाव दिये तथा "Humane & Professional Teacher" तैयार करने पर बल दिया।

2. अध्यापक शिक्षा की वर्तमान स्थिति

भारत में अध्यापक शिक्षा को प्रारम्भ हुए लगभग सौ वर्ष से अधिक हो गये, तब से अब तक विभिन्न समितियों तथा आयोगों ने सुझाव, प्रस्ताव तथा सिफारिशें की हालांकि समय-समय पर नयी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया लेकिन इसका प्रभाव अध्यापक शिक्षा पर बहुत कम ही दिखाई दिया।

'राष्ट्रीय फोकस समूह के आधार पत्र' में कहा गया है कि ''बीसवीं सदी के दौरान स्कूल की विभिन्न अवस्थाओं के मद्देनजर जिसे शिक्षकों से पढ़ाने की अपेक्षा की जाती है, इस कार्यक्रम में और अधिक विविधताएं लाई गयीं और उन पर अमल किया गया साथ ही प्रशिक्षण के तरीकों में भी बदलाव किये गये मसलन, प्रशिक्षण के साथ-साथ स्कूल में व्यवहारतः पढ़ाना, पत्राचार व सम्पर्क कार्यक्रम और अब शिक्षक शिक्षा के लिए दूरस्थ शिक्षा वाले कार्यक्रम भी। इन बदलावों के बावजूद इन कार्यक्रमों की मूलभूत विशेषताओं और सैद्धान्तिक आधार में बड़ा बदलाव न के बराबर पाया गया है।''[3]

वस्तुतः अध्यापक शिक्षा की वर्तमान स्थिति सोचनीय है आज सरकार के समक्ष सर्वप्रथम गुणात्मक सुधार के साथ ही अन्य बहुत ही चुनौतियों है तो अध्यापक शिक्षा की वर्तमान स्थिति को दर्शाती है जो इस प्रकार है:-

* माध्यमिक स्तर पर प्रशिक्षण की अवधि का एक वर्षीय होना जो अनुपयुक्त है। NCFTE 2009 में कहा है कि ''माध्यमिक अध्यापक शिक्षा व्यवस्था के समीक्षात्मक पुनरीक्षण की आवश्यकता है ऐसा प्रतीत होता है कि एक वर्षीय बी. एड. मॉडल अब प्रासंगिक नहीं''[4]
* विद्यालयी शिक्षा में अपव्यय-अवरोधन की समस्या।
* पाठ्यचर्या में ऐसे बहुत से प्रकरण है जो वर्तमान में उपयोगी नहीं, उनसे पता चलता है कि केवल परम्परा ही निभाई जा रही है।

* दोषपूर्ण मूल्यांकन पद्धति का होना।
* भारतीय सन्दर्भ में शिक्षा में विविधता तथा विभिन्नता है तथा शैक्षिक असमानता के साथ ही सभी को अधिगम अवसरों की समानता उपलब्ध नहीं होती।
* भौतिक तथा मानवीय संसाधनों की कमी तथा शिक्षक छात्र अनुपात में असन्तुलन का होना।
* शिक्षण में नवाचारों की कमी।
* सेवाकालीन तथा सेवापूर्व अध्यापकों में आपसी सम्बन्ध न होना।
* प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों का विकास तो हो रहा है परन्तु प्रशिक्षित तथा योग्य अध्यापकों की कमी।
* व्याख्यान विधि पर अधिक बल किन्तु अन्य नवीन विधियां केवल सैद्धान्तिक रूप में प्रचलित हैं।
* उत्तम तथा प्रामाणित शोधकार्यों का अभाव।
* शिक्षकों द्वारा ICT के प्रयोग में न्यूनता।
* शिक्षणाभ्यास, Intership, प्रायोगिक क्रियाकलाप, परियोजना, दत्तकार्य पर पर्याप्त अवधान नहीं।

परन्तु इसके बाद भी हम वर्तमान अध्यापक शिक्षा के सकारात्मक पक्ष को नकार नहीं कर सकते। NCTE द्वारा पिछले दशक में अध्यापक शिक्षा के समन्वित विकास की प्राप्ति के लिए बहुत से कदम उठाये। यह NAAC के साथ मिलकर अध्यापक शिक्षा संस्थानों के पुष्ट तथा गुणात्मक विकास हेतु कार्यरत है साथ ही Distance Education Council (DEC) के साथ मिलकर NCTE ने दूरस्थ शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत सेवारत अध्यापक शिक्षा के विकास को निश्चित किया है। प्रशिक्षित तथा योग्य शिक्षकों की नियुक्ति हेतु राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का आयोजन एक सराहनीय कदम है।

3. अध्यापक शिक्षा का भावी स्वरूप

अध्यापक शिक्षा के अतीत तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अधययन से ज्ञात होता है कि अध्यापक शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न आयोगों तथा समितियों ने प्रस्ताव, सुझाव तथा सिद्धान्त दिये उनका व्यावहारिक अनुप्रयोग न के बराबर ही रहा है। अतः जैसा अभिकल्पित है यदि उसी तरह का बदलाव लाने का प्रयास किया जाये तो शिक्षक-शिक्षा कार्यक्रमों में पर्याप्त तथा सुव्यवस्थित सुधार लाया जा सकता है। वस्तुतः सरकार द्वारा शिक्षा का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए तथा ऐसी नीतियों का निर्धारण किया जाना चाहिए जो राष्ट्र तथा इसमें रहने वाले नागरिकों के अनुकूल हो इस हेतु कुछ सुझाव इस प्रकार हैं।

अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में अधिगम अनुभव छात्र प्रधान हो जिससे सीखने में विविधता, अपसारी चिन्तन, सृजनात्मकता तथा सूक्ष्मदृष्टि से अधिगम को बढावा मिले।

* सभी प्रकार के शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को विश्वविद्यालयों से सम्बन्धित कर दिया जाए।
* 10+2 के बाद अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम पंचवर्षीय होना चाहिए जिससे सामान्य तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम का सम्मिलित पाठ्यक्रम विकसित किया जाए।
* NCTE द्वारा प्रदत्त NCFTE 2009 Professional & Humane Teacher की प्राप्ति के लिए शान्ति शिक्षा (Peace Education) के सम्प्रत्यय को अध्यापक शिक्षा में सम्मिलित किया जाए।
* बी. एड. के एकवर्षीय कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु कार्य दिवसों की संख्या को बढ़ाया जाये।
* बदलते परिवेश के अनुसार अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में अपेक्षित परिवर्तन किये जाये।
* शिक्षा के क्षेत्र में E- learning, M- Learning, ICT तथा उपग्रह-आधारित के शामिल होने से शिक्षक की भूमिका और

भी महत्त्वपूर्ण हो गई। अतः ICT का प्रयोग करने हेतु उन्हें सक्षम बनाया जाए।

संक्षेपतः यह कहा जा सकता है बदलते परिदृश्य में अध्यापक शिक्षा में भी बहुत से परिवर्तन हुए है। प्राचीन काल में अध्यापन योग्यता को एक जन्मजात स्वाभाविक योग्यता के रूप में माना जाता था, परन्तु आज की मान्यता है कि शिक्षक द्वारा मात्र वाचन और स्पष्टीकरण ही पर्याप्त नहीं इसी सम्बन्ध में कहना उपयुक्त होगा कि Average teacher tells, a good teacher explains, a better teacher demonstrates and the best teacher inspires अतः demonstrating तथा inspiring teacher तैयार करने होंगे।

वस्तुतः हमारी जैसी दृष्टि होती है सृष्टि भी वैसी ही नजर आती है हम जैसे देखते है वैसा ही सोचते हैं अतः सर्वप्रथम हमें अपनी सोच को बदलना होगा तथा चिन्तन को सही दिशा में ले जाना होगा निः सन्देह पत्तियों और फूलों पर जल-छिड़काव पौधों को पोषण कदापि नहीं दे सकता जब तक कि उसकी जड़ों में पानी न पहुंचे। मैं समझती हूँ, इस सुधार तथा परिवर्तन हेतु भी यदि मूल बात पर ध्यान दिया जाये तो समग्र विकास स्वतः होता चला जायेगा वह है NCTE प्रदत्त NCFTE 2009 में 'Professional & Humane Teacher' का सम्प्रत्यय। जिसमें Professional teacher के माध्यम से शैक्षिक तथा व्यावसायिक विकास और human teacher के जरिए नैतिक, सामाजिक तथा आध्यत्मिक विकास हो सकेगा।

सन्दर्भ

1. http:/ www.ncte-india.org, National Curriculum Framework on Teacher Education 2009, P.2
2. आचार्य लब्धानुज्ञा : साधवः उपसमीपेऽधीयतेऽस्मादित्युपाध्यायः (योगशास्त्र वि. 4/60) देखें- जैन लक्षणावली, वीर सेवा मन्दिर प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 280
3. 'शिक्षक शिक्षा' - राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार पत्र, (2010) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, दिल्ली, पृ. 3
4. http :// www. ncte-india.org, P-10

आधुनिक युग में अध्यापक शिक्षा की चुनौतियाँ

–सरिता
शोध छात्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

आज के इस आधुनिक, वैज्ञानिक एवं प्रतिस्पर्धा के युग में परिवर्तन की आवश्यकता एवं परिवर्तन की प्रक्रिया एक विश्व्यापी घटना हैं। इसने मानव जीवन के सभी पक्षो को प्रभावित किया है। इनमे से एक महत्वपूर्ण पक्ष है शिक्षण।

वैदिककालीन शिक्ष की ओर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि तत्कालीन शिक्षा आश्रमों मे ऋषि तथा महात्माओं द्वारा दी जाती थी जिसमें कण्ठस्थीकरण तथा तर्क–विर्तक पर बल दिया जाता था। धीरे–धीरे वैज्ञानिक प्रगति तथा नीवन तकनीकियों के अविष्कार के फलस्वरूप शिक्षा के उद्देश्य और साथ ही साथ शिक्षण की प्रक्रिया में भी परिवर्तन अपेक्षित हो गया। अर्थात समाज का जैसा दार्शनिक चिंतन होता है, शिक्षा का स्वरूप तथा गठन की प्रक्रिया भी तनुरूप ही किया जाता हैं। समाज की दार्शनिक विचारधारायँ अनेक तत्वों से प्रभावित होती हैं जैसे–समाज की संस्कृति, आर्थिक स्थिति, भौगोलिक परिस्थितियाँ, वैज्ञानिक प्रगति, अन्य समाजों का दार्शनिक चिन्तन तथा समाज की स्वयं में व्याप्त समस्यायें आदि से समस्त तत्व सकल परिवर्तन लाते हैं,। परिवर्तनों को शिक्षण मे व्यवहारिक रूप में परिभाषित करना ही चुनौति हैं, इन सामाजिक परिवर्तनों का स्पष्ट तथा तुरंत प्रभाव समाज द्वारा व्यवस्थित शिक्षा तथा शिक्षण पर पड़ता हैं। समाज में नित नये–नये परिवर्तन होते हैं। अपने इसी गत्यात्मक स्वभाव के कारण शिक्षा अपने अस्तित्व को बनाए रखने में सफल हो जाती हैं। वर्तमान समय में स्थिति कुछ–कुछ ऐसी ही हो रही हैं, शिक्षा का यह रूप किसी एक समाज में ही नही, अपितु विश्व के समस्त विकासमान समाजों में अत्यन्त ही तीव्र

व बहुत गति से परिवर्तन हो रहे हैं, इसी परिवर्तन के परिणामस्वरूप ही जब प्रशिक्षण संस्थानों मे अध्यापक प्रशिक्षण दिया जाने लगा हैं।

आज के इस ज्ञान युग में जब हमारे चारों ओंर ज्ञान का भण्डार भरा पड़ा हैं, अनेको चुनौतियाँ हैं परन्तु उनमे से सर्वाधिक शिरोमणि प्रमुख चुनौति हैं अध्यापक में अध्यापन के समय अर्थात जब छात्राध्यापक को शिक्षण प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसी प्रक्रम मे उसमे मूल्य का भी विकास कराया जाये अर्थात् अध्यापक शिक्षण में मूल्यों को विकसित किया जाय।

अध्यापक शिक्षा और मूल्य बोध-

जे. कृष्णमूर्ति के शब्दों में–"जानकारी इकट्ठा करना और तथ्यों को बटोरकर आपस में मिलाना ही शिक्षा नही हैं, शिक्षा तो जीवन के अभिप्राय को उसकी समग्रता में देखना–समझना हैं। पूर्णतः समन्वित प्रज्ञाशील मनुष्य तैयार करना हैं। परीक्षा और उपाधि प्रज्ञा का मानदण्ड नहीं है।

इस सन्दर्भ में आज की शिक्षा हमे (भौतिक) बौद्धिक और सूचना सम्पन्न अवश्य ही बना रही है। परन्तु यह भी सत्य है कि हमने संवेदना की कीमत पर बुद्धि का विकास किया है। शिक्षा देने का काम शिक्षक का है और एक सच्चे शिक्षक के लिये अध्यापन तकनीक नही, वह उसकी जीवन पद्धति है। क्या हमने कभी उन करणों को तलाशने की कोशिश की है जिनके कारण शिक्षा मूलभूत शिक्षक मूल्यों की अपेक्षा से दूर होती जा रही हैं? निश्चित रूप से हमने बहुत सी पुस्तक पढ़ी है, उन सूचनाओ को याद भी कर लिया हैं, परीक्षाएँ भी पास कर ली हैं, हमारे पास बहुत सारी उपाधियाँ भी हैं और इन उपाधियों ने हमे जीविका के साधन भी उपलब्ध करा दिये हैं। इसका अर्थ है कि यदि शिक्षा केवल रोजगार के लिए ही थी तो फिर आज तो निश्चित रूप से हम सफल हुए हैं, पर यह भी सच है कि आज हम मशीन तो बन गये हैं, पर इसी मशीनीयुग के कारण ही हमारी मनुष्यता कहीं पीछे छूट गई

हैं। और हमारी संवेदना दिन-प्रतिदिन मरती जा रही है। आज हमारे पास अपार भौतिक समृद्धि तो है पर हमारी संस्कृति, हमारे मूल्य तथा हमारे आपसी सम्बन्ध व हमारी जड़े धीरे-धीरे खोखली होती जा रही हैं, और समाज में आज सबसे बड़ा प्रश्न यही है।

शिक्षा प्रदान करने का कार्य आज मुख्य रूप से शिक्षक का है, शिक्षक एक निश्चित पाठ्यक्रम और निश्चित शिक्षण विधि के अनुसार एक सिस्टम मे बँधकर अपना कार्य कर रहा है, उसे केवल उतना ही करना है जितना उसके लिए निर्धारित है। वह उन अल्पज्ञ गोताखोरो के समान है जो समुद्र के तल मे न जाकर केवल किनारों पर ही तैराकी के रूप में ही अपना कार्य करता है परन्तु आज की इन परिस्थितियों में उसे एक कुम्भहार के समान कार्य करना है जिस प्रकार कुम्भहार एक मिट्टी के बर्तन को तैयार करके उसके कच्चे रूप को आग मे पकाकर तैयार करता है ठीक इसी प्रकार शिक्षक को भी स्वयं को इसी में प्रस्तुत करना होगा, अर्थात आज अध्यापक शिक्षण मे मूल्य महत्वपूर्ण चुनौति बन गयी है क्योकि मूल्य शिक्षा केवल पुस्तको का ही विषय नही है उसे व्यवहार मे प्रत्यक्ष रूप से लाना चाहिए समय का मूल्य सिखाने के लिए अध्यापक के पास दो उपाय हैं, एक यह कि वह अपने छात्रों को यह वाक्य अपनी कॉपी में दस बार लिखवा ले कि वह और याद करने को दे दे और दूसरा उपाय यह है कि अध्यापक स्वयं अपने दैनिक जीवन में इस आचरण का अनुपालन भी करे। इंटरेस्टीव मेथोडोलोजी को अपनाएँ। हम मूल्यों को सम्प्राषित करने के लिए पहले स्वयं तो संवेदित हो। इस बदलते परिवेश में पहले मूल्यों की निश्चित दिशा को तय करा जाये। अब परिवेश में भौतिक संसाधन ही तो बदले हैं, इनके साथ मूल्यों को हम कैसे नकार सकते हैं, वैसे भी शाश्वत मूल्य नही बदले जाते, मूल्य तक पहुँचने के साधन व कर्म जरूर बदल जाते हैं यदि हम चरित्र औरं व्यक्तित्व को स्थान ही नही देते तो प्रत्येक स्तर पर हमे इतने चरित्रों का अध्ययन व्यक्तित्व को स्थान ही नही देते तो प्रत्येक स्तर पर हमे इतने चरित्रो का अध्ययन करने की आवश्यकता ही नही होती। अर्थात् आज अध्यापक शिक्षा की प्रमुख चुनौतियाँ हैं।

(i) जानने के (योग्य) लिए ज्ञान।

(ii) किसी भी कार्य को करने के लिए ज्ञान।

(iii) साथ रहने के लिए ज्ञान।

(iv) होने के लिए ज्ञान।

आज विज्ञान व तकनीकी के प्रभाव के फलस्वरूप शिक्षा (कला) से (विज्ञान) विषय की ओर परिवर्तित हो रही हैं। नई पेडॉगोजी मनोविज्ञान, मानवशास्त्र, साइबरनेटिक्स, भाष विज्ञान एवं अनेक अनुशासना का आधार शिक्षा पर निर्भर हो रहा है। उस तकनीकी में नही संशैक्षिकी वैयक्त्वि सामूहिक संस्थागत संस्थाविहीन भी परिस्थितियों में शिक्षण के उपाय सुझा सकती हैं, साइबरनेटिक्स और जनसंचार के साधनों ने शिक्षा के सूचनात्मक पक्ष में क्रान्ति ला दी हैं। दूर संचार और उपग्रह-सम्प्रेषण को कम्प्युटर की सहायता से शिक्षण को अत्यधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। अर्थात्-

1. चुनौति यह है कि इस ज्ञान युग मे पूर्ण मानव की कल्पना खण्डित हो रही है। चारों तरफ से वह बिखर रहा है, खण्डित हो रहा है, इसे बनाए रखना आज एक प्रमुख चुनौति बन गई हैं।

2. शिक्षण-प्रशिक्षण का वर्तमान स्वरूप विशेषतः किशोरो के व्यक्तित्व को खण्डित करने में पर्याप्त हैं। आज संकुचित प्रशिक्षण ने सीमित तकनीकी दृष्टिकोण को मानवीय गुणों से अधिक महत्वूपर्ण बना दिया है। इसका तात्पर्य यह है कि व्यक्ति शिक्षण -प्रतिमान अन्वेषण से लाभान्वित हो रहे हैं केवल इन्हें व्यवहार में लागू करने का प्रतिरूप बदलना है, तथा इसे इस चुनौति के रूप में स्वीकारना है।

3. अनु. जा/अ.ज. जाति तथा अल्पसंख्यक क्षेत्रों (ब्लौक अध्यापक शिक्षण संस्थान) मे अध्यापक शिक्षण क्षमता बढ़ाना।

4. सेवारत प्राथमिक और द्वितीयक अध्यापक का व्यवसायिक विकास

   (i) अप्रशिक्षित तथा सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षण दिलाना।

   (ii) अध्यापनरत अध्यापकों को प्रशिक्षण और विषय की जानकारी को अद्यतन कराना।

5. अध्यापक शिक्षको का व्यवसायिक विकास

   (i) रिफ्रेशर पाठ्क्रम।

   (ii) फेलोशिप कार्यक्रम

6. एन.जी.ओ. के सहयोग

7. उत्तरपूर्व के लिए विशेष कार्यक्रम

8. अध्यापक शिक्षा में प्रौद्योगिकी।

9. उच्च्व शिक्षा के साथ एकीकृत प्राथमिक अध्यापक शिक्षा।

10. शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अध्ययन के नवीनतम उपकरणों और विधियों का पूरा उपयोग किया जाना भी एक चुनौति है।

11. शिक्षको को ज्ञान संचार के विशेषज्ञ-मात्र बनाने की बजाय उन्हे शिक्षाविद् बनने का प्रशिक्षण दिया जाये।

आज कक्षा कक्ष भरे हुए हैं पर मानव मस्तिक खाली है, विद्यालय की स्थिति विस्फारित होती जा रही है। शिक्षा उसके सामने संकुचित बन गई हैं। शिक्षा आयोग की सिफारिश यदि मान ली जाये तो यह निश्चित है कि शिक्षण के उचित प्रशिक्षण से शिक्षा का स्वरूप इतना बदल जाएगा कि उसे पहचान पाना मुश्किल होगा- शायद अध्यापक शिक्षा सम्पूर्णता के लिए शिक्षण बन जाये।

अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में नवाचार

–कर्मपाल

शिक्षाचार्य छात्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

अध्यापक राष्ट्र के निर्माण, विकास एवं परिवर्तन की महत्त्वपूर्ण एवं आवश्यक कड़ी है। अध्यापक ही ज्ञान उत्पन्न कर छात्रों में स्वतंत्र चिन्तन, सद्भावना, समानता, भ्रातृत्व, विश्वबन्धुत्व आदि नैतिक मूल्यों का विकास कर समाज के लिए संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करता है। एक अध्यापक ही छात्रों में राष्ट्रीय एकता की भावनाओं एवं समाजोयोगी कुशलताओं का विकास कर उन्हें समाज के लिए उपयोगी बना सकता है। संस्कृत में शिक्षक को 'आचार्य' शब्द से सम्बोधित किया गया है जिसका अर्थ है–'आचिनोति अर्थान्। अचिरति। आचारान् कारयति'। अर्थात् सब विषयों का अध्ययन करता है, खुद आचरण करता है और दूसरों से कराता है। इसीलिए भारत में शिक्षक को विशिष्ट सम्मान देते हुए 'आचार्य देवो भव' का सन्देश दिया गया है। आचार्य विनोवा भावे के अनुसार ''प्राचीन काल से आज तक जो भारत बना है वह शिक्षकों ने ही बनाया है।'' शिक्षण कार्य अत्यन्त जबावदेही का कार्य है यहाँ तक कि हमारे यहाँ कहा गया है ''शिष्यापराधे गुरोर्दण्ड:'' वर्तमान में भी जो छात्र के असफल हो जाने पर शिक्षण व्यवस्था पर ही प्रश्नचिह्न लगाया जाता है संभवत: इसके पीछे यही प्राचीन अवधारणा निहित है कि ''विद्यार्थियों के कितने भी अपराध हो गुनाहगार शिक्षक है''। अध्यापक वर्तमान और भूत के बीच सेतु बन भावी समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। ये शिक्षकों की सच्चरित्रता एवं कर्त्तव्यपरायणता ही थी जिसके दम पर राजा अश्वपति घोषणा कर सका कि मेरे राज्य में कोई अशिक्षित, दुराचारी, मद्यपान करने वाला और जुआरी नहीं है।

चूँकि समाज एक परिवर्तनशील संबोध है एवं उसकी आवश्यकताएँ एवं अपेक्षाएँ भी उसके अनुसार ही परिवर्तित होती रहती है। अतः शिक्षा को भी ऐसा होना होगा कि वह समाज की आवश्यकताओं, परिस्थितियों एवं अपेक्षाओं का उचित समाधान प्रस्तुत कर सके। शिक्षक ही शिक्षा का सुव्यवस्थित ढाँचा प्रस्तुत कर सकता है जो समाज की बहुसांस्कृतिक परम्पराओं की रक्षा करते हुए एकता में अनेकता का भाव समाहित कर सके। शिक्षक की जबावदेही है कि वह किस तरह समानता सामाजिक न्याय, उत्कृष्टता के लक्ष्यों एवं राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति छात्रों में संवेदनशीलता जागृत करे।

इस संदर्भ में चट्टोपाध्याय आयोग (1983-85) ने कहा है कि "यदि स्कूली शिक्षकों से उम्मीद की जाती है कि वे अपने पढ़ाने के उपागम में क्रान्ति लाएँ तो यह क्रान्ति पहले शिक्षा कॉलेजों में होनी चाहिए।" समिति ने जहाँ संसाधनों की अपर्याप्तता की बात की है वहीं शिक्षक-प्रशिक्षण की अवधि को 12वीं के पश्चात् पाँच वर्ष करने एवं सामान्य एवं पेशेवर शिक्षा को एक साथ लेने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसी तरह यशपाल समिति ने अपने प्रतिवेदन में शिक्षण की गुणवत्ता में असंतोष व्यक्त करते हुए इसे प्रशिक्षण की कमी माना है, एवं इस बात पर जोर दिया है कि शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ऐसा हो जिसमें स्वतंत्र चिन्तन की योग्यता एवं स्व-अधिगम की योग्यता का विकास हो सके।

शिक्षा में नवाचार (पाठ्यक्रम)

इसी के मद्देनजर शिक्षक शिक्षा में नवाचार के प्रयास किए गये हैं जो सफल भी हुए हैं, लेकिन फिर भी क्षेत्र विशेष से बाहर उनका अनुप्रयोग नहीं किया जा सका। अतः आवश्यक है कि नवाचारी प्रयोगों के द्वारा प्राप्त परिणामों की विवेचना कर उनमें से वाञ्छनीय सुझावों को वर्तमान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थान देकर ऐसे चिन्तनशील शिक्षक तैयार किए जाएँ जो समाज एवं शिक्षा की बदलती आवश्यकताओं

के अनुरूप मूलभूत परिवर्तन लाने में सक्षम हों, एवं छात्रों को वस्तुस्थिति से सामना करने में सक्षम बना सके।

स्वतंत्रता के पूर्व तथा बाद अध्यापक शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवाचार होते रहे हैं।

स्वतंत्रता पश्चात् किए गए नवाचार निम्नलिखित हैं–

1. NCERT में 1960 से माध्यमिक शिक्षक शिक्षा का चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है जो कि विषयकेन्द्रित दक्षता हासिल करने और पढ़ाने के तरीके में पेशेवर क्षमता प्राप्त करने पर केन्द्रित है।

2. 1968 में गुजरात के सूरत जिले के गाँधी विद्यापीठ में माध्यमिक शिक्षक के पाठ्यक्रम की शुरुआत की गयी इसकी विशेषताओं में गतिविधियों में सहभागिता द्वारा सीखना, कार्य और सामूहिक परिचर्चा द्वारा आत्मनिर्देशित शिक्षण एवं विद्यार्थी शिक्षकों में स्वतंत्र विश्लेषण तथा अनुभव–आधारित सीखने पर बल दिया है।

3. विज्ञान की पढ़ाई के लिए तथा शिक्षक प्रशिक्षण में उच्च सफलता के लिए HSTP (Hoshangabad Science Teaching Program) मध्यप्रदेश में शुरु किया गया इसमें प्रत्येक अध्यापक के तीन वर्षों के लिए गर्मियों में तीन सप्ताह तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

4. प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में अरविन्द शिक्षण सोसाइटी ने 1983 में एक एकीकृत उपागम को शुरु किया। इसका उद्देश्य भौतिक, भावात्मक और संज्ञानात्मक प्रभाव के गुणों का अधिकतम विकास है।

5. नवाचार के क्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय ने प्रारम्भिक शिक्षा का चार वर्षीय पाठ्यक्रम (B.El.Ed.) प्रारम्भ किया। जो उच्च माध्यमिक स्तर के बाद शुरु होता है। यह इस मान्यता पर

आधारित है कि वैयक्तिक रूपान्तरण ही सामाजिक रूपान्तरण का मार्ग प्रशस्त करता है।

6. शिक्षा विभाग वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान ने 1997 में अन्वेषण अनुभव सहभागी शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम B. Ed. (संवर्द्धित) प्रारंभ किया गया। इसमें सभी विद्यार्थी शिक्षकों के लिए अपने तरीके से सीखने में भागीदारी करने के अवसर उपलब्ध रहने की संभावना अधिक है।

7. विस्तृत–शिक्षक–शिक्षा कार्यक्रम का प्रारंभ मुम्बई विश्वविद्यालय द्वारा 2000 में किया गया। यह झुग्गी-झोपड़ी वासियों का वास्तविक अनुभव कराता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि शिक्षक–प्रशिक्षु गरीब और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियो की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परम्पराओं से परिचित हो सकें और इससे बच्चों के विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाकर उनमें कठिनाईपूर्ण परिस्थितियों से उभरने में सहायक कौशलों का विकास कर सके।

इनके अतिरिक्त NCERT और SCERT द्वारा सेवाकालीन संचालित सेवाकालीन अध्यापक प्रशिक्षण कार्य एवं अभी अपनी प्रारंभिक चरण में स्थित E-learning को भी शिक्षक प्रशिक्षण के प्रभावी नवाचारों की सूची में शामिल किया जा सकता है।

सुझाव

1. बदलते परिदृश्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्यापकों और साथ ही सेवारत अध्यापकों के लिये न्यूनतम कम्प्यूटर साक्षरता का कार्यक्रम निश्चित किया जाए एवं इसे अध्यापक की ए. सी. आर. में स्थान दिया जाय। एवं न्यूनतम कम्प्यूटर साक्षरता के अभाव में अध्यापक की प्रोन्नति पर रोक लगा दी जाय, या अन्य किसी तरह की दण्डात्मक व्यवस्था की जाय ताकि अध्यापक कम्प्यूटर साक्षरता के प्रति प्रेरित हो सके।

2. नैतिक मूल्य एवं योग शिक्षा को शिक्षक शिक्षा में अनिवार्य स्थान दिया जाय ताकि छात्रों के सांवेगिक विकास को सुनिश्चित कर मानसिक दबाव, तनाव एवं संस्कारों के अभाव में आये दिन स्कूलों में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके एवं अध्यापक भी शिक्षण कार्य का निर्वहण कर्त्तव्य समझकर करें।

3. शिक्षक शिक्षा में कानूनी शिक्षा को शामिल किया जाए ताकि वे छात्रो को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत कर सकें एवं स्वयं भी शोषण का शिकार होने से बच सकें।

4. पाठ्यक्रम में ऐसे शिक्षण-अनुभवों को भी शामिल किये। जाए जिनसे अध्यापक सहज भाव से और अनुभवों से जोड़कर शिक्षा देने में समर्थ हो सके।

5. शिक्षक शिक्षण पाठ्यक्रम में इस बात का ध्यान दिया जाना चाहिए कि शिक्षक प्रशिक्षणों का पाठ्यक्रम ऐसा हो कि वह बालकों के समग्र विकास को सुनिश्चित कर सके।

अध्यापक शिक्षा में तकनीकी का मनोवैज्ञानिक प्रभाव

–रेनू
शोध छात्र

अध्यापक शिक्षा उस ज्ञान, कौशल एवं योग्यता से सम्बन्धित है जो शिक्षक को 'शिक्षक' के रूप में सार्थकता प्रदान करती है। यह कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को शिक्षोन्मुखी एवं वृत्तिकोन्मुखी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो समय की माँग के अनुरूप योग्य एवं सक्षम अध्यापकों का निर्माण करता है।[1]

शिक्षाशास्त्री और दार्शनिक श्री अरविन्द ने कहा है कि–"शिक्षक राष्ट्र की संस्कृति बनाता है। शिक्षक को देश का भावी कर्णधार व समाज का मार्गदर्शक माना गया है। वह राष्ट्र का शिरोमणि, निर्माता है।"

अध्यापक शिक्षा का अर्थ एवं महत्त्व

अध्यापक शिक्षा एक शैक्षिक आयोजन है जिसमें अध्यापकों को इस तरह से शिक्षित करने के लिए प्रयत्न किया जाता है कि अग्रिम प्रजन्म को ज्ञान एवं मूल्यों के हस्तान्तरण के साथ ही उनके समस्त शैक्षिक एवं विकासात्मक दायित्वों को ग्रहण एवं वहन करने में वे सक्षम हो सकें तथा उनमें तकनीकी कुशलता, वैज्ञानिक चेतना, संसाधन सम्पन्नता तथा नवाचारिकता के साथ सांस्कृतिक उद्दीपना एवं मानवता बोध का समन्वयात्मक विकास करना संभव हो सके। अध्यापक शिक्षा वह आयोजन हो जिसमें दक्षता प्रदान करने की व्यवस्था हो।[2]

---

1. भारतीय आधुनिक शिक्षा, जनवरी 2006, शुक्ला, ग्रीष्मा, श्री सबल महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जोधपुर, राजस्थान, पृ. 59
2. अध्यापक शिक्षा, पृ. 14

अध्यापक शिक्षा मात्र एक कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि एक ऐसा मिशन है या आयोजन है जिसके माध्यम से राष्ट्रीय संदर्भ में आधुनिक एवं परिवर्तित अध्यापकीय भूमिका के निर्वहण के लिए दक्षता तथा कुशलता प्राप्ति हेतु व्यक्तियों को शिक्षित किया जा सके।

महत्त्व

(i) शिक्षा को एक सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के माध्यम के साथ ही सामाजिक परिवर्तन का कारक भी माना जाता है। अतः अध्यापक शिक्षा सामाजिक शैक्षिक मार्गदर्शन सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूर्ति के लिए एक सक्षम अभिकरण है।


(ii) आधुनिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में पर्याप्त तन्मयता एवं लचीलापन का होना जरूरी है। अतः एक नवाचारिक प्रणाली के रूप में अध्यापक शिक्षा का आज अत्यधिक महत्त्व है।

(iii) आधुनिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम की सहायता से अन्तःअभिप्रेरणायुक्त अध्यापकों की तैयारी संभव है।

(iv) व्यावसायिक विषय, तकनीकी विषय एवं विशिष्ट छात्रों के लिए भी अध्यापकों की तैयारी का माध्यम आधुनिक अध्यापक शिक्षा ही है।

(v) आधुनिक परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम बन चुका है जिसकी सहायता से विद्यालयीय शिक्षा का सम्बन्धीकरण उच्च शिक्षा के साथ किया जा सकता है।

अध्यापक शिक्षा की आवश्यकता



1. **उद्यमगत आवश्यकता**—आज हम अध्यापन को एक उद्यम का स्थान दे चुके हैं। अध्यापन सम्बन्धी कौशल, तकनीकी प्रतिमान, विधि, सम्प्रेषण तकनीकी, अभिक्षमता, अभिवृत्ति, उत्तरदायित्व आदि को अनुकूल ढंग से विकसित करने के लिए अध्यापन शिक्षा को ग्रहण करना आवश्यक है।

2. **शैक्षिक आवश्यकता**—नवीन विषय क्षेत्र में भी निरन्तर विस्तार हो रहा है। अनेक नई विधाओं का समावेश विद्यालयीय स्तर पर पाठ्यक्रमों में किया जा रहा है ताकि शिक्षा का व्यावसायीकरण करना संभव हो सके। ऐसी स्थिति में अध्यापक शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम रह जाता है जो इन आधुनिक शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके।

3. **मनोवैज्ञानिक आवश्यकता**—अधिगमकर्ताओं की रुचि, अभिवृत्ति, आकांक्षा, आवश्यकता, अभिक्षमता, बौद्धिक योग्यता, वैयक्तिक विभिन्नता आदि के परिप्रेक्ष्य में ही उन्हें शिक्षित करने के लिए प्रयास करना उनका दायित्व है। आधुनिक अध्यापक के लिए मनोवैज्ञानिक ही नहीं शिक्षा मनोवैज्ञानिक होना भी अपरिहार्य है। अध्यापक के लिए नित्य नवीन शिक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचारिक खोज परिणामों से परिचित होते रहने की आवश्यकता है। ताकि वे अधिगमकर्त्ता के भावात्मक पक्ष को विकसित कर सके।

4. **सामाजिक आवश्यकता**—अध्यापक शिक्षा भावी अध्यापक/अध्यापिकाओं के समाजीकरण के लिए प्रयत्न सामाजिक व्यवस्था, संरचना, मूल्य, प्रतिष्ठा को बनाये रखने के उद्देश्य से करती है। आज हमारी समाज व्यवस्था और संरचना ही असन्तुलित है जिसमें एक वस्तु अभियान्त्रिक को प्रतिष्ठा दी जाती है लेकिन एक मानव अभियान्त्रिक रूपी अध्यापक को नहीं क्योंकि वह भ्रष्टाचार के माध्यम से सम्पत्ति एकत्रित नहीं करता है। अतः आज अध्यापक वर्ग भी अपने सामाजिक दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

5. **आर्थिक आवश्यकता**–प्रभावकारी अध्यापन के लिए विविध वर्ग की सहायक सामग्री एवं उपकरणों आदि को प्रयोग में लाया जाता है। उनका चयन, निर्माण एवं प्रयोग कैसे किया जाए, किन परिस्थितियों में किस शैक्षिक विधि, तकनीकी, व्यूह रचना, प्रतिमान, संगणक, **साहाय्यित प्रणाली** आदि का प्रयोग किया जाना उपयुक्त हो सकता है यह ज्ञान और सम्बन्धित अनुभव अध्यापक शिक्षा के माध्यम से प्राप्त करते हुए अध्यापकगण न केवल सामग्री का सफलतापूर्वक प्रयोग अपितु रख-रखाव तथा पुनः प्रयोग कर आर्थिक संसाधन की रक्षा कर सकते हैं।

6. **दार्शनिक आवश्यकता**–दर्शन विचार, मान्यता, आदर्श आदि के मान्य समुच्चय को कहा जाता है। जिसके अनुसार व्यक्ति या समाज कार्य करने के लिए प्रयास करता है। बिना दर्शन के कार्य प्रणाली को विकसित कर पाना कठिन हो जाता है।[3]

अध्यापक शिक्षा में तकनीकी

तकनीकी या तकनीकी विज्ञान अंग्रेजी के Technology शब्द का पर्यायवाची है। तकनीकी का अर्थ है दैनिक जीवन में वैज्ञानिक ज्ञान के प्रयोग करने की विधियाँ।[4] आधुनिक अधिगम सामग्रियों को निर्मित करने के क्षेत्र में भी अध्यापक/अध्यापिकाओं का दक्ष होना आवश्यक माना गया है। आधुनिक अनेकानेक शिक्षण अधिगम सामग्रियाँ अवश्य ही शैक्षिक तथा अनुदेशनात्मक तकनीकी, कौशल तथा पद्धतियों पर आधारित होती हैं। अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक तकनीकी को समावेशित करना आज की अपरिहार्य आवश्यकता बन चुकी है। शिक्षण पूर्व

3. अध्यापक शिक्षा, पृ. 46-52
4. अध्यापक शिक्षा, पृ.0 393
5. शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार, कुलश्रेष्ठा, एस.पी., विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, संस्करण, 2007

अभ्यास के लिए भी जिन सूक्ष्म शिक्षण और लघु शिक्षण तकनीकों का प्रयोग किया जाता है वे सभी शैक्षिक तकनीकी की ही देन है।[5]

शैक्षिक तथा अनुदेशनात्मक तकनीकी का अर्थ

NCTE ब्रिटेन (1969) के द्वारा सर्वप्रथम इस पद का प्रयोग करते हुए कहा गया कि शैक्षिक तकनीकी के अन्तर्गत उन प्रणालियों, तकनीकियों और सहायक उपकरणों का विकास, प्रयोग एवं मूल्यांकन करने के लिए प्रयास किया जाता है जो मानव अधिगम प्रक्रिया को सुधारने एवं उन्नत करने के लिए सहायक हो।

अध्यापक शिक्षा के संदर्भ में शिक्षण और अधिगम दोनों ही क्षेत्रों में कुशलता की वृद्धि संभव हो सकती है। इसके आयाम में शिक्षण तकनीकी, अनुदेशनात्मक तकनीकी तथा व्यवहार तकनीकी तीनों को ही सम्मिलित किया जाता है। शैक्षिक तकनीकी के मशीनी अंग में क्लोज, सर्किट, टेलीविजन, शैक्षिक टेलीविजन, शिक्षण मशीन, टेपरिकार्डर, विडियो रिकार्डर, फिल्म प्रोजेक्ट, संगणक, मल्टीमीडिया आदि सभी आते हैं। इन अवयव को हार्डवेयर कहा जाता है। अधिगम के नियम और शिक्षण अधिगम के मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का समावेश शैक्षिक तकनीकी के क्षेत्र में किया जाता है।

शैक्षिक तकनीकी का महत्त्व

शैक्षिक तकनीकी का महत्त्व अध्यापक शिक्षा में अत्यधिक है। शिक्षण प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी इस तकनीकी ने एक नवीन सूत्रपात किया है। शिक्षण के प्रतिमानों का विकास इस तकनीकी की प्रयुक्ति का ही परिणाम है। शिक्षण के क्षेत्र में अधिगमकर्ताओं की बढ़ती हुई संख्या और उसी अनुपात में दक्ष और कुशल अध्यापक/अध्यापिकाओं की कमी को देखते हुए शैक्षिक तकनीकीगत उपायों का प्रयोग करना अपरिहार्य बन रहा है।


ध्वनि विस्तारक से लेकर रेडियो, टेलीविजन, टेपरिकार्डर, फिल्म प्रोजेक्ट, स्लाइड तथा ओवरहैड प्रोजेक्टर आदि का प्रयोग सर्वत्र (कक्षा

शिक्षण, शैक्षिक दूरदर्शन, प्रौढ़ शिक्षा और साक्षरता कार्यक्रम, दूरस्थ शिक्षा) औपचारिक, अनौपचारिक दोनों ही क्षेत्र में किया जा रहा है। छात्र शिक्षण की प्रविधियाँ (जैसे सूक्ष्म शिक्षण, लघु शिक्षण, अन्तर्क्रिया विश्लेषण, अनुरूपित शिक्षण, दलगत शिक्षण आदि) सभी प्रायः शैक्षिक तकनीकी की देन है।

शैक्षिक तकनीकी, मानवीय अभिवृत्ति, रूचि, तत्परता, आग्रह आदि में परिवर्तन उत्पन्न करने में सफल होने के कारण योग्य व्यक्तियों को अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में आने के लिए उत्साहित और आग्रही बनाने में सक्षम है। यह शिक्षक को आधुनिक प्रयुक्तियों से सज्जित करते हुए अधिगम कठिनाइयों को दूर करने के लिए व्यवहृत करती है।

तकनीकी एवं वैज्ञानिक विकास से शिक्षा का रूप परिवर्तित होता जा रहा है। उस पर औद्योगिक का काफी प्रभाव पड़ता है। ज्ञान का विस्फोट इतनी तीव्र गति से हो रहा है कि शैक्षिक तकनीकी के क्षेत्र में नवीन तकनीकी का प्रयोग कर अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है।[6]

नवीन तकनीकी के आयाम



इन प्रणालियों के माध्यम से भावी अध्यापक नई तकनीकी का प्रयोग कर प्रशिक्षण को प्रभावी बना सकते हैं।[7]

अध्यापक शिक्षा में तकनीकी का मनोवैज्ञानिक प्रभाव

शिक्षा आज 'बालकेन्द्रित' शिक्षा का रूप ले चुकी है। 'बालकेन्द्रित'

6. अध्यापक शिक्षा, पृ. 397
7. शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार, पृ. 526

शिक्षा का सम्प्रत्यय मनोविज्ञान की देन है जिसका तात्पर्य है बालकों की योग्यताओं, क्षमताओं, रुचियों, मानसिक स्तरों तथा उनकी आयु आदि के आधार पर शिक्षा प्रदान करना।

बालकों के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए मनोवैज्ञानिकों ने प्रभावशाली शिक्षण हेतु अध्यापक प्रशिक्षण के लिए निम्न बिन्दु प्रस्तुत किये–

1. **अभिप्रेरणा एवं रुचि**–अभिप्रेरणा तथा रुचि, शिक्षण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अनुसार शिक्षक और छात्र दोनों अभिप्रेरित होकर कार्य करते हैं। फलस्वरूप अधिगम प्रक्रिया अधिक सजीव एवं प्रभावशाली होती है तथा भावी अध्यापकों के लिए एक उचित अवसर मिलता है इस प्रकार के अभिप्रेरित शिक्षण के माध्यम से।

2. **अभ्यास एवं आवृत्ति**–यदि अर्जित ज्ञान का अभ्यास एवं पुनरावृत्ति की जाये तो छात्र सफलता से स्मरण रख सकते हैं। अतः शिक्षण प्रक्रिया में पुनरावृत्ति तथा अभ्यास को प्रमुख स्थान देना चाहिए।

3. **तत्परता**–अध्यापक शिक्षा के अन्तर्गत भावी अध्यापकों को जो कुछ भी पढ़ाया जाए उसके लिए उनमें मानसिक तत्परता अवश्य होनी चाहिए विभिन्न तकनीकी विधियों के प्रयोग द्वारा उनके ज्ञान को स्थायी बनाया जा सकता है।

4. **प्रतिपुष्टि तथा पुनर्बलन**–भावी अध्यापकों को पुनर्बलन देकर प्रशिक्षण को प्रभावशाली बनाया जा सकता है। उन्हें उनके अच्छे व्यवहार हेतु पुरस्कृत किया जाना चाहिए। उनके द्वारा किये गये कार्यों की प्रगति के विषय में सूचनायें दी जानी चाहिए। छात्र ऐसी स्थिति में कार्य जल्दी करेंगे। इस प्रकार शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को नूतन आयाम दिया जा सकता है।

5. **परिवर्तन, विश्राम व मनोरञ्जन**–शिक्षण कार्य यदि अधिक लम्बा हो तो छात्रों को थकान होने लगती है और वे शिक्षण में कम रुचि लेने लगते हैं इसके लिए यदि विषय वस्तु, शिक्षण विधियों व शिक्षण वातावरण में परिवर्तन लाया जाये तथा नई-नई विधियों का करे और कुछ विश्राम के बाद कुछ नवीन विषयों पर चर्चा की जाए तो छात्र शिक्षण कार्य में रुचि लेंगे तथा विषय का गहनता से अध्ययन करेंगे।

6. **स्व-अधिगम**–यदि छात्र स्वयं प्रयास करके सीखते हैं तो उनका सीखना अधिक प्रभावशाली होता है। अध्यापक को चाहिए कि वह छात्र को इस प्रकार निर्देशित करे कि छात्र स्वयं सीखने का प्रयास करेगा। स्व-अधिगम की प्रवृत्ति उचित परिस्थितियों तथा प्रशिक्षण द्वारा डाली जानी चाहिए।

7. **समूह गति शास्त्र**–मनोविज्ञान विश्वास करता है कि समूह में छात्र अधिक अच्छे ढंग से विषय को सीखते हैं। अतः समूह शिक्षण के माध्यम से अध्यापक शिक्षा में एक नवीन परिवर्तन लाया जा सकता है।

8. **सहानुभूति तथा सहयोग**–शिक्षक तथा छात्र के मध्य आत्मिक सम्बन्ध होना चाहिए। जिससे छात्र अपनी अनुभूति एवं विचारों को शिक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर सके तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया अधिक सरल तथा प्रभावशाली बन सके।

9. **उद्दीपन**–एक अध्यापक अपनी कक्षा में छात्रों की अनुक्रियाओं के लिए समुचित उद्दीपनों की व्यवस्था करता है जिससे छात्रों की रुचि शिक्षण अधिगम में बनी रह सके। शिक्षण सूत्रों का प्रयोग कर अध्यापक प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सकता है।[9]

---

8. शिक्षा मनोविज्ञान, पाण्डेय, के.पी., अध्यापक शिक्षा

उपसंहार

अध्यापक शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु निम्न बिन्दुओ पर ध्यान दिया जा सकता है–

1. पाठ्य–वस्तु विश्लेषण के साथ ही उन्हें तार्किक क्रम में विन्यस्त करने के कौशल को सिखाया जा सकता है जो कि पाठ–योजना के निर्माण के लिए अति आवश्यक होता है।
2. विषयवस्तु को पुनः लघु पद में स्थापित करने में भावी अध्यापक/अध्यापिकागण कुशलता की प्राप्ति स्वयं कर सकते हैं।
3. प्रत्येक अनुक्रिया के संदर्भ में उपयुक्त पुनर्बलन एवं प्रतिपुष्टि प्रदान करने के कौशल को वे सीख सकते हैं, ताकि कक्षाकक्ष शिक्षण व्यवहार का अनुकूलन कर पाना उनके लिए संभव हो सके।
4. अपेक्षित अधिगम उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए वे उपयुक्त परिस्थिति या अधिगम अनुभवों की संरचना-कौशल से परिचित हो सकते हैं जो शिक्षण प्रभावकारिता की वृद्धि के लिए आवश्यक होता है।
5. अधिगमकर्ताओं में निहित वैयक्तिक विभिन्नता को ध्यान में रखते हुए शिक्षण कार्य को कर पाना उनके लिए संभव हो सकता है जैसा कि प्रायः अभिक्रम आदि के प्रयोग से संभव हो पाता है। इसका प्रयोग शिक्षण में सहायक और परिपूरक के रूप में ही किया जाना अपेक्षित होता है।

अध्यापक शिक्षा में तकनीकी का मनोवैज्ञानिक प्रभाव अत्यधिक है और इसी से अध्यापक शिक्षा में एक नवीन विधा आई है। इस प्रकार अध्यापक शिक्षा एक ऐसा संप्रत्यय है जिसके माध्यम से भावी प्रशिक्षु को प्रशिक्षण दिया जा सके, तथा गुणवत्ता सम्पन्न अध्यापक की तैयारी की जा सके। संविधानगत लक्ष्यों की उपलब्धि हेतु भावी पीढ़ी को भारत

के संविधान तथा मौलिक अधिकार, मौलिक कर्त्तव्यों का ज्ञान स्पष्ट कराया जाए जिससे वह स्वयं की भावनाओं के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का हनन न करे।

समाज तथा राष्ट्र में अनेक समस्यायें हैं जिनका समाधान उपयुक्त ढंग से शिक्षित भावी पीढी द्वारा ही कर पाना संभव है। सांस्कृतिक पुनर्गठन के माध्यम से सभी को एक साथ एक सूत्र में बाँधने का कार्य एक अध्यापक ही कर सकता है तथा इसे बनाने का कार्य अध्यापक शिक्षा करती है। इस प्रकार अध्यापक एक सूत्रधार है और अध्यापक शिक्षा उस सूत्र का आधार है।

ज्ञान प्रदान कर जीवन साकार बनाता है।
अध्यापक, अध्यापक शिक्षा में नए परिवर्तन लाता है।

ज्ञान युग में अध्यापक शिक्षा के मुद्दे एवं चुनौतियाँ

–हर्षवर्धन वशिष्ठ

एम. फिल. छात्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

भारतीय परम्परा में शिक्षक अर्थात् गुरु का स्थान बहुत ही ऊँचा माना गया है। गुरु ही हमें ज्ञान प्रदान करता है। हमें अन्धकार से प्रकाश में जाने के योग्य बनाता है। हमारी भारतीय संस्कृति में गुरु को पूजनीय बताकर, उसके प्रति विनीत और समर्पण भाव रखने का उपदेश दिया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में ''आचार्य देवो भव'' कहा गया है। बौद्ध तथा जैन युग में भी अध्यापक की प्रतिष्ठा महान थी क्योंकि वे आत्मज्ञान देते थे। सबके लिए शिक्षा का एक आवश्यक व अनिवार्य सत्य माना गया है, जिससे शत्–प्रतिशत् साक्षरता अर्जित की जा सके। यूनेस्को अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग ने 1972 में अपने प्रतिवेदन "Learning to be" में स्पष्ट किया था कि शिक्षा बच्चों (बालक) का मूल अधिकार है। इस विचार को भारत ने सहर्ष स्वीकारा है। आज शिक्षा दान नहीं, अपितु बालक का मूल अधिकार है।

यह सत्य है कि शिक्षा मानव संसाधन व राष्ट्रीय विकास का मूल साधन है। किन्तु व्यक्ति के मुक्त चिन्तन और समाज हित में व्यक्तित्व का विकास अत्यन्त महत्वपतूर्ण है। जिसके मुद्दे एवं चुनौतियाँ इस प्रकार हैं:-

* स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में शिक्षा का विस्तार हुआ है। 1947 में साक्षारता मात्र 17 प्रतिशत् थी और आज 74 प्रतिशत् है अर्थात् 26 प्रतिशत् निरक्षरों को साक्षरता की सीमा में लाना है।
* विद्यालयी शिक्षा में अपव्यय तथा अवरोधन को रोकना है।

* छात्राध्यापक जिन पाठों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं उनका नियोजन व निरीक्षण ठीक ढंग से न होना। शिक्षण अभ्यास अवधि 2-6 सप्ताह से बढ़ाकर 8 सप्ताह करना और लिखे पाठों को न मानना।

* शिक्षा के विकास के लिए आवश्यक है कि नए पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाए तथा शिक्षा विषय को भारत के समस्त विश्वविद्यालयों में स्नातक व परास्नातक स्तर पर लागू किया जाए।

* प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर पर प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षण विधियों के साथ-साथ विषय ज्ञान दिया जाए। प्रशिक्षण काल के मध्य यह प्रश्न सदैव उठता है कि किसी भी स्तर पर प्रशिक्षण काल की अवधि कितनी होनी चाहिए। इस संबंध में कोठारी आयोग ने दो प्रकार की संस्तुतियाँ। प्रस्तुत की थी–

  • प्राथमिक स्तर पर प्रशिक्षण काल दो वर्ष का होना चाहिए।

  • माध्यमिक स्तर पर यह भी सुझाया जाता है कि जहाँ। पर एक वर्ष का पाठ्यक्रम है वह भी दो वर्ष का होना चाहिए।

* इस संबंध में सबसे अधिक कठिनाई यह है कि यह कार्य आर्थिक तथा व्यावसायिक दृष्टि से उपयोगी नहीं है। शिक्षा आयोग ने इसका अच्छा उपाय यह बताया है कि एक वर्ष में कार्य दिवसों की संख्या बढ़ा दी जाए। आजकल यह 180-190 दिन है जिसे बढ़ाकर 230 दिन कर दिया जाए। कुछ प्रशिक्षण संस्थानों में कार्य दिवस बढ़ाने के परीक्षण अधिक सफल हुए हैं।

* सामान्य और व्यावसायिक पाठ्यक्रम का मिला-जुला कार्यक्रम विकसित करना। (इस दिशा में अमेरिका में प्रयोग हो चुका है। भारत में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हाईस्कूल के बाद

चार वर्ष का पाठ्यक्रम बनाया गया था और रीजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम चलाए गए। इन संगठित पाठ्यक्रमों को अभी तक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षा विभागों ने मान्यता नहीं दी है)।

* प्रशिक्षण संस्थानों में छात्राध्यापकों के कार्य का मूल्यांकन करने की प्रवृत्ति परम्परागत प्रणालियों में प्रचलित है। छात्र प्रायोगिक परीक्षा में ही अच्छी श्रेणी प्राप्त करने के लिए सामान्यतः धन उपायों को अपनाते हैं– * प्राध्यापक की खुशामद करना * दूसरे प्राध्यापक की निन्दा करना * प्राध्यापक के घर अनावश्यक उपहार पहुँचाना। इसका परिणाम यह होता है कि जो छात्र वास्तव में प्रथम श्रेणी के योग्य है उन्हें न मिलकर अयोग्य छात्रों को प्रथम श्रेणी प्राप्त हो जाती है। मूल्यांकन व शिक्षण विधियों में आमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक है।

* भारतीय संदर्भ में शिक्षा में विविधता है तथा शैक्षिक समानता की कमी के साथ-साथ समस्त छात्रों को समान अधिगम अवसर उपलब्ध नहीं होते, इसलिए समृद्ध तथा असक्षम में लगातार अन्तराल बना है, इसे कम करना।

* विद्यालयी शिक्षा में संसाधनों का बहुत अभाव है। संसाधनों की उपलब्धता की दृष्टि से विद्यालयों में अत्यधिक अन्तर है, इस अन्तर को दूर करना।

* बालिका शिक्षा पर बल देना।

आज परिस्थितियाँ बदल गई हैं। अध्यापक को राष्ट्र निर्माता मानने वालों को अपने मत में परिवर्तन करना होगा। अध्यापक राष्ट्रीय शिक्षाा नीति के अभाव में राष्ट्र का निर्माता कैसे हो सकता है। शासन का पहला कर्तव्य यह हो जाता है कि शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करे। इससे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि समुदाय द्वारा उत्पन्न अनेक समस्याओं का अन्त हो जाएगा और समानता का भाव विकसित होगा। शिक्षा की घोषणा

राष्ट्रीय नीति में संशोधन कर उसे राष्ट्र के अनुकूल बनाए तथा शिक्षा की दलगत राजनीति से परे रखा जाए क्योंकि तात्कालिक लाभ के बजाय भावी समाज का निर्माण करने में सफलता प्राप्त होगी।

विद्यालयी शिक्षा का सीधा संबंध शिक्षक प्रशिक्षण से है यदि शिक्षक प्रभावी है तो सामान्य शिक्षा में स्वतः ही उत्तमता व गुणवत्ता आ जाती है। किन्तु भारतीय परिप्रेक्ष्य में शिक्षक प्रशिक्षण रूढ़िवादिता आधारित है और इसमें शिक्षक नवाचारों की कमी है। भारत में शिक्षा में विभिन्न स्तरों में अध्यापक एक-दूसरे से कोई संबंध नहीं रखते तथा कोई सहयोग नहीं देते जबकि सभी का उद्देश्य शिक्षा की प्रक्रिया को सम्पादित करना होता है। शिक्षण की पुनर्रचना में शिक्षक का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षक का कार्य बड़ा कठिन है, प्रत्येक व्यक्ति एक कुशल शिक्षक नहीं हो सकता।

यूनेस्को के अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग प्रतिवेदन ''अधिगम, अन्तर्निहित क्षमता'' 1986 में शिक्षा के चार स्तम्भ स्पष्ट किए गए हैं, जिनका उपयुक्त प्रयोग भारतीय शिक्षा में संभव है।

- ज्ञान के लिए अधिगम।
- कार्य के लिए अधिगम।
- कुछ बनने के लिए अधिगम।
- साथ रहने के लिए अधिगम।

उपर्युक्त शैक्षिक अवधारणा भारतीय संस्कृति व दर्शन में समाहित है जिसमें व्यक्ति मात्र भौतिक सुख के लिए नहीं, अपितु जीवन में प्रसन्नता व सुख की प्राप्ति हेतु किसी उच्च जीवन लक्ष्य के लिए देखता है। 'वसुधैव कुटुंबकम्' एक भारतीय धरोहर है जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत की जा रही है जिसमें कर्मयोगी होना एक साधना है।

इस प्रकार जब तक शिक्षण को प्रभावी नहीं बनाया जाएगा, व्याख्यान को कम नहीं किया जाएगा, छात्राध्यापकों को शैक्षिक वार्तालाप

में संलग्न नहीं किया जाएगा, उन्हें शैक्षिक सिद्धान्त और उनके प्रयोग के संबंध में निर्णय लेने योग्य नहीं बनाया जाएगा, तब तक हम समर्थ अध्यापक का निर्माण नहीं कर सकते। सबसे आवश्यक तथ्य यह है कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को प्रभावी बनाकर शिक्षा द्वारा प्रजातांत्रिक मूल्यों का विकास व जीवन पर्यन्त शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना, तभी जिज्ञासु समाज में एक स्वतंत्र, संवेदनशील व्यक्ति यह कहने का साहस जुटा सकेगा कि "अधिगम मेरा अधिकार है।" इसे प्राप्त करना ही ज्ञान युग (Knowledge Era) की सर्वश्रेष्ठ चुनौती है।

महर्षि अरविन्द ने कहा था–"अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर माली होते हैं। वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हैं और अपने श्रम से उन्हें सींच–सींच कर महाप्राण शक्तियाँ बनाते हैं।"

अध्यापकशिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार

—विचारी लाल मीना
शोध छात्र

अध्यापक शिक्षा में नवाचार का अर्थ

नवाचारों के प्रयोग से आश्रय उन नवीन वैज्ञानिक विधियों से एवं अन्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त क्रियाओं से लिया जाता है, जो कि शिक्षक शिक्षा को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। जैसे प्राचीन काल में शिक्षण विधि के रूप में व्याख्यान विधि का प्रयोग होता था, परन्तु वर्तमान में दल शिक्षण, योजना विधि एवं समस्या समाधान विधियों का प्रयोग प्रमुखता से होता है।

विगत तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। यह परिवर्तन राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर दिखाई देते हैं तथा इनका प्रयोग शिक्षा के हर स्तर पर है। कुछ प्रमुख परिवर्तन पाठ्यचर्या में नवाचार, शिक्षण विधियों में नवीनता तथा कक्षा में शैक्षिक तकनीकी का प्रयोग आदि हैं। इनके साथ-साथ एक महत्त्वपूर्ण कदम शिक्षा की सामाजिक उपादेयता स्पष्ट करते हुए सामाजिक परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को अवबोध कराना और शिक्षा पर किए जा रहे व्यय का औचित्य सिद्ध करना था।

विगत तीन दशकों में अनेक देश स्वतन्त्र हुए हैं और उनमें प्रचलित शिक्षा प्रणालियों में स्वतन्त्र देश की आवश्यकतानुसार मूल परिवर्तन का प्रयास किया गया है। यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि 1950 के आस-पास शिक्षा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रयास पाठ्यचर्या के परिवर्तन के माध्यम से हुए हैं एवं पाठ्यचर्या के साथ-साथ शिक्षक

प्रशिक्षण एवं शिक्षण विधियों में महत्त्वपूर्ण नवीनता का समावेश हुआ है। प्रस्तुत लेख में पाठ्यचर्या सम्बन्धी नवाचारों पर चिन्तन का एक विनम्र प्रयास किया गया है।

आज यह सर्वमान्य है कि पाठ्यचर्या में वे समस्त अनुभव निहित है, जिनके द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक मानसिक, शारीरिक, नैतिक, बौद्धिक एवं भावात्मक विकास का अवसर प्राप्त होता है। ये अनुभव विद्यालय में अथवा विद्यालय के बाहर नियोजित किये जाते हैं तथा इनका सम्बन्ध विद्यार्थी के पर्यावरण से होता है। ये शैक्षिक क्रियाएँ प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष अनुभवों द्वारा दी जाती हैं।

पाठ्यचर्या को अनेक लेखकों ने भिन्न-भिन्न रूप से परिभाषित किया है तथा अर्वाचीन धारणा में पाठ्यचर्या की परिभाषा विस्तृत एवं व्यापक रूप में की जाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पाठ्यचर्या, पाठ्य विवरण की भाँति सीमित नहीं है। तथा इसकी सीमा, मात्र विद्यालय परिधि में ही समाप्त नहीं हो जाती। इस लेख में निम्न परिभाषा को विद्वानों के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है।

पाठ्यचर्या में वे समस्त नियोजित अधिगम अनुभव सम्मिलित है, जिनको किसी एक सामाजिक संरचना में शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, छात्रों द्वारा प्राप्त किया जाता है। ऐसे अनुभव विद्यालय में एवं विद्यालय के बाहर दोनों औपचारिक एवं अनौपचारिक विधियों द्वारा प्राप्त होते हैं। इस परिभाषा के आधार पर पाठ्यचर्या के कतिपय आवश्यक तत्त्व निम्नलिखित है–

1. पाठ्यचर्या शिक्षा का आवश्यक साधन है।
2. पाठ्यचर्या शिक्षा का वह माध्यम है, जिसके द्वारा मानव मात्र को शिक्षित करना एवं उन्हें मानवीय गुणों से संयुक्त करना है।
3. पाठ्यचर्या एक अनवरत गतिशील प्रक्रिया है तथा वह कभी भी स्थिर नहीं होती।

4. पाठ्यचर्या में मात्र विषय वस्तु का ही उल्लेख नहीं होता, वरन् उसमें निर्धारित किए हुए सम्पूर्ण अधिगम अनुभव, अधिगम क्रियाए, शिक्षण सामग्री, शिक्षण सोपान तथा मूल्यांकन प्रक्रियाए सम्मिलित की जाती है, जिनके द्वारा विद्यार्थियों में मानवीय गुणों का विकास होता है।

पाठ्यचर्या में नवाचार

पाठ्यचर्या योजना स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर बनाई जा सकती है। कभी-कभी विद्यालय स्तर पर भी नवीनीकरण का प्रयास सम्भव है। ऐसे प्रयास भिन्न-भिन्न स्तरों पर होते हैं, किन्तु इनका प्रभाव एक दूसरे पर होता है। इसी कारण से इनके विचारों में अनेक समानतायें मिलती है। यह कहना उपयुक्त होगा कि उत्तम नवाचार का प्रभाव एक विषय से दूसरे विषय पर तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर हो सकता है। यह सर्वविदित है कि सन् 1950-60 में संयुक्त राज्य अमरीका में विद्यालयीय पाठ्यचर्या में मूल परिवर्तन हुए। यह परिवर्तन प्रारम्भ में मात्र कुछ विषयों पर जैसे—विज्ञान एवं गणित में हुए और बाद में अन्य विषयों पर भी हुए। इन परिवर्तनों में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारें तथा स्थानीय संस्थानों ने पूर्ण सहयोग दिया और समस्त प्रयास राष्ट्रीय स्तर पर परिवर्तन सम्भव बना सके। इनका प्रभाव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगभग सभी देशों की पाठ्यचर्या पर हुआ। इनमें भौतिकी पाठ्यचर्या में परिवर्तन (फिजीकल साइंस स्टडी कमेटी प्रोजेक्ट) एक मुख्य दिशा सूचक के रूप में माना जाता है। इसी संदर्भ में रसायन शास्त्र, जीव-विज्ञान, गणित आदि विषयों में नवीन पाठ्यचर्या की रचना की गई और इनमें मूल परिवर्तन किया गया। इन प्रयासों में अनेक शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, मनोवैज्ञानिकों तथा विद्यालयीय शिक्षकों ने मिलकर एक साथ कार्य किया। इस प्रयास से समकालीन विषय को पाठ्यचर्या में सम्मिलित किया गया, नवीन शिक्षण प्रणालियों पर बल दिया गया तथा विषय वस्तु की संरचना में नवीनता लाई गई। प्रो. जे. ब्रूनर इस अभियान के अगुआ रहे हैं जिनकी पुस्तक 'दि प्रोसेस ऑफ एजूकेशन'

(1960) एक महान् कृति के रूप में इन प्रयासों की भूमिका को स्पष्ट करती है। इन प्रयासों के कतिपय नवाचार निम्नलिखित है, जिनका प्रभाव हर देश की शिक्षा में प्रदर्शित हुआ है–

1. अध्यापक शिक्षा का पाठ्यक्रम उस विषय–वस्तु की संरचना का प्रतिनिधित्व करे।
2. पाठ्यक्रम में विषय–वस्तु की इकाईयाँ एक तार्किक अनुक्रम में क्रमबद्ध हों तथा उस विषय की संरचना की नींव बनाती हो।
3. शिक्षण विधियाँ उस विषय में नवीन ज्ञान को खोजने की विधियों का सही प्रतिनिधित्व करती हो।
4. विषय वस्तु एवं शिक्षण सामग्री क्रमबद्ध हो।
5. अधिगम के लिए विभिन्न सीखने की विधियाँ एवं शिक्षण परिस्थितियों का प्रयोग किया जाये।
6. स्वयं सीखने (Self-learning) पर अधिक बल दिया जाये।
7. आवश्यकतानुसार व्यक्ति की क्षमता के अनुसार शिक्षा हो।
8. पाठ्यक्रम में विविध शिक्षण सामग्री के उपयोग का प्रयोजन हो।
9. शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों में विषय के प्रति रचनात्मक अभिवृत्ति जाग्रत की जा सके।
10. पाठ्यक्रम संरचना में मूल्यांकन अभिन्न अंग माना जाये।

इन नवाचारों को कार्य में परिणत करने के लिए अनेक देशों में अनुसंधान केन्द्र प्रारम्भ किये गये। ये केन्द्र अधिकतर विश्वविद्यालयों में स्थापित किये गये थे तथा किसी एक विषय के पाठ्यक्रम में कार्य करते थे।

संयुक्त राज्य अमेरिका में पाठ्यचर्या परिवर्तनों का प्रभाव ब्रिटेन पर हुआ तथा शिक्षक संघ द्वारा इस देश में पाठ्यचर्या में नवीनीकरण प्रारम्भ हुआ। 'नफील्ड' नामक संस्था द्वारा अनुदान दिए जाने के कारण अनेक विषयों के पाठ्यक्रम सुधारे गये तथा मूल परिवर्तन सम्भव हो सके।

इसी प्रकार के प्रभाव अनेक देशों में स्पष्ट दिखाई देते हैं। इन नवाचारों को हर्ड (1969) द्वारा निम्न प्रकार लिखा गया है–

1. पाठ्यचर्या निर्माण कार्य मात्र स्थानीय स्तर पर न हो। यह राष्ट्रीय स्तर पर हो तथा विशेषज्ञ इस कार्य को शिक्षकों के साथ मिलकर करें।
2. शिक्षा का उद्देश्य परिवर्तन तथा भविष्य सम्बन्धी हो।
3. पाठ्यचर्या परिवर्तन सुधार तथा नवाचारों द्वारा हो।
4. पाठ्यक्रम संरचना संप्रत्यय योजना द्वारा हो जो अनुक्रम में जमी हों तथा विषय के तार्किक एकीकरण को प्रस्तुत करती हो।
5. विषय-वस्तु के चयन के लिए सम्प्रत्यय योजना को आधार माना जाये।
6. विषय-वस्तु का चयन विशेषज्ञों अथवा अन्वेषकों द्वारा किया जाये।
7. शिक्षा का कार्य सम्प्रत्यय रचना एवं क्रमिक वैचारिक शक्ति का निर्माण करना है।
8. विषय का ज्ञान विद्यार्थी उसी प्रक्रिया का प्रयोग करके करें, जिससे विषय में नवीन ज्ञान प्राप्त होता है।
9. शिक्षण विद्यार्थी केन्द्रित हो तथा खोज विधि का प्रयोग किया जाये।

10. सीखने के लिए प्रयोगशाला का प्रयोग किया जाये।

अध्यापक शिक्षा में नवाचारों की आवश्यकता

3. **छात्र-शिक्षण में सुधार**–छात्राध्यापकों द्वारा पढ़ाया जाने वाले पाठों के निरीक्षण में सुधार किया जाए। पाठों का नियोजन भी ठीक प्रकार से किया जाए।

4. **विशेष पाठ्यक्रमों की व्यवस्था**–शिक्षा के विकास हेतु नवीन पाठ्यक्रमों का विकास किया जाए। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तरों पर समन्वित पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाए।

5. अध्यापक शिक्षा का पाठ्यक्रम संशोधन एवं विकास जीवन के प्रति उचित दृष्टिकोण का विकास करने वाला हो, और पाठ्यक्रम छात्राध्यापकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला होना चाहिए।

6. पाठ्यक्रम ऐसा निर्मित किया जाना चाहिए जिससे उसका सम्बन्ध अध्यापकों के दायित्व, भारतीय परिस्थितियों, समस्याओं व अध्यापकों से प्रत्यक्ष रूप से रहे।

डॉ. राधाकृष्णन् आयोग ने कहा है कि "सच्ची शिक्षा मात्र सम्पूर्ण पाठों को पढ़ना एवं स्मरण करना ही नहीं है अपितु जीवन यापन के उद्देश्यपूर्ण कार्यों में भाग लेना भी है।"

उपर्युक्त विवेचनानुसार कहा जा सकता है कि बदलते परिवेश में अध्यापक शिक्षा का पदृिश्य भी बदल रहा है। जहाँ प्राचीन काल में अध्यापक का स्थान गौरव, श्रद्धा एवं विश्वास से युक्त था, अब यह सेवा के साथ जुड़ गया है। आज जितने भी व्यवसाय विकसित हो रहे हैं उनमें शिक्षा को भी एक व्यवसाय के रूप में माना गया है। मेरे विचार से अध्यापकों को जितनी सुविधाएँ मिल रही हैं, पहले नहीं थी। अल्प सुविधाओं में भी शिक्षा गुणात्मक रूप से जीवन्त रहती है। लेकिन अधिक सुविधाओं में अध्यापन शिक्षा की गुणात्मकता का ह्रास हो रहा है। यह एक चिन्तनीय विषय है। इस पर पुनः चिन्तन एवं मनन करने की आवश्यकता है।

कहाँ गये वो अध्यापक जिन्हें समाज श्रद्धा, त्याग व सम्मान की दृष्टि से देखता था और वे शिष्य भी कहाँ चले गये जो अध्यापकों पर अपने प्राण न्यौछावर कर देते थे। अध्यापक के गुणात्मक विकास की बिखरी लड़ियों को हमें पुनः जोड़ने की जरूरत है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान के आविष्कार के इस भौतिक युग में हमें अपने भारतीय संस्कारों व मूल्यों के साथ अध्यापक-शिक्षा की खोई हुई गरिमा व प्रतिष्ठा को पुनजीर्वित करना है।

अध्यापक शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में ई. लर्निंग

–राजेश कुमार शर्मा
शेरवावटी बी.एड. कालेज, राजस्थान

अशिक्षित समाज से राष्ट्र के सफल भविष्य के लिए कुछ आशा नहीं की जा सकती है! शिक्षा से ही राष्ट्र को आत्मनिर्भरता, विकास, पूर्ण रोजगार, राजनैतिक विकास, सामाजिक तथा राष्ट्रीय एकीकरण की ओर ले जा सकते है! राष्ट्र के नागरिकों को शिक्षित करने के कार्य में अध्यापकों का अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है।

कोठारी आयोग के शब्दों में–

शिक्षा के स्तर को जो बाते प्रभावित करती है तथा इसका जो योगदान राष्ट्र के विकास में है उसमें सबसे महत्वपूर्ण बात शिक्षक के गुण, योग्यता तथा चरित्र है।

अतः मानव समाज एवं देश की उन्नति अध्यापकों द्वारा ही की जा सकती है। अध्यापक वह धूरी है जिसके द्वारा पाठ्यक्रम का सम्पादन होता है अथवा विद्यार्थी में होने वाले परिवर्तन साक़ार एवं सजीव होते है, यही कारण है कि औपचारिक शिक्षा प्रक्रिया के विकास के साथ–साथ उसकी सफलता हेतु अध्यापक शिक्षा को निरन्तर प्रभावित करते है। यहाँ यह भी स्पष्ट है कि अध्यापक शिक्षा सम्पूर्ण समाज को गुणात्मक शिक्षा की दृष्टि से उन्नत करने के केन्द्र के रूप में देखी गयी।

अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शिक्षा क्षेत्र में जो प्रशिक्षण इलेक्ट्रानिक माध्यम से दिया जाता है उसे ई लर्निंग माध्यम कहा जाता है। इसमें कम्प्यूटर, मोबाईल फोन, रिकोर्ड प्लेयर आदि प्रणालियों का शिक्षा प्रदान करने में उपयोग होता है। इन माध्यमों से

सीखने वाले किसी भी समय व कहीं पर भी सीखने का लाभ ले सकते हैं ई-लर्निंग द्वारा तत्काल सूचनाओं का आदान-प्रदान, प्रशिक्षण व विषय-विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त करने में किया जा सकता है।

इस प्रकार के कार्यक्रमों को विभिन्न प्रकार से ई-लर्निंग द्वारा सीखने वाले तक पहुँचाया जा सकता है। परन्तु प्रत्येक कार्यक्रम में अलग-अलग विधियाँ उपयोग में ली जाती है यह न केवल कार्यक्रम पर परन्तु सीखने वाले पर भी निर्भर करता है और साथ-ही-साथ विषय वस्तु पर भी आधारित होता है सीखने की विधियों में ई-लर्निंग के साथ-साथ पारम्परिक शिक्षण पद्धितियों का भी उपयोग किया जाता है। तथा इन्टरनेट की सहायता से अत्यन्त अल्प व्यय में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में चाही गई जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

आधुनिक युग में रोजगार प्राप्ति के अवसरों को खोजना, रोजगार हेतु आवेदन करना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ज्ञान अर्जित करने में ई-लर्निंग एक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुका है। आने वाले वर्षों में या कहें 2020 तक सभी शिक्षित लोगों के लिए कई नये अवसर मिलेंगे या नये द्वार खुलेंगे, जिसमें ई-लर्निंग एक उत्कृष्ट पायदान पर अपना स्थान बना चुका है। आने वाले समय में विद्यार्थी को अपनी दक्षताओं को सशक्त कर ई-लर्निंग को अपनाना होगा। हमें शिक्षा के आधुनिक माध्यमों के अनुसार परम्परागत शिक्षण विधियों में बदलाव लाने होगे। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने के लिए अनेक सूचनाओं के आदान प्रदान, संस्कृति ज्ञान एवं भिन्न योजनाओं को जानने के लिए एक सामाजिक नेटवर्क का भी निर्माण करवाना आवश्यक हो जायेगा।

ई-लर्निंग के महत्वपूर्ण उद्देश्य-

जीवन में काम आने वाली शिक्षण पद्धतियों के आधुनिकीकरण द्वारा ज्ञान, कौशल एवं दक्षता परिवर्तित किये जा सकते है, जिनके द्वारा औपचारिक-अनौपचारिक एवं सूचनाओं पर आधारित शिक्षा प्रसारित की जा सकती है। ई-लर्निंग द्वारा हम निम्न बातों से जान सकते हैं-

- आम लोगों तक शिक्षा को ई-लर्निंग द्वारा दूरस्थ स्थानों तक बिना कठिनाई के पहुंचाया जा सकते है।
- ई-लर्निंग से शिक्षा एवं प्रशिक्षणों की गुणवत्ता को बढावा दिया जा सकता है।
- शिक्षा के क्षेत्रों में नवाचारों व रचनात्मकता के साथ प्रायोगिकता को भी ई-लर्निंग से बढाया जा सकता है।
- आधुनिक शैक्षिक एवं व्यवसायिक दक्षताओं को बढावा देने के लिए अध्यापकों को ई-लर्निंग द्वारा ज्ञान एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने से गुणवत्तापूर्ण आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करना सिखाया जा सकता है।

यह देखने को भी आया है कि अध्यापकों में प्रारम्भिक शिक्षा-शिक्षक, शिक्षा के समय उन्हें महत्त्वपूर्ण ज्ञान नहीं होता है—इसकी पूर्ति रिफ्रेशर कोर्स द्वारा अर्जित कर करवा सकते है, जो सक्षम संस्थाओं एवं दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा ही हों।

ई. लर्निंग द्वारा विद्यार्थियों के अधिगम में सुधार–

- ई. लर्निंग के द्वारा अध्यापकों की सहायता से विद्यार्थियों के कार्यों को परिवर्तन करने की क्षमता एवं समस्या हल करने के प्रयास को बढ़ावा देना।
- ई. लर्निंग के द्वारा अध्यापकों की सांस्कृतिक जागरूकता एवं भावाभिव्यक्ति को बढावा देना।
- किसी भी परिस्थिति में सिखाने के लिए सीखना आवश्यक है(तकनीकी दौड़ में अध्यापकों को पकड़ मजबूत करनी होगी क्योंकि नवाचारों द्वारा ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है।

ये सभी तथ्य सम्भवतः केवल ई-लर्निंग एवं सूचना प्रौद्योगिकी के प्रशिक्षण और साधनों के माध्यम से अध्यापकों का कम्प्यूटर के सी.डी. रोम के साथ्र सहयोगात्मक जुड़ाव एवं सम्प्रेषण के माध्यमों के साथ

घनिष्ठ सम्बन्ध और विद्यालयी विषयों के अधिगम क्षेत्रों के साथ कठिन समस्याओं का समाधान तलाश कर, अपने शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए, ई. लर्निंग का उपयोग करना अत्यन्त आवश्यक है।

अध्यापक को अपने अध्यापन में प्रारम्भिक से उच्च स्तर पर हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर प्रयोग व रख रखाव कैसे करना है यह सब जानना एक अध्यापक के लिए जरूरी है।

अध्यापक सरकार द्वारा चलायमान अभियानो के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा के अवसर प्राप्त कर और प्रशिक्षित होना आवश्यक होता है।

ई. लर्निंग के तहत योजना निर्माण–

सबसे पहले विषय वस्तु का अध्यापन करके विद्यार्थी एक अध्यापक की आवश्यकताओं को ज्ञात कर कठिन तथ्यों की पहचान की जाती है तथा उसका अनुसरण किया जाता है।

- अध्यापन संरचनात्मक एवं रचनात्मक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत परिस्थिति एवं अधिगम तरीकों की पहचान कर प्रसंगानुसार उदाहरण व गतिविधियों के मध्य सामंजस्य स्थापित कर प्रान्तीय भाषाओं का विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए ई. लर्निंग पाठ तैयार किये जाते हैं।

- इसके अन्तर्गत सर्वप्रथम अध्यापकों द्वारा स्क्रिप्ट तैयारी की जाती है जिसमें मल्टीमीडिया के साथ अन्तर, गतिविधि आधारित समस्त सिद्धांतों व नियमों को जोड़ा जाता है जो एक अधिगकर्ता अर्थात् सीखने वाले के इर्द गिर्द होता है।

- ई. लर्निंग में विषय वस्तु, श्रव्य-दृश्य, ग्राफिक्स, एनिमेशन, अन्त्याक्षरी, शैक्षिक प्रसंग एवं अभिनय प्रमुख होते हैं।

- इसके अन्तर्गत सी.डी. तैयार की जाती है जिसमें स्वाध्याय एवं समुह अधिगम हेतु 15-20 कठिन बिन्दु विषय वार लिए जाते है जिन्हें विषय अध्यापक कक्षा में उपयोग में ले सकते है तब जाकर एक सी.डी. न केवल शिक्षक, अधिगमकर्ता, शिक्षक-

प्रशिक्षकों आदि के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं, लेकिन व्यापक स्तर पर ई. लर्निंग पाठ में ज्यादा मददगार होती है। कक्षाकक्ष शिक्षण तथा सुविधायुक्त अधिगम के लिए विषय वार पाठ सोच समझकर, स्तर के अनुसार पाठ के प्रारूप तैयार या निर्मित किए जाते हैं। इस प्रकार का अधिगम विद्यार्थी के व्यक्तिगत समुह शिक्षण में प्रेरणा बढ़ाने व व्यस्त रखवाने में सहायक होते हैं।

अध्यापक शिक्षा में ई. लर्निंग से लाभ–

- प्रशिक्षुओं को उच्च स्तरीय कार्यकलापों के लिए अभिप्रेरित करना।
- आधुनिक वैश्विकरण को ई. लर्निंग की सहायता से अधिक से अधिक जान सकते है।
- विश्व के किसी भी नवीनतम ज्ञान, वैज्ञानिक गतिविधियों एवं नवीन खोजों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी इटरनेट से तुरन्त प्राप्त की जा सकती है।
- वीडियों कान्फ्रेन्सिग की सहायता से अध्यापक एवं शिक्षार्थी दूरस्थ क्षेत्रों की भाषा, संस्कृति, रहन सहन एवं भौगोलिक ज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- जटिल से जटिल कार्यों को अधिक सुगमतापूर्वक व्यवस्थित किया जा सकता है।
- इससे किसी भी विषय की समग्र जानकारी को नवीन उदाहरणों की सहायता से प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है।
- कठिन से कठिन विषयों को प्रभावी ढंग से समझने व समझाने में ई. लर्निंग एक तटस्थ भूमिका निभाती है।
- इसके अन्तर्गत कक्षा प्रोग्रामों में ई मेल, वेब क्वेस्ट एवं मोबाइल फोन से आधुनिकतम सूचनायें व जानकारी उपलब्ध की जा सकती है।

अध्यापक शिक्षा में ई. लर्निंग से सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी में परिवर्तन–

आज के प्रौद्योगिकी के युग में आई.सी.टी. शिक्षा हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। यह शिक्षा 21वीं सदी के शिक्षार्थी का एक आधुनिक नागरिक के रूप में तैयार करती है।

आज शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन के लिए ई. लर्निंग को वर्तमान पाठ्यक्रम में सम्मलित कर शिक्षा-शास्त्र में सहायक की भांति शामिल करना होगा। शिक्षण एवं अधिगम के क्षेत्र में ई. लर्निंग को एक महत्त्वपूर्ण उपकरण माना जा रहा है जो अध्यापक के कक्षा कक्ष में विषय सामग्री व व्यावसायिक स्रोतों के रूप में अधिकृत है। ई. लर्निंग अध्यापक व विद्यार्थी को भावी सम्प्रेषण के अवसर प्रदान करता है साथ ही साथ शिक्षण कौशलों का विकास करता है।

वर्तमान समय में यह देखा गया है कि अध्यापक सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से नवीनतम ज्ञान प्राप्त कर सकता है और साथ ही साथ तकनीकी जानकारी भी प्राप्त करता है तथा मल्टीमीडिया द्वारा विषय वस्तु का निर्माण कर विषयवस्तु की प्रस्तुतीकरण करने की नवीनतम विधियों का विकास करता है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी सम्प्रेषण का प्रयोग तथा ज्ञान, अवबोध एवं कौशलात्मक बिन्दुओं को विकसित करता है।

- अध्यापक ई. लर्निंग पाठों में लेखन के लिए कुछ विशेष प्रकार के उपकरणों व वर्ड प्रोसेसिंग की प्रणालियों का उपयोग करते है। जैसे-कम्प्यूटर के अन्तर्गत फोल्डर में ग्राफिक्स व इमेजेस का निर्माण करना।
- अध्यापक विभिन्न दस्तावेजों एवं डॉक्यूमेन्टस के प्रारूप तैयार करता है।
- अध्यापक द्वारा उच्च कोटी की मुद्रित सामग्री को तैयार करने के लिए ग्राफिक्स को काम में लिया जाता है। साथ-ही-साथ वेबपेज, मल्टीमीडिया, प्रस्तुतीकरण, योजना प्रारूप का सही मूल्यांकन एवं प्राकल्प तैयार करने में अहम भूमिका निभाता है।

- अध्यापक कक्षा कक्ष में सूचना सम्प्रेषण के माध्यम से न केवल अपने अध्यापन में नवीन विचारों को गति देता है बल्कि अपने शिक्षण को सफलतापूर्वक करा सकता है। इसके लिए उसे निम्न आवश्यक बातों की जानकारी होना आवश्यक है–

- विशिष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ई–लर्निंग का प्रयोग कैसे किया जाये।

- ई. लर्निंग की उपयोगिता एवं उसकी सफलता के लिए शिक्षक शिक्षार्थी को यह जानना होगा कि कक्षा–कक्ष के बाहर कम्प्युटर के बारे में सोचे, विचार करे और एक दूसरे से अन्त:क्रिया भी करें।

- ई. लर्निंग में विषय वस्तु को प्रस्तुत करने का नवीनतम तरीका पावर पाइन्ट प्रजेन्टेशन है। जिसके तहत अध्यापक अपनी विषय वस्तु को ग्राफिक्स, चित्रों, नक्शो आवास आदि से अधिक से अधिक रोचक तरीके से प्रस्तुत कर सकता है इस प्रकार शिक्षार्थी कठिन से कठिन विषय वस्तु को कम समय में अधिक प्रभावी तरीके से अधिगम करता है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ई. लर्निंग अपने आप गुणवत्ता में बदलाव नहीं करती है बल्कि इसके लगातार नवीनतम प्रयोगों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाए जा सकते है। आज प्रत्येक अध्यापक को शिक्षा से संबंधित नवीनतम सूचनाओं तकनीकी की जानकारी प्राप्त करते रहना चाहिए जिससे शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए देश में संचालित प्रशिक्षण महाविद्यालयों को तकनीकी से परिचित किया जा सके। शिक्षा के क्षेत्रों में ऐसे पाठ्यक्रमों एवं शिक्षण विधियों का निर्माण किया जाना चाहिए। जिससे हर व्यक्ति के मस्तिष्क का अच्छा विकास हो सके तथा वर्तमान समय के अध्यापक के अपने विद्यार्थियों के रचनात्मक विकास के लिए ई. लर्निंग का प्रयोग अधिक से अधिक करते रहना चाहिए। जिससे आने वाली पीढी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा सकें।

अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार

–विजय कुमार
शोध छात्र

विद्यालयों में कई प्रकार के शिक्षक मिलते हैं। कुछ बहुत प्रभावशाली तो कुछ बहुत कम प्रभाव वाले। शिक्षक की प्रभावशीलता उसके सामान्य तथा कक्षागत क्रिया-कलापों पर आधारित होती है। ये क्रिया-कलाप शिक्षक के व्यवहारों की ओर संकेत देते हैं। पूरी शिक्षक-तकनीकी, शिक्षक के व्यवहारों में सुधार लाने, परिमार्जन करने तथा उनमें वांछित परिवर्तन लाने की प्रक्रिया पर विशेष बल देती है।

जी. रायन के अनुसार–

शिक्षक का व्यवहार परिवर्तनीय है, उसमें सुधार तथा परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रभावशाली शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के व्यवहारों में वांछित परिवर्तन लाने के लिए शिक्षक अपनी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को संगठित तथा व्यवस्थित बनाने का प्रयास करता है। शिक्षण व्यवस्था में अधिगम के उद्देश्यों तथा अधिगम स्वरूपों को आधार माना जाता है। शिक्षक इसके अन्तर्गत विभिन्न अच्छी शिक्षण युक्तियों, समुचित सम्प्रेषण विधियों तथा उपयुक्त दृश्य-श्रव्य सामग्री का चयन करता है, और प्रयास करता है कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया प्रभावशाली बन सके।

शिक्षाशास्त्र का अर्थ शिक्षण के विज्ञान से होता है। एक शिक्षक अपनी पाठ्यवस्तु का विश्लेषण किस तरह से करता है। यह पूरी तकनीकी शिक्षक के व्यवहारों में परिवर्तन व शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने में सहायक होती है।

नवाचार एक ऐसा विचार है जिसमें व्यक्ति नवीनता का अनुभव करता है। यह पूर्व नियोजित, नवीन एवं विशिष्ट परिवर्तन है, जिसमें विशिष्टता के गुण निहित रहते हैं और इनका उद्देश्य वर्तमान परिस्थितियों में सुधार करना होता है। वास्तव में–

"नवाचार नवीन व पुरातन का एक ऐसा संगम है जो एक नवीन इकाई के रूप में अपनी विशिष्टताओं के साथ प्रकट होता है।"

तकनीकी एवं वैज्ञानिक विकास में शिक्षा का रूप परिवर्तित होता जा रहा है। उस पर औद्योगिकीकरण का काफी प्रभाव पड़ता है, जनसंचार एवं यातायात के साधनों ने शिक्षा की सार्वभौमिकता को बढ़ाया है। ज्ञान का विस्फोट इतनी तीव्र गति से हो रहा है। एक अच्छे शिक्षक को इन नवाचारों से अवगत होना चाहिए और आवश्यकता अनुसार प्रभावशाली शिक्षण के लिए इनका उचित उपयोग करना चाहिए। इस हेतु वे कौन–कौन से उपगामों का प्रयोग करें, यह निर्णय लेने के लिए उन्हें अग्रांकित बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए–

– उनके यहाँ कौन–कौन से उपागम माध्यम उपलब्ध हैं।
– इन उपागमों में से किन उपागमों का प्रयोग करने में सिद्धहस्त हैं।
– वे कक्षा में किस प्रकार का अधिगम अनुभव देना चाहते हैं।
– कक्षा का आकार कितना बड़ा है–उसके अनुसार कौन–सी सामग्री अच्छी रहेगी।
– छात्रों के स्तर, आयु, आवश्यकता तथा गति के अनुरूप कौन–सा उपागम सर्वोत्तम रहेगा।
– क्या नवाचार उपागमों के प्रयोग की आवश्यकता है।

एक प्रशिक्षित अध्यापक को नवाचार उपागमों के प्रयोग में सिद्धहस्त होना चाहिए और आवश्यकता अनुसार प्रभावशाली शिक्षण के लिए इनका उचित प्रयोग करना चाहिए।

कुछ महत्वपूर्ण नवाचार निम्नांकित हैं–

– अनुकरणीय सामाजिक कौशल प्रशिक्षण।

– टी–समूह प्रशिक्षण।

– सूक्ष्म शिक्षण।

– अन्तक्रिया विश्लेषण।

– अभिक्रमित अनुदेशन।

– सहयोगात्मक अधिगम।

– व्यक्तिगत अनुदेशनात्मक प्रशिक्षण।

– प्रणाली उपागम

– कम्प्यूटर आधारित अनुदेशन

अध्यापक शिक्षा में व्यावसायिकता

—हापिना पात्र
शोध छात्र

प्राचीन काल में अध्यापन या शिक्षण को एक सेवा के रूप में देखा जाता था जब ज्ञानदान को एक परमपवित्र एवं महत्वपूर्ण सामाजिक हित के कार्य के रूप में स्वीकृती दी जाती थी। कोई भी गुरु अपने शिष्य को धनार्जन की दृष्टि से शिक्षा प्रदान नहीं करता था शिक्षक का लक्ष्य अपने छात्र का सर्वाङ्गीण विकास करना होता था। परन्तु अर्वाचीन काल में शिक्षक शिक्षा में व्यवसायिक दृष्टि कोण का समावेश हुआ। समाज एवं मानव की आवश्यकता के अनुरूप आज शिक्षक शिक्षा ने व्यावसायिक रूप ग्रहण कर लिया है। आज एक कुशल शिक्षक वही होता है जो शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ धन का अर्जन भी करें। इसलिए शिक्षक शिक्षा में छात्र उन विषयों को प्राथमिकता देता है जिनकी समाज में माँग की उपयोगिता होती है। अतः वर्तमान युग में शिक्षक शिक्षा व्यावसायिकता की ओर झुक रही है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के द्वारा मान लिया गया है कि अध्यापन एक व्यवसाय (वृत्ति) है। वास्तव में किसी उद्यम या आजीविका में कुछ मूलभूत तथ्यों पर ध्यान अवश्य दिया जाता है जो न्युनत्तम कौशलगत दक्षता, कार्याधारित प्रतिवद्धता, एवं व्यवहारगत निष्पादन से सम्बन्धित होते हैं। इन के अभाव में कोई व्यक्ति किसी आजीविका में न तो आर्थिक दृष्टि से सफल हो सकता है और न ही गुणवत्ता की दृष्टि से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के द्वारा अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता स्तरोन्नयन को ध्यान में रखते हुए दक्ष एवं प्रतिबद्ध अध्यापकीय तैयारी को आवश्यक माना गया।

आजीविका की दृष्टि से अध्यापकीय तैयारी के लिए आवश्यकताधारित कार्यक्रम को अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में स्थान देने की अपरिहार्यता को स्वीकार करते हुए परिषद ने स्पष्ट किया है कि निम्न दक्षता और प्रतिबद्धता क्षेत्रों से सम्बन्धित व्यापक शिक्षण प्रशिक्षण इस हेतु अपरिहार्य है।

प्रमुख दक्षता क्षेत्रः-

(1) सन्दर्भगत दक्षता (Contextual)

(2) संकल्पनात्मक दक्षता (Conceptual)

(3) विषयवस्तुगत दक्षता (Content)

(4) सम्प्रेषण सम्बन्धी दक्षता (Trensactional)

(5) अन्य शैक्षिक क्रिया कलाप सम्बन्धी दक्षता (Other Educational Activities)

(6) शिक्षणाधिगम सामग्री निर्माण सम्बन्धी दक्षता (Denlop Teaching Learning Materials)

(7) मूल्यांकन दक्षता (Evaluation)

(8) प्रबन्धन दक्षता (Management)

(9) अभिभावक सह कार्यसम्बन्धी दक्षता (Working with Parents)

(10) समुदाय तथा अन्य अभिकरण सह कार्यसम्बन्धि दक्षता। (Woreking with Community and other Agencies)

प्रतिबद्धता के क्षेत्रः-

आधुनिककालीन अध्यापकीय तैयारी के लिए परिषद के द्वारा दक्षता के साथ ही कई प्रतिबद्धता को भी स्पष्ट किया गया है। जैसे–

अधिगमकर्त्ताओं के प्रति प्रतिबद्धताः-

अध्यापकों के चरित्र और व्यक्तित्व का प्रत्यक्ष प्रभाव छात्रों के मन

एवं मस्तिष्क पर पड़ता है। अधिगम अभिवृति का निर्माण विद्यालय में होता है और यह तभी सम्भव है जब अधिगमकर्ता को यह प्रतीत हो कि अधिगम एक कष्टकारी न होकर आनन्ददायक एवं उपयोगी अनुभव है। अधिगम कर्त्ताओं के प्रति प्रतिबद्ध अध्यापक ही अधिगम को सरल एवं रोचक बना सकता है। जिन्हें न केवल अपनी विषय वस्तु, के प्रति प्रेम हो बल्कि अधिगमकर्त्ता भी प्रिय हो।

समाज के प्रति प्रतिबद्धता:-

अध्यापन में सफलता के लिए सामाजिक प्रतिबद्धता को अस्वीकृत नहीं किया जा सकता है। जिन समाज में व्यक्ति निवास करता है। उसके प्रति अवश्य ही उसका कुछ ना कुछ दायित्व होता है अतः किसी भी सामाजिक वर्ग से अधिगमकर्त्ता क्यों न आया हो, अध्यापक का दायित्व सभी को समान शैक्षिक अवसर प्रदान करना उनका कर्त्तव्य होता है।

जिस प्रकार अधिगमकर्त्ताओं के प्रति प्रतिबद्धता से अध्यापकगण उनमें प्रशंसित हो सकते हैं वैसे ही समाज के प्रति प्रतिबद्धता के प्रदर्शन से वे समाज और समुदाय के सदस्यों के द्वारा सम्मानित भी हो सकते हैं।

आजीविका के प्रति प्रतिबद्धता:-

एक अध्यापक अवश्य ही अपनी व्यवसायगत नैतिकता और कर्त्तव्य का अनुपालन करता है। चाहे उसे सामाजिक प्रतिदान मिले या ना मिले। जो मानव को दानव बनने से रोककर एक संस्कारवान मानव बनने की शिक्षा देने में समर्थ हो। उसे समाज या राष्ट्र क्या और कितना प्रतिदिन दे सकता है। कहा जाता है कि विद्या का कोई मूल्य निर्धारण नहीं कर सकता है। उसी प्रकार अध्यापक के ज्ञानदायिनी आजीवीका का प्रतिदान देना किसी अरबपति से भी सम्भव नहीं है। फिर हीन भावना का क्या स्थान इस पवित्र आजीविका में हो सकता है। कोई भी औपचारिक शिक्षा न देकर भी एक अध्यापक या अध्यापिका अपने आदर्श चरित्र एवं सद्व्यवहार के माध्यम से अपने छात्रों के जीवन को

दिशा निर्देशित करने में जितना सक्षम हो सकता है उतना अन्य कोई भी आजीविका वाला व्यक्ति नहीं हो सकता है।

मात्र इतना ही ज्ञान उनमें आजीविका के प्रति एक आन्तरिक प्रतिबद्धता उत्पन्न कर सकता है।

व्यवसायगत क्रियाकलाप में उत्कृष्टता की प्राप्ति सम्बन्धी प्रतिबद्धता:-

सेवा पूर्व तथा सेवा कालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से यदि ज्ञान प्राप्ति के आग्रह को अध्यापक एवं अध्यापिकाओं में जाग्रत करने और उसकी निरन्तरता को बनाये रखने के लिए प्रयास कर पाना सम्भव हो पाता है। तो कोई कारण ऐसा नहीं हो सकता है कि शिक्षणाभ्यास के द्वारा एक अध्यापक सफलता के प्राप्ति को सुनिश्चित न कर सके। जैसा कि एक चिकित्सक अपने चिकित्सा आजीविकागत अभ्यास के माध्यम से क्रमशः उत्कृष्टता स्तर को प्राप्त करने के लिए प्रयास कर पाता है। उत्कृष्टता के प्रति हार्दिक प्रतिबद्धता के रूप में इस क्षेत्र को स्पष्ट किया जा सकता है।

अध्यापकीय भूमिका निष्पादन का आकलन:-

एक अध्यापक को सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए विभिन्न भूमिकाओं का निष्पादन करना होता है-

(1) कक्षाकक्ष भूमिका

(2) विद्योन्नय स्तरीय निष्पादन

(3) विद्यान्नयेतर शैक्षिक क्रियाकलाप सम्बन्धि निष्पादन

(4) अभिभावक सम्बन्धित निष्पादन

(5) समुदायसम्बन्धित निष्पादन

(6) अध्यापक शिक्षा की व्यापक प्रकृति

अध्यापक शिक्षकों की तैयारी:-

अध्यापक शिक्षक ही व्यवसायिकता दृष्टि से कुशल अध्यापकों की तैयारी के लिए सेवापूर्ण तथा सेवा कालीन स्तर पर उत्तरदायि होता है। अतः उनके लिए इस दिशा में ठोस और मानक शिक्षा कार्यक्रम की आवश्यकता अवश्य है। समुदाय और समाज के साथ अन्तःक्रियात्मक और गत्यात्मक सम्बन्ध को विकसित करते हुए वे भावी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को एक आदर्श एवं अनुकूल वातावरण में शिक्षित बनाने के लिए प्रशिक्षण दे सकता है। ताकि उन्हें स्थानीय सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के बारे में यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो सके।

अध्यापक शिक्षकों की तैयारी के लिए दक्षतापूर्ण और प्रतिबद्धता उन्मुख ठोस पाठ्यक्रम की आज आवश्यकता है। ताकि वे दक्षता, प्रतिबद्धता और भूमिका निष्पादन के पहचाने गये समस्त क्षेत्र तथा तत्त्वों से परिचित हो सकें। वे अध्यापक शिक्षा तथा विद्यान्नयिय शिक्षा दोनों के लिए ही निर्दिष्ट किये गये उद्देश्यों से परिचित होते हुए उन्हें सम्प्राप्त करने की दिशा में अपनी भूमिका को निर्धारित कर सकें। इस हेतु उन्हें विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की आज आवश्यकता है।

बदलते हुए सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवेश में परिवर्तनशील अध्यापकीय दायित्व और स्तम्भ के बारे में तथा साथ ही साथ सूचना प्रौद्योगिकी एवं शिक्षण तकनीकी आदि के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए भी आज यह अपेक्षित है कि अध्यापक शिक्षा में प्रचलित कार्यक्रम प्रारूप में सुधार किये जायें।

अन्त मैं यह कहना चाहुँगी कि प्राचीन काल में शिक्षा को मोक्ष का साधन माना जाता था-"सा विद्या या विमुक्तये" परन्तु आज शिक्षा को रोजगार का साधन माना गया है। यथा-सा विद्या या नियुक्तये। उसी प्रकार आज यदि अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम को अधिक व्यावहारिक, व्यवसायमूलक, शिक्षणदक्षता सन्दर्भित बनाना है। तो अवश्यमेव अध्यापक शिक्षा को व्यवसायगत शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम देखना होगा।

अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार प्रविधियाँ

—महेश उनियाल
एम. एड.

अध्यापक शिक्षा : बदलता परिदृश्य

वैश्विक इतिहास में यदि देखा जाए तो प्रत्येक राष्ट्र ने स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् कई प्रकार के सामाजिक परिवर्तनों की आवश्यकता अनुभव की है, हमारा देश भी इसका अपवाद नहीं है, हमारी सरकार के सामने कई प्रकार की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और इस प्रकार की अन्य समस्याएँ आई। इस परिवर्तन के कारण शिक्षा के क्षेत्र में भी परिवर्तन आए। शिक्षा के महत्त्व पर बल दिया गया। प्रशिक्षित अध्यापकों और स्कूलों की आवश्यकता में वृद्धि हुई। साथ ही आवश्यकता शिक्षा का प्रत्यय विकसित हुआ। राष्ट्रीय आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के संदर्भ में हमारी शिक्षा की व्यवस्था को एक बड़े परिवर्तन की आवश्यकता थी। कहा गया कि हमारी शिक्षा व्यवस्था आवश्यकताओं को परिपूरित नहीं कर पा रही है। यह परिवर्तन हमेशा अध्यापक प्रशिक्षण का जो प्रत्यय विकसित हुआ था, उसमें परिवर्तन केवल अध्यापक शिक्षा का स्वरूप आया। यह माना गया कि अध्यापक शिक्षा केवल प्रशिक्षण ही नहीं था। इसके लिए अध्यापक स्नातकों की आवश्यकता महसूस की गई। इस माँग को पूरा करने के लिए अधिक प्रशिक्षण स्कूलों को भी शुरू करने पर बल दिया गया।

अध्यापक शिक्षा को औपचारिक स्वरूप में प्रत्येक स्तर के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम को होना अति आवश्यक है, ताकि निर्धारित उद्देश्यों की सम्प्राप्ति उसके माध्यम से कर पाना सम्भव हो सके। वर्तमान सन्दर्भ में पाठ्यक्रम के क्षेत्र में नित्य नवीन समावेश की आवश्यकता को किसी

भी स्तर पर आज स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि नये प्रयोग और नवाचारिक प्रयत्नों के कारण नित्य ज्ञान के क्षेत्र में वृद्धि हो रही है। अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन विद्यालयीय शिक्षा से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर किया जाना अपेक्षित है। ताकि भविष्य में आने वाले अध्यापक नवीनतम विद्यालयीय पाठ्यक्रम व सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण कार्य सम्पादित कर सकें। किसी भी संस्था से प्रशिक्षित अध्यापकों की क्षमता उस संस्था के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पर निर्भर करती है परन्तु वर्तमान समय में भी विभिन्न संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में सम्पूर्णता का अभाव है। यदि विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से देखें तो अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में निम्नलिखित दोष सामान्यतया दिखाई देते हैं–

* अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम की समय–सीमा बहुत अल्प है।
* पाठ्यक्रम का अनुप्रयोग व अध्यापक प्रशिक्षण का ढंग भविष्य के अनुरूप नहीं है।
* अध्यापकीय शिक्षा में अध्यापकों के विषय–वस्तु सम्बन्धी ज्ञान की अपेक्षा शिक्षा विधियों पर अधिक ध्यान दिया जाता है।
* इसका सम्बन्ध विद्यालय एवं समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति से नहीं है।
* अध्यापक शिक्षा में सैद्धान्तिक व प्रयोगात्मक कार्यों में परस्पर सम्बन्ध नहीं है।
* साथ ही इसका प्रयोगात्मक पक्ष भी पूरी तरह से उपयुक्त अवसर उपलब्ध नहीं कराता है।
* संस्थाओं में अधिकतर अध्यापक प्रशिक्षक वर्ग परिपक्व नहीं है।
* यह वर्तमान शिक्षा पर आधारित नहीं होता तथा साथ ही इसमें लचीलेपन का अभाव है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में पर्याप्त सुधार की आवश्यकता है। किन्तु इसमें सुधार की बात करते समय बहुत सावधानीपूर्वक निर्णय लेने की आवश्यकता है। वस्तुतः अध्यापक शिक्षा के दो मुख्य भाग है–सैद्धान्तिक व प्रायोगिक। दोनों ही पक्षों में एक सकारात्मक तथा उचित समन्वय को स्थापित करने की आवश्यकता है। साथ ही राष्ट्रीय उद्देश्यों एवं सामाजिक आवश्यकताओं को भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में सुधार के लिए निम्नलिखित आधारभूत तथ्यों पर ध्यान देने की जरूरत है–

* भारतीय दृष्टिकोण से प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता किन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।
* प्रशिक्षित अध्यापकों के परिवर्तनशील भारतीय समाज में क्या उत्तरदायित्व है।
* कार्यकुशल अध्यापकों के लिए सामान्य व व्यावसायिक शिक्षा की कितनी आवश्यकता है।
* भारत देश में शिक्षक प्रशिक्षण किस प्रकार शिक्षा के स्तरों को प्रभावित करता है।
* वर्तमान में कितने प्रकार के शिक्षकों की विद्यालयों में आवश्यकता है।
* समाज, विद्यालय एवं अभिभावकों के साथ उचित सम्प्रेषण के लिए शिक्षकों को किन कौशलों तथा योग्यताओं की आवश्यकता हैं।
* देश के विकास कार्यक्रम में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों पर व्यय हो।
* राष्ट्रीय बजट का कितना प्रतिशत ऐसे कार्यक्रमों पर व्यय किया जाए।

* शिक्षा व्यवस्था में इन कार्यक्रमों को किस प्रकार सञ्चालित व्यवस्थित तथा नियन्त्रित किया जाए।

निम्नलिखित तथ्यों में हम बढ़ोतरी तो कर सकते हैं परन्तु हमारे पास इसके संदर्भ में कोई निश्चित जानकारी व सूचना नहीं है। हमारे देश में कोई उपयुक्त पद्धति अध्यापकीय शिक्षा बनाने के लिए या वर्तमान पद्धति में सुधार के लिए कोई वैज्ञानिक विधि है? हमारे पास अध्यापकीय शिक्षा कार्यक्रम को सही दिशा देने के लिए न तो उपयुक्त सरकारी नीति है और न ही कोई व्यावसायिक संस्थान।

पूर्व प्राथमिक स्तरीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम

शिक्षा के सभी स्तरों पर अध्यापकीय शिक्षा के लिए अलग-अलग पाठ्यक्रमों की व्यवस्था की गयी है। राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के द्वारा 1970 में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए यह पाठ्यक्रम का प्रारूप प्रस्तुत किया गया था जिसके अन्तर्गत–

भाग 'अ' सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम जिसके अन्तर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा के दार्शनिक आधार एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, पूर्व प्राथमिक शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार, स्वास्थ्य पोषण तथा शालापूर्ण छात्र कल्याण, शिक्षण विधि तथा साधन, शालापूर्व संगठन तथा सामुदायिक सम्बन्ध, भाषा विज्ञान तथा सामाजिक अध्ययन एवं सृजनात्मक कला तथा क्राफ्ट **भाग 'ब' नर्सरी विद्यालय निरीक्षण एवं सहभागिता के अन्तर्गत** छात्र, कार्यक्रम, शिक्षण विधि और साधन-निरीक्षण एवं प्रतिवेदन, क्षेत्र भ्रमण और अभिभावक तथा सामुदायिक कार्यक्रम वितरण, शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम, शिक्षण सामग्री (खिलौने, कला, हस्तकला सामग्री) निर्माण, सैद्धान्तिक कार्याधारित प्रायोगिक कार्य, एवं पाठ्यसहगामिक्रियाकलाप में सहभागिता (नृत्य, गीत, नाटक, खेल) इत्यादि।

1978 में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् ने पाठ्यक्रम रूपरेखा में इस स्तर के लिए कई वैकल्पिक व्यवस्थाओं को स्थान दिया गया है।

दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 20% समय सिद्धान्त के लिए तय किया गया। जिसमें उभरते हुए भारतीय समाज में शिक्षा तथा शिक्षक, बाल विकास और विशिष्ट पाठ्यक्रम को स्थान दिया गया। सामुदायिक कार्य के लिए 20% समय निर्दिष्ट किया गया। जिसमें कार्यानुभव को सम्मिलित किया गया। 60% समय तीसरे भाग के लिए निर्धारित किया गया है। जिसमें शिक्षण विधि, शिक्षण अभ्यास और प्रायोगिक कार्य को ध्यान दिया है। इस प्रकार इस पाठ्यक्रम योजना में सिद्धान्त को कम और विधिगत भाग को अधिक महत्त्व दिया गया है।

माध्यमिक स्तरीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम

माध्यमिक स्तर पर अध्यापकीय तैयारी के लिए प्रायः एकवर्षीय बी.एड. या समकक्ष उपाधि को ध्यान दिया जाता है। एन. सी. टी. ई. के प्रारूप के अनुसार पाठ्यक्रम में शिक्षा सिद्धान्त, शिक्षा मनोविज्ञान, विद्यालय प्रशासन एवं स्वास्थ्य शिक्षा, विभिन्न विद्यालयीय विषयों के लिए शिक्षण विधियाँ, शिक्षा का इतिहास तथा समस्याएँ तथा एक वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित प्रश्न पत्रों को स्थान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रायः 30 से 60 शिक्षण पाठों का अभ्यास भावी अध्यापकों को शिक्षण अभ्यास के दौरान या इन्टर्नशिप या ब्लॉक टीचिंग के द्वारा करना होता है। 20% समय को सैद्धान्तिक पक्ष के लिए तथा 20% सामुदायिक एवं अन्य व्यावहारिक कार्यों के लिए तथा शेष 60% समयावधि को विषयवस्तु केन्द्रित शिक्षण अैर सम्बन्धित प्रायोगिक कार्य आदि के लिए आवंटित किया जाता है। वास्तविक परिस्थितियों में इसके विपरीत प्रायः सैद्धान्तिक पक्ष के लिए ही अधिकांश समय का उपयोग कर लिया जाता है शेष 30 से 40% समयावधि में अन्य सभी कार्य किसी तरह सम्पूर्ण करने का प्रयत्न किया जाता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हम समयावधि और सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक भाग में समन्वय की कमी के कारण अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम वास्तविक लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं कर पाता है। इस सम्बन्ध में

कोठारी आयोग के सुझाव बहुत महत्त्वपूर्ण है। कोठारी आयोग के अनुसार-योग्यता, 'गुण' शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम की जान है और इसकी कमी से अध्यापक शिक्षा न केवल एक वित्तीय बर्बादी होगी, वरन् यह शैक्षिक स्तर में गिरावट का महत्त्वपूर्ण कारण बन जाएगा। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कोठारी आयोग ने अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में गुणात्मक उत्थान के लिए कुछ आवश्यक निर्देश दिये हैं जो निम्न प्रकार से हैं–

* विश्वविद्यालयों में सामान्य तथा व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों को आरम्भ किया जाएगा।
* शिक्षा में अनुसन्धान के विकास द्वारा व्यावसायिक शिक्षा को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जाय।
* विषय का पूर्ण नियोजित समायोजन या विश्वविद्यालयों का स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के सहयोग से शिक्षण के मूल तत्त्वों के बारे में गहन अध्ययन।
* शिक्षा तकनीकी में सुधार जिसमें स्वाध्याय तथा वाद-विवाद को पूरा स्थान मिल सके और मूल्यांकन के तरीकों में सुधार किया जाए जिसमें आन्तरिक प्रयोगात्मक कार्य का सही तरीके से मूल्यांकन किया जा सके।
* शिक्षण अभ्यास में सुधार कर इसे व्यापक कार्यक्रम बनाया जाये।
* विशेष पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों का विकास किया जाए।
* शिक्षा पद्धति में शिक्षक की बहुमुखी जिम्मेदारियों को ध्यान रखते हुए प्रत्येक शिक्षा पाठ्यक्रम में सुधार किया जाए।

आयोग की निम्नलिखित बातों में भारतीय परिप्रेक्ष्य में कोई ऐसा ठोस निर्देश नहीं है जो अध्यापक शिक्षा का आधार बन सके। इन सुझावों में कुछ बातें बहुत प्रभावशाली है। जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यापक

करना, विशेष पाठ्यक्रम इत्यादि महत्त्वपूर्ण है परन्तु इन सबमें समन्वय का अभाव दिखता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में भी अध्यापक शिक्षा के संदर्भ में कुछ सुझाव दिये जो निम्न प्रकार से है–

* शिक्षक प्रशिक्षण एक सतत् प्रक्रिया है और इसके सेवापूर्व व सेवारत घटक अविभाज्य है, एक पहले उपाय के रूप में शिक्षक शिक्षा प्रणाली की पूरी जाँच की जाएगी (अनुच्छेद 9.4)।
* शिक्षक शिक्षा के नये कार्यक्रम सतत् शिक्षा और इस नीति की महत्त्वपूर्ण बातों पर बल देंगे (अनुच्छेद 9.5)।
* राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को शिक्षक संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने की क्षमता और संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे। तथा पाठ्यचर्या और प्रविधियों से सम्बन्धित मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिक्षक शिक्षा संस्थाओं तथा विश्वविद्यालय शिक्षा विभागों के बीच ताना बाना बुनने से सम्बन्धित प्रबन्धों का सृजन किया जाएगा (अनुच्छेद 9.6)।

इस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अध्यापक समुदाय पर पूर्ण आस्था को व्यक्त किया गया साथ ही उनकी कार्य दशा और गुणवत्ता उन्नयन के सुझाव दिये गये।

अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार

उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर हम देखते हैं कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद समय-समय पर विभिन्न आयोगों ने अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में सुधार के सुझाव दिये। परन्तु वर्तमान में भी सत्य यह है कि अध्यापक शिक्षा संस्थानों में शिक्षक प्रशिक्षण अभी भी गुणवत्तापूर्ण नहीं है। साथ ही भारत जैसे विकासशील देश को विकसित बनाने के लिए इसमें तत्काल गुणवत्ता उन्नयन करना परमावश्यक है, इसके लिए पाठ्यक्रम में नवाचार करने होंगे, जिसमें भावी अध्यापकों को सामाजिक परिवर्तनों के अनुरूप ढाला जा सके। इसके लिए कुछ नवाचारिक

प्रविधियाँ निम्न है। जैसे–प्रणाली उपागम का प्रयोग, संगणकीय अनुप्रयोग, समाजोपयोगी उत्पादक कार्य, मस्तिष्क उद्वेलन, दूरस्थ शिक्षा इत्यादि।

अध्यापक शिक्षा में प्रणाली उपागम (System Approach in Teacher Education) : अध्यापक शिक्षा, सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत कार्य करने वाली एक उपप्रणाली है। जिसमें वाञ्छित स्तरोन्नयन हेतु प्रणाली उपागम का प्रयोग करते हुए यह प्रयास किया जाता है कि–प्रभावकारी योजना का निर्माण, अध्यापक शिक्षा में नियन्त्रण व समन्वयन को प्रोत्साहन, अनुकूलतम संसाधनों का उपयोग, क्रियात्मक एवं कौशलगत प्रशिक्षण, मूल्यांकन का अनुप्रयोग एवं गुणात्मक पक्ष का उन्नयन।

अध्यापक शिक्षा में तीन प्रकार के अदा कार्यरत हैं। 1. अध्यापक शिक्षक, 2. भावी अध्यापक तथा 3. अध्यापन प्रणाली/साधन। अदा के इन तीनों अवयवों के गुणात्मक स्तर को नियन्त्रित करने के प्रयास से प्रणाली के आधारभूत कारक को नियन्त्रित कर पाना सम्भव हो सकता है। इस प्रकार इन तीनों तत्त्वों को प्रणाली विश्लेषण के माध्यम से नियन्त्रित कर प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रतिपुष्टि केन्द्रित यह नवाचारिक व्यवस्था उद्देश्यों की प्राप्ति को सुनिश्चित करती है।

सङ्गणक साहाय्यित अनुदेशन (Computer Assisted Instruction) : यह एक महत्त्वपूर्ण नवाचारिक उपक्रम है। यह वह व्यवस्था है जिसमें संगणक की सहायता ली जाती है और अभिक्रम आदि को प्रस्तुत करने के लिए प्रयास होता है। यह एक श्रव्य–दृश्य साधन के रूप में स्थित है। भावी अध्यापकों के लिए इसका ज्ञान आज के तकनीकी युग में परमावश्यक है। तथा अपनी क्षमता व तत्काल प्रतिपुष्टि के कारण अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में परमोपयोगी है।

कार्य अनुभव (Work Experience) : किसी विशेष क्षेत्र के किसी उत्पादक कार्य में प्रतिभागिता के आधार पर प्राप्त होने वाले अनुभव को कार्य अनुभव कहते हैं। यह किसी कार्यक्षेत्र विद्यालय, कल–कारखाने, गृहस्थी आदि से सम्बन्धित हो सकता है। जहाँ जीवनोपयोगी

अनुभव की प्राप्ति होती है। N.C.E.R.T. द्वारा इस संदर्भ में प्रकाशित पुस्तिका "The Curriculum for the Ten year's School : A Framework" (1975) में इस संकल्पना को स्पष्ट किया गया है। गामक कौशल के साथ समाज-सेवा व उपयोग वस्तुनिर्माण को इस नवीन सम्प्रत्यय में महत्त्व दिया है। अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में इसका प्रयोग समाजोपयोगी शिक्षक तथा 'करके सीखना' तथा निरीक्षण, परीक्षण, आलोचना, निर्णय ग्रहण आदि क्षमताओं को विकसित करने में मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यह एक व्यावहारिक नवाचार है।

दूरस्थ शिक्षा (Distance Education) : समाज में प्रशिक्षित अध्यापकों की बढ़ती माँग तथा संस्थानों की सीमितता को देखते हुए यह कहना अनुचित नहीं कि आगामी दिनों में न केवल सेवारत अध्यापकों के दिशा निर्देशन तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों को सञ्चालित करने के लिए ही बल्कि सेवापूर्वकालीन स्तर पर भी अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा प्रणाली का प्रयोग अपरिहार्य हो सकता है। बहु माध्यम उपागम को अपनाने के कारण अध्यापक शिक्षा को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रदान करना कठिन नहीं है। जबकि निश्चित अवधि के लिए सम्पर्क कार्यक्रम तथा इन्टर्नशिप की प्रत्यक्ष व्यवस्था को औपचारिक सेवापूर्व स्तरीय अध्यापक शिक्षा के समरूप रखने की बात स्वीकृत हो।

मुक्तवात सत्र (Open Air Session) : इसे वनशाला शिविर भी कहा जाता है। यह मूलतः मुक्त अनुदेशनात्मक प्रणाली है। जिसमें शिविर में विद्यालय की कल्पना कर वनशाला शिविर नाम दिया जाता है।

मस्तिष्क उद्वेलन (Brain Storming) : यह एक ऐसा नवाचार है जिसमें कल्पना शक्ति व सर्जनशीलता को विकसित किया जाता है। अध्यापक शिक्षा की वर्तमान समस्याओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए यह प्रभावकारी हो सक़ती है।

इसके अतिरिक्त दलगत शिक्षण (Team Teaching), पत्राचार, शिक्षा आदि इसके अन्तर्गत लिखित पाठ, व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम, आकाशवाणी कार्यक्रम, शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम इत्यादि प्रविधियाँ हैं।

किन्तु उपयुक्त सभी नवाचारों का विश्लेषण करना भी परमावश्यक है। जिसमें इसकी उपादेयता में वृद्धि की जा सके।

निष्कर्ष

वस्तुतः वर्तमान समय में अध्यापक शिक्षा को भविष्य का ध्यान में रखकर व्यवस्थित करना चाहिए। आगामी वर्षों में भारत देश को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी दक्ष अध्यापकों की आवश्यकता है। अतः इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए तथा नित्य नये सामाजिक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए एवं नित्य विकसित हो रहे नये अनुशासनों से भावी अध्यापकों का सामञ्जस्य स्थापित करने के लिए तथा सर्वकालीन प्रभावी अध्यापक तैयार करने के लिए अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार प्रविधियों को अपनाने के साथ-साथ पाठ्यक्रम के स्वरूप में भी परिवर्तन की आवश्यकता है।

संदर्भ

1. शर्मा, डॉ. आर. ए, अध्यापक शिक्षा एवं तकनीकी : आर. लाल बुक डिपो, मेरठ
2. भट्टाचार्य, जी. सी., अध्यापक शिक्षा : आगरा पब्लिकेशन्स, आगरा-2।
3. अग्रवाल, जे. सी., राष्ट्रिय शिक्षा नीति : प्रभात प्रकाशन दिल्ली।

अध्यापक शिक्षा की वर्तमान समस्याएँ एवं सुझाव

–विपिन शर्मा
एम. एड.


शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बनाने हेतु अध्यापक शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है क्योंकि किसी भी देश का निर्माण उसके कक्षा-कक्ष (Class Room) में ही होता है एवं अध्यापक का इस प्रक्रिया में विशेष योगदान रहता है। परन्तु वर्तमान में अध्यापक शिक्षा के समक्ष बहुत सी चुनौतियाँ है जिनके कारण अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर संतोषजनक नहीं है। समस्याएँ ही चुनौतियों के उत्पन्न होने के लिए आधारशीला का कार्य करती है अतः अध्यापक शिक्षा (प्रशिक्षण) कार्यक्रम का आलोचनात्मक विश्लेषण करके उसके कमजोर पक्ष एवं समस्याओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि समस्याओं का समाधान करके गुणवत्ता में वृद्धि की जा सके।

भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न कमेटियों ने यह महसूस किया है कि अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में जो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है उसका स्तर असंतोषजनक है तथा उसमें सुधार की आवश्यकता है। स्पष्ट रूप से सभी ने प्रशिक्षण प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए शीघ्रतया ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया है। बहुत से विश्वविद्यालयों ने इस ओर ध्यान देना प्रारंभ भी किया है। विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है ताकि इस ओर निरन्तर ध्यान देते हुए वांछनीय सुधार लाया जा सके एवं सभी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में लागू किया जा सके।

वर्तमान अध्यापक शिक्षा की समस्याओं को समझने से पहले हम शिक्षण प्रक्रिया पर एक दृष्टि अवश्य डालनी चाहिए।

शिक्षण प्रक्रिया में निम्नलिखित पक्ष महत्त्वपूर्ण होते हैं–

1. अध्यापक	Teacher (T)
2. शिक्षायी	Student (S)
3. पाठ्यचर्या	Curriculum (C)
4. पर्यावरण अथवा संस्थान	Enviornment/Institution
5. लक्ष्य	Goal



शिक्षण प्रक्रिया को हम इस परिभाषा द्वारा सरलतया स्पष्ट कर सकते हैं–

''शिक्षण, अध्यापक एवं छात्र के मध्य परस्पर अन्तःक्रिया है जो निश्चित पाठ्यक्रम के आधार पर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक निश्चित वातावरण में होती है।''

अन्य शब्दों में–छात्र को लक्ष्य की प्राप्ति कराने के लिए अध्यापक, पाठ्यचर्या तथा वातावरण (संस्था) मुख्य भूमिका निभाते हैं। स्पष्ट है कि अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए हमें इन तीनों पक्षों (अध्यापक, पाठ्यचर्या तथा संस्था) से संबंधित समस्याओं का समाधान करना होगा जो कि इस प्रकार है :-

1. प्रवेश संबंधी समस्या (Admission Related Problem)
2. व्यावसायिक अभिवृत्ति के विकास पर कम बल (Less Emphasis on Professional Attitude
3. विश्वविद्यालय की मुख्य शैक्षिक धारा के साथ कम या कोई अन्त: क्रिया नहीं। (Little or No Interaction with the main Academic Stream of a university)
4. अप्रभावी शिक्षण विधियाँ (Ineffective Methods of Teaching)
5. विद्यालय अभ्यास पर अधिक ध्यान नहीं (No Impact on School Practices)
6. छत्राध्यापकों की दुर्बल शैक्षिक पृष्ठभूमि (Poor Academic Background of Pupil teacher)
7. सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम में कृत्रिमता एवं कमी (Avtificiatr & Insufficiency in Courses of Theory and Practice)
8. अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोगात्मक अनुसंधान के अपर्याप्त आधार (Inadequate Bases of Empirical Research in Various Fields of Teacher Education)
9. मुख्य सुविधायें जैसे–अभ्यास विद्यालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, उपकरणों आदि का अभाव (Lack of proper Facilities Such as Practicing School, Laboratory, Library and Physical Equipment)
10. अपर्याप्त वित्तीय प्रबन्ध (Inadequate Financial Provision)
11. परीक्षा संबंधी समस्याएँ (Examination Realted Problems)

अब इन समस्याओं एवं उनके सुझावों के विषय में विस्तार से चर्चा करेंगे–

1. प्रवेश सम्बन्धी समस्या–प्रवेश हेतु जो प्रवेश परीक्षा ली जाती है उसमें अधिकांशतः ज्ञानात्मक एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते है फलतः जो अभ्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते है सरलतया उच्च अंक प्राप्त करके प्रवेश पा जाते हैं। इन परीक्षाओं में भाषागत या अभिव्यक्ति संबंधी योग्यताओं के आंकलन के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाता साथ ही शिक्षण अभिवृत्ति, रूचि, अभिक्षमता इत्यादि पक्षों पर भी ध्यान नहीं दिया जाता।

सुझाव–प्रवेशार्थियों की मनोवैज्ञानिक परीक्षा होनी चाहिए साथ ही विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार लिया जाना चाहिए।

2. व्यावसायिक अभिवृति के विकास पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता। MBA इत्यादि प्रोफेशनल कोर्स में व्यक्तित्व, अभिवृत्ति इत्यादि पक्षों पर भी ध्यान दिया जाता है तो अध्यापक शिक्षा में भी सम्पूर्ण अध्यापक के निर्माण पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

सुझाव–पर्सनेलटी, भाषा कौशल, अभिव्यक्ति Skill Development इत्यादि विषयों का भी समावेश किया जाना चाहिए अथवा संस्थाओं में अंशकालीन पाठ्यक्रम अवश्य होने चाहिए।

3. विश्वविद्यालय के अन्य विषयों के साथ अध्यापक शिक्षा के शिक्षकों एवं छात्रों को बीच अन्तःक्रिया कम ही रहती है न ही अधिक सहयोग की प्राप्ति होती है।

सुझाव–सेमीनार, कार्यशाला, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि की सहायता से अन्तःक्रिया को बढ़ाना चाहिए।

4. अप्रभावी शिक्षण विधियाँ–शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों में अभी भी कई स्थानों पर पुरानी अथवा अप्रभावी शिक्षण विधियों का प्रयोग हो रहा है। अध्यापक केवल व्याख्यान अथवा केवल Black/White Board के माध्यम से विषय को स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं एवं बहुत कम ही अन्य उपकरण जैसे OHP Projectar, CD इत्यादि का प्रयोग कर रहे हैं।

सुझाव—नूतन शिक्षण विधियों एवं सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों पर बल दिया. जाना चाहिए एवं उपकरणों की सुलभता एवं अध्यापकों को उनका प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जानी चाहिए।

5. अध्यापक एवं छात्राध्यापक दोनों ही शिक्षणाभ्यास की गुणवत्ता की परवाह किए बिना पाठों की निश्चित संख्या को पूरा करने की औपचारिकता को पूरा करा करने का प्रयास करते है। कक्षाओं की कमी अथवा अनुपलब्धि, विद्यालयीय छात्रों का उपेक्षात्मक व्यवहार, विद्यालय में अध्यापकीय असहयोग, निरीक्षण व्यवस्था में कमियाँ जैसे अनेक कारक भी छात्राध्यापक के इस भाग को कमजोर बनाने का प्रयास करते हैं। शिक्षण अभ्यास निरीक्षण और मूल्यांकन की न तो कोई मापनी ही निर्दिष्ट रहती है और न ही प्रतिपुष्टि प्रदान करने के लिए कोई सर्वमान्य मानक या निर्दिष्ट पद्धति फलतः यह मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ न होकर व्यक्तिनिष्ठ रह जाता है।

सुझाव—शिक्षणाभ्यास के विद्यालयों को उपलब्धता एवं स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। छात्राध्यापकों एवं विद्यालयी अध्यापकों के मध्य संगोष्ठी इत्यादि के द्वारा परस्पर अन्तर्क्रिया बढ़ानी चाहिए ताकि छात्राध्यापकों को उनका अनुभव एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। छात्राध्यापक के मूल्यांकन के लिए एक सर्वमान्य मूल्यांकन निर्धारण करना चाहिए जो वस्तुनिष्ठ हो जैसे—चेकलिष्ट इत्यादि।

6. छात्राध्यापकों की कमजोर शैक्षिक पृष्ठभूमि भी एक समस्या है। Teaching Subject को वह सही प्रकार से ज्ञान नहीं रखते है एवं छात्रों के साथ न्याय नहीं कर पाते है।

सुझाव—Teaching Subject देने से पूर्व छात्राध्यापकों की परीक्षा होनी चाहिए तथा छात्राध्यापकों को भी उस विषय का स्वाध्याय करना चाहिए।

7. सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम में कभी संबंध नजर नहीं आता है अधिगम के सिद्धांत तो पढ़ा दिए जाते हैं परन्तु कक्षा-कक्ष में

उनका प्रयोग कैसे करना है यह स्पष्टतया नहीं बताई जाती। अन्य कुछ कमियाँ भी पाठ्यक्रम में नजर आती है जो आवश्यक है जैसे–चित्रकला।

सुझाव–अध्यापकों को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है एवं उन सिद्धातों का वास्तविक जीवन से क्या संबंध है इस विषय को उन्हें उदाहरण, दृष्टान्त इत्यादि के माध्यम से स्पष्ट करना चाहिए। एवं चित्रकला इत्यादि विषयों को समाहित किया जाना चाहिए।

8. शोध की गुणवत्ता में भी कभी-कभी कमी देखी जाती है एवं सभी क्षेत्रों विषयों पर शोध अनुपलब्ध हैं।

सुझाव–शोध की गुणवता को निश्चित किया जाना चाहिए एवं उसमें दिखाए गए विषयों को विशेषज्ञों द्वारा जांच होनी चाहिए।

9. सुविधाओं में कमी के कारण भी गुणवता पर असर पड़ता है। उपकरणों की कमियों का कारण नूतन शिक्षण विधियों का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

सुझाव–सुविधाओं की सुनिश्चितता के बाद ही की संस्था को मान्यता प्रदान करनी चाहिए।

10. पर्याप्त धन की समस्या, सुविधाओं की कमी का सबसे बड़ा कारण है इसके कारण भवन, उपकरण, पर्याप्त अध्यापक सभी पक्ष प्रभावित होते हैं।

सुझाव–सरकार को अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में वित्तीय कमी नहीं करनी चाहिए क्योंकि शिक्षा पर किया खर्च राष्ट्र की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

11. परीक्षा संबंधी समस्या–प्रायः परीक्षा संकलनात्मक रूप में सत्रान्त में ही आयोजित होती है जिसके कारण निरन्तर मूल्यांकन की यथार्थता पर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। तथा बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन में न तो पारदर्शिता होती है एवं न ही वस्तुनिष्ठता।

सुझाव–अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में भी वर्ष में दो बार परीक्षा होनी चाहिए एवं योगात्मक मूल्यांकन पर ओर अधिक बल दिया जाना चाहिए न कि केवल लिखित परीक्षा को।

निष्कर्ष–

प्रस्तुत सुझावों को हम संक्षेप में से इस प्रकार कह सकते हैं–

1. प्रवेश परीक्षा का आधार मनोवैज्ञानिक होना चाहिए तथा विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार भी लिया जाना चाहिए।

2. अपेक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए संगोष्ठियों (Seminaar), कार्यशालाओं (Workshops), सम्मेलनों (Confrences), अतिरिक्त व्याख्यानों, विद्यालय भ्रमण, पुस्तकालय कार्य इत्यादि का प्रयोग किया जाना चाहिए।

3. पर्सनेलटी, भाषा एवं अभिव्यक्ति कौशल इत्यादि विषयों पर ध्यान देने के लिए पाठ्यक्रम अथवा अंशकालीन पाठ्यक्रम होना चाहिए।

4. शिक्षणाभ्यास के मूल्यांकन को वस्तुनिष्ठ एवं मानक बनाना चाहिए एवं विद्यालयी अध्यापकों के साथ अन्त:क्रिया को बढ़ाना चाहिए।

5. उपकरण, पुस्तकालय इत्यादि की उपलब्धता को सुनिश्चित करना चाहिए।

6. छात्राध्यापकों का सतत् मूल्यांकन होना चाहिए एवं उसमें वस्तुनिष्ठता भी होनी चाहिए।

अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में पुनर्संगठन तथा नवीनीकरण

–कुलभूषण वाजपेयी
एम. एड.

भूमिका

किसी राष्ट्र की प्रगति उसके अध्यापकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। यही कारण है कि हमारे यहाँ पर अध्यापक को समाज का शिल्पी एवं सामाजिक संरचना में आवश्यक परिवर्तन करने वाला कहा गया है। अध्यापक शिक्षा के औपचारिक स्वरूप में प्रत्येक स्तर के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम का होना परमावश्यक है ताकि निर्धारित उद्देश्यों की सम्प्राप्ति उसके माध्यम से कर पाना सम्भव हो सके। पाठ्यक्रम के क्षेत्र में नित्य नवीन समावेश की आवश्यकता को किसी भी स्तर पर आज अस्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि नये प्रयोग और नवाचारिक प्रयत्नों के कारण निरन्तर ज्ञान के क्षेत्र में वृद्धि हो रही है। अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन विद्यालयीय शिक्षा से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर भी किया जाना अपेक्षित हो जाता है ताकि भावी अध्यापक नवीनतम विद्यालयीय पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य करने में सक्षम हो सकें। भारत की आजादी के बाद व्यक्ति विशेषज्ञों एवं व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा अध्यापकीय शिक्षण के लिए नये पाठ्यक्रम बनाने के कई प्रयास किये गये हैं। सामान्यतया पूर्व–प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तरीय अध्यापक शिक्षा के क्षेत्रों से सम्बन्धित पाठ्यक्रम अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में आज प्रचलित हैं।

पूर्व-प्राथमिक स्तर का अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम

पूर्व-प्राथमिक स्तर के लिए जिस पाठ्यक्रम प्रारूप को प्रस्तुत किया गया था, उसकी रूपरेखा में मुख्यत: **भाग (अ)-सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम**–(1) पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के दार्शनिक आधार एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि। (अंक-75) पूर्व-प्राथमिक के मनोवैज्ञानिक आधार। (अंक-100), स्वास्थ्य, पोषण तथा शालापूर्व छात्र कल्याण। (अंक-75), शिक्षण विधि तथा साधन। (अंक-100), शालापूर्व संगठन तथा सामुदायिक सम्बन्ध। (अंक-75), भाषा, विज्ञान तथा सामाजिक अध्ययन। (अंक-100), सृजनात्मक कला तथा क्राफ्ट (अंक-75) **भाग (ब)-नर्सरी विद्यालय निरीक्षण एवं सहभागिता**–छात्र, कार्यक्रम शिक्षण विधि और साधन-निरीक्षण और प्रतिवेदन (अंक-100), क्षेत्र भ्रमण और अभिभावक तथा सामुदायिक कार्यक्रम विवरण, (अंक-50), शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम (अंक-200), शिक्षण सामग्री (खिलौने, कला, हस्तकला सामग्री) निर्माण (अंक-100) पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप में सहभागिता (नृत्य-गीत, नाटक, खेलकूद आदि) (अंक-50)।

इस प्रकार द्वितीय भाग में भी कुल 600 अंक निर्धारित किए गये। यह पाठ्यक्रम दो वर्षीय होता है।

प्राथमिक स्तर का अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम

(J.B.T., E.T.E., B.T.C., E.T.T.C., D.I.E.T.) : इस स्तर के लिए भी एन सी. ई. टी. के द्वारा 1978 में पाठ्यक्रम प्रारूप को स्पष्ट करने के लिए प्रयास किया गया था। इसके साथ शिक्षा में द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ स्नातकोपरान्त एक वर्षीय पाठ्यक्रम को महत्व दिया गया।

द्विवर्षीय बी.टी.सी. पाठ्यक्रम : प्रश्न-पत्र (1) शिक्षा सिद्धान्त, (2) शिक्षा मनोविज्ञान, (3) शिक्षण सिद्धान्त, (4) प्रारम्भिक शैक्षिक समस्याएँ, नवाचारिक प्रवृत्तियाँ तथा शैक्षिक मूल्यांकन, (5) पाठशाला प्रबन्ध, सामुदायिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य शिक्षा। **भाग 2**–विषयाधारित

शिक्षण विधि, कक्षा-शिक्षण तथा प्रायोगिक कार्य। खण्ड 1. (क) शिक्षण विधियाँ (सैद्धान्तिक शिक्षण) तथा (ख) सत्रीय कार्य। (क)-बाह्य मूल्यांकनाधारित विषयाध्यापन-हिन्दी, गणित, सामाजिक, अध्ययन, विज्ञान (दोनों वर्षों के लिए) (ख) विज्ञान में प्रायोगिक तथा क्रियाधारित सत्रीय कार्य तथा अन्य विषयों के लिए निबन्ध लेखन और मूल्यांकन कार्य के बारे में जानकारी जिसमें विविध वर्गीय प्रश्न रचना (ज्ञानात्मक अवबोधात्मक, लघु उत्तरीय एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न) सम्मिलित हैं।

खण्ड 2 (क) समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (दोनों वर्षों के लिए)-कृषि, विज्ञान, गृह विज्ञान आदि। (ख) कला, द्वितीय भाषा-अंग्रेजी संस्कृत उर्दू में से एक, नैतिक शिक्षा तथा शारीरिक शिक्षा-योगासन, स्काउटिंग, प्राथमिक चिकित्सा आदि (मात्र एक वर्ष के लिए) **भाग 3**-सामुदायिक-सहकार्य-सामुदायिक कार्य, अनौपचारिक शिक्षा, संगीत आदि।

इस पाठ्यक्रम के लिए एक अध्यापन सत्र से कम से कम कुल कार्य-दिवसों की संख्या 220 निर्दिष्ट करते हुए 20 दिवस को प्रवेश आदि कार्य के लिए निर्धारित किया गया। शेष 200 दिवसों में से सैद्धान्तिक विषय शिक्षण हेतु 20 प्रतिशत (40 दिवस), शिक्षण विधि, कक्षा शिक्षण, प्रायोगिक कार्य आदि के लिए 60 प्रतिशत (120 दिवस) तथा सामुदायिक सहकार्य आदि के लिए शेष 20 प्रतिशत (40 दिवस) प्रत्येक सत्र के लिए आवश्यक माना गया।

माध्यमिक स्तरीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम : माध्यमिक स्तर पर अध्यापकीय तैयारी के लिए प्रायः एकवर्षीय **बी.एड.** या समकक्ष उपाधि को स्थान दिया जाता है इस उपाधि के लिए निर्दिष्ट पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक भाग में पाँच से छः प्रमुख प्रश्न-पत्र रखे जाते हैं। एन.सी. टी.ई. प्रारूप के अनुसार पाठ्यक्रम में शिक्षा सिद्धान्त, शिक्षामनोविज्ञान, विद्यालय प्रशासन एवं स्वास्थ्य शिक्षा, विभिन्न विद्यालयीय विषयों के लिए शिक्षण विधियाँ, शिक्षा का इतिहास एवं समस्याएँ तथा एक वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित प्रश्न-पत्रों को स्थान दिया जाता है। इनके

अतिरिक्त प्रायः 30 से लेकर 60 शिक्षण पाठों का अभ्यास भावी अध्यापकों को शिक्षण अभ्यास के दौरान या इन्टर्नशिप या ब्लॉग टीचिंग के द्वारा करना होता है।

भाग (क) सिद्धान्त (100 अंक के 6 प्रश्न-पत्र)

1. शिक्षा तथा भारतीय समाज, 2. अधिगम तथा विकास के मनोवैज्ञानिक आधार, 3. विद्यालय संगठन तथा शिक्षा की समस्याएँ, 4. भावी अध्यापक हेतु आधार कार्यक्रम, 5. प्रमुख तथा 6. गौण शिक्षण विषयवस्तु-केन्द्रित अधिगम एवं शिक्षण की विधियाँ।

भाग (ख)-शिक्षण अभ्यास

1. सत्रीय आन्तरिक मूल्यांकन (100 अंक), 2. अन्तिम बाह्य मूल्यांकन (200 अंक) कहीं-कहीं बाह्य तथा आन्तरिक दोनों ही मूल्यांकन हेतु समान अंक निर्दिष्ट किये जाते हैं।

भाग-(ग) विशिष्टीकरण विषय

(एक विकल्प का चयन) 1. शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन, 2. बेसिक शिक्षा, 3. अनौपचारिक शिक्षा, 4. शारीरिक शिक्षा, 5. विद्यालय पुस्तकालय संगठन, 6. श्रव्य-दृश्य शिक्षा, 7. मापन तथा मूल्यांकन, 8. नैतिक शिक्षा, 9. विकलांग हेतु शिक्षा, 10. प्राथमिक शिक्षा, 11. योग शिक्षा, 12. जनसंख्या शिक्षा 13. शैक्षिक तकनीकी, 14. शैक्षिक दूरदर्शन, 15. अभिक्रमित अधिगम, 16. पर्यावरण शिक्षा।

नवीनीकरण

अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवीनीकरण किस तरह हो सकता है इसके लिए कुछ बिन्दु निम्नलिखित रूप में रेखाकिंत किए गए है–

* स्मार्ट कक्षा-यह एक ऐसी शिक्षा प्रदान करने की नवीन विधि है, जिसके माध्यम से छात्रों को रूचिपूर्वक शिक्षा प्रदान करने

में सहायता मिलती है, किन्तु इसका प्रयोग तभी सम्भव है जब इसकी पूरी जानकारी शिक्षक को हो। अतः इसको पाठ्यक्रम में सम्मिलित करके भावी शिक्षकों को इसका ज्ञान प्रदान किया जा सकता है।

* ई-अधिगम अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में इसको भी स्थान देना चाहिए, जिससे कि शिक्षा जगत में क्रान्ति लाई जा सके।

* Teaching Aids (सहायक उपकरण)-छात्रों को अधिगम कराते समय इन शिक्षण उपकरणों का प्रयोग रूचि उत्पन्न करता है और अधिगम को प्रभावशाली बनाता है किन्तु यह तभी सम्भव है जब इसका प्रयोग, उपयोग के बारे में छात्र अध्यापकों को इसका प्रशिक्षण दिया जाये।

* कम्प्यूटर को अनिवार्य विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करें।

* मनोवैज्ञानिक प्रयोगों को प्रायोगिक रूप दिया जाए।

* सूक्ष्म शिक्षण को विस्तृत किया जाए।

* मूल्यों से सम्बन्धित विषय को पाठ्यक्रम में स्थान दें।

* **सामुदायिक अनुभव**-इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय दिवस पालन, पर्यावरण प्रौढ, तथा सामाजिक वानिकी की शिक्षा आदि को स्थान दिया जाना चाहिए। इससे सांस्कृतिक बहुविधता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और अभिवृत्ति को विकसित करना भी इसके माध्यम से सम्भव हो सकता है।

* **प्रायोगिक कार्य**-सहायक सामग्री पहचान, देशज और निम्न मूल्य सहायक सामग्री निर्माण, अधिगम प्रेरणा सामग्री निर्माण, मृदु तथा कठोर माध्यम उपयोग आदि के साथ ही भावी अध्यापकों को छात्र-निर्देशन, आदि का प्रायोगिक कार्य के क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

* **कार्य क्षेत्र**–विद्यालय भवन तथा खेल के मैदान आदि को रख-रखाव, स्वच्छता, शिक्षण सामग्रियों का निर्माण, प्रकृति अध्ययन, विद्यालय सहकारी बचत बैंक खेल-कूद, पाठ्य-सहगामी अन्य क्रियाकलाप आदि।

* **द्विवर्षीय पाठ्यक्रम**–इसके अन्तर्गत माध्यमिक स्तर पर जो अध्यापकीय पाठ्यक्रम बी.एड. (शिक्षा शास्त्री) के रूप में एक वर्ष का संचालित किया जाता है उसको बढ़ाकर दो वर्ष का कर दिया जाना चाहिए, जिससे कि अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में सभी आवश्यक विषय-वस्तु को सम्मिलित किया जा सके।

निष्कर्ष–अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत तीन स्तर पर अध्यापकों को तैयार किया जाता है। आधुनिक युग में शिक्षा प्रदान करने के तरीकों में बदलाव का समय है। प्राचीन काल में गुरू प्रधान होता था वह जो चाहता था वह शिक्षा और ज्ञान छात्रों को प्रदान करता था किन्तु आज के इस युग में छात्र प्रधान शिक्षा व्यवस्था का आगाज हो चुका है। अतः इसको आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार किया जाए। इसलिए हमने कुछ बिन्दुओं को प्रस्तुत किया है।

व्यावसायीकरण के परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा

–नीतू राजपूत
एम. एड.

गाँधी जी ने 'व्यवसायीकरण' के विषय में कहा है कि शिक्षा में व्यावसायिक दृष्टिकोण का होना आवश्यक है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को किसी व्यवसाय के लिए तैयार करना है ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। 'व्यवसाय' को यदि व्यापकार्थ में देखें तो इसके विभिन्न अर्थ प्रकाशित होते हैं यथा–'वृत्ति' एवं 'निश्चय'। सरल शब्दों में व्यवसाय जीविकोपार्जन का ढंग होता है।यह एक व्यापक शब्द है इसमें कृषि, उद्योग, नौकरी, मछली पालन आदि वे सभी रोजगार सम्मिलित होते हैं, जिनमें कोई मानव–समूह अपने जीवन–यापन के लिए आवश्यक साधन अर्जित करता है। इस दृष्टि से वृत्ति एक विशिष्ट व्यवसाय है। शब्दकोश के अनुसार यह एक वह व्यवसाय है, जिसमें वैज्ञानिक अथवा कलात्मक अधिगम अर्थात् शिक्षा–दीक्षा की आवश्यकता पड़ती है।

'अध्यापक शिक्षा' का अब प्रयोग अध्यापक प्रशिक्षण के स्थान पर किया जाने लगा है। अध्यापक शिक्षा का अर्थ अध्यापक–प्रशिक्षण से अधिक विस्तृत है। इनके अनेक पहलू है। अध्यापन कार्य कौशलपूर्ण कार्य है। अध्यापन कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए पूर्ण तैयारी की आवश्यकता है।

'भारतीय शिक्षा आयोग 1964–66 के अनुसार–शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए अध्यापकों की व्यावसायिक शिक्षा का उचित कार्यक्रम आवश्यक है। अतः अध्यापक–शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रक्रिया है जो अध्यापन करने वाले व्यक्तियों को शिक्षण–व्यवसाय की योग्यता

प्रदान करती है। अब प्रश्न उठता है कि व्यवसायीकरण शब्द आया कहाँ से? तो सबसे पहले इस शब्द का प्रयोग 'औद्योगिक क्रांति' के आगमन के साथ-साथ बहुतायात से होता गया। किन्तु भारत में इस शब्द का प्रयोग स्वतन्त्रता प्राप्ती के पश्चात् सिमटी हुई शिक्षा व्यवस्था के विकास-प्रसार, प्रचार हेतु किया गया। जो धीरे-धीरे अपने मुख्य ध्येय को छोड़कर केवल नाम-मात्र के कार्य में संलग्न होकर रह गया जिसका दुष्परिणाम आज यत्र-तत्र सर्वत्र दृश्मान हो रहा है। आज यह कहना गलत न होगा कि आज 'भारत में पढ़े-लिखे लोगों की बेरोजगारी' अत्यधिक है जिसका कारण कवेल यह व्यवसांयीकरण भी है, जो केवल शिक्षा का न होकर मात्र शैक्षिक संस्थाओं का होकर रह गया है।

वस्तुतः जब भारत देश आजाद हुआ तो देश में शिक्षा व्यवस्था का ढाँचा बिल्कुल सपाट था चारों तरफ बेरोजगारी छाई थी। ऐसे में आवश्यकता थी कि कुछ ऐसे कदम उठायें जायें जो इस बिखरे हुए भारत की आधार स्वरूपिणि शिक्षा को एक सुन्दर ढाँचा प्रदान करें। तभी यहाँ के शिक्षा विदों एवं राजनैतिक बागडोर को संभाले हुए श्रेष्ठ पुरुषों ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु शैक्षिक संस्थाओं के निर्माण कार्य पर बल देना प्रारम्भ कर दिया। क्योंकि तब देश में छात्र तो अधिक थे किन्तु संसाधन कम ही थे। ऐसे में शैक्षिक संस्थाओं का विकास होना स्वभाविक ही था और कहा भी गया है 'आवश्यकता ही अविष्कार की जननी होती है।'

इस प्रकार इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर शिक्षण संस्थायें बनी जिनमें विभिन्न शिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की गई। अतः इस प्रकार अध्यापक शिक्षा दो प्रकार की, कही गई हैं—सेवा पूर्व शिक्षक शिक्षा (Pre-Service Teacher Education) और सेवा कालीन शिक्षक शिक्षा (In-Service Teacher Education)।

(I) सेवा पूर्व शिक्षक शिक्षा

सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा नये लोगों को दी जाती है और इसमें

सैद्धान्तिक रूप से शिक्षा तथा साथ ही साथ शिक्षण अभ्यास पर जोर दिया जाता है। इसका उद्देश्य इस कार्य को ठीक ढंग से करने के लिए आवश्यक कौशलों का विकास करना है। वर्तमान में विभिन्नस्तर के सेवा-पूर्व शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार की शिक्षक शिक्षा संस्थाएँ चल रही है। यहाँ उनमें से कुछ संस्थाएँ हैं पूर्व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के अन्तर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा संस्थाएँ और नर्सरी टीचर एजूकेशन डिप्लोमा डिपॉर्टमेन्ट्स आते है। प्राथमिक शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के अन्तर्गत नार्मल स्कूल, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, और पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग शामिल है।

माध्यमिक शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के अन्तर्गत शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (Teacher Education College), केन्द्रीय शिक्षा शिक्षा संस्थान (Central Institute of Educational), क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (Regional Institutes of Education RIE), शिक्षक शिक्षा विभाग (Department of Teacher Education), राज्य शिक्षा संस्थान (State Institute of Education SIE) एवं पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग (Departments of Correspondence Courses) आते है। विशिष्ट बच्चों के शिक्षकों की शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं के अन्तर्गत गूंगे-बहरों के शिक्षकों की प्रशिक्षण संस्थाएँ और अन्धे बच्चों के शिक्षकों की प्रशिक्षण संस्थाएँ आते है। विशिष्ट पाठ्य विषयों एवं क्रियाओं की प्रशिक्षण संस्थाओं के अन्तर्गत भाषा शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं विभाग, कला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं विभाग, गृह विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय एवं विभाग, एवं शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं विभाग शामिल है।

(II) सेवाकालीन शिक्षक शिक्षा

सेवारत शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है उसे सेवाकालीन शिक्षक शिक्षा कहते है। इसके दो रूप हैं—**सेवारत अप्रशिक्षित शिक्षकों का प्रशिक्षण**—एक समय था जब हमारे देश में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या बहुत अधिक थी। अतः उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए कई प्रकार के पाठ्यक्रम शुरू

किए गए जो कुछ स्थानों पर आज तक चल रहे हैं—पूर्ण कालीन शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम, ग्रीष्मकालीन शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम, अल्पकालीन शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम और पत्राचार पाठ्यक्रम। **सेवारत प्रशिक्षित शिक्षकों की सतत् शिक्षा** इस समय शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में इतनी तेजी से विकास हो रहा है कि उसके अद्यतन ज्ञान के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की सतत् शिक्षा आवश्यक हो गई है। इस समय सेवारत प्रशिक्षित शिक्षकों को सतत् शिक्षा जिस रूप में दी जाती है वे है—विचार गोष्ठियाँ, पुनर्बोधन पाठ्यक्रम, मुद्रित सामग्री वितरण, कार्यशालाएँ एवं जन संचार के साधन। इस प्रकार यदि संक्षिप्त रूप में देखे तो स्वतन्त्रता के पश्चात् अध्यापक शिक्षा में किए गए विभिन्न कार्य इस प्रकार हैं।

स्वतन्त्र होते ही हमने देश में शिक्षा के प्रसार के लिए प्रयत्न शुरू किए। इस क्षेत्र में सर्वप्रथम राधाकृष्णन् आयोग (1948-49) ने सुझाव दिए। इस आयोग ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सैद्धान्तिक ज्ञान की अपेक्षा प्रायोगिक प्रशिक्षण पर अधिक बल दिया और साथ ही छात्राध्यापकों के सैद्धान्तिक ज्ञान और प्रायोगिक कौशल के मूल्यांकन की विधियों में सुधार करने पर बल दिया। यहीं से देश में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना और उनके कार्यक्रमों में सुधार की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। प्रसार की दृष्टि से 1951 में हमारे देश में नार्मल स्कूलों की संख्या बढ़कर '800' हो गई और प्रशिक्षण महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर '53' हो गई।

'1952' में हमारे देश में मुदालियर कमीशन की नियुक्ति की गई। इस कमीशन ने शिक्षक-शिक्षा के सम्बन्ध में कई सुझाव दिए जिनमें से दो सुझाव मुख्य थे-शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएँ केवल दो स्तर की होनी चाहिए। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएँ और माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएँ एवं इन्हीं संस्थाओं में प्रशिक्षित शिक्षकों की पूर्ति के लिए अल्पकालीन शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। '1964' में देश में कोठारी कमीशन की नियुक्ति की गई। इसने शिक्षक शिक्षा के विषय में विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। उसके शिक्षक शिक्षा सम्बन्धी कुछ प्रमुख सुझाव थे-पत्राचार पाठ्यक्रम और अल्पकालीन शिक्षक-शिक्षा की सुविधाओं का विस्तार किया जाए, सेवारत अप्रशिक्षित शिक्षकों के

लिए ग्रीष्मकालीन संस्थाओं का सृजन किया जाए और सभी राज्यों में शिक्षक शिक्षा के सघन कॉलेज स्थापित किए जायें। जिनमें सभी स्तरों की शिक्षा के लिए शिक्षक तैयार किए जा सकें।

माना की यह सत्य है कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी होती है, किन्तु आज तो इन उपाधियों की मानो बाढ़ सी आ गई है, जिसके कारण बी.एड., एम.एड. से निर्मित सेवापूर्व अध्यापक, अध्यापक की उपाधि तो प्राप्त कर रहे हैं किन्तु अध्यापक के गुणों से वञ्चित से दिखाई पड़ रहे है वही दूसरी ओर आज अध्यापक अपनी अध्यापन वृत्ति को एक साधना के रूप में न मानकर आर्थिक रूप से पुष्टि देने वाले साधन के रूप में मान रहे हैं जिसके विभिन्न दोष आज प्रत्यक्ष दिखाई दे रहे है। यथा–

1. **मात्रात्मक रूप में अभिवृद्धि एवं गुणात्मक पक्ष का ह्रास**–व्यावसायीकरण की इस दौड़ में विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं को जन्म दिया है जो केवल विद्यार्थियों की भीड़ को अपने में समाये गये है किन्तु वहाँ गुणों का नितान्त अभाव परिलक्षित होता है।

2. **आर्थिक पक्ष पर अधिक बल**–आज सेवापूर्व अध्यापक एवं छात्र वेतन (धन) लाभ हेतु ही अध्यापन वृत्ति को अपना रहे है।

3. **नैतिकता का ह्रास**–ऐसे में अध्यापक केवल होड़ पर ही दृष्टि केन्द्रित कर रहे है न कि अपने नैतिक मूल्यों पर, जिन्हें वे छात्रों को प्रदान कर सके। यदि अध्यापक ही नैतिक मूल्य विहीन होगा तो छात्र की दशा क्या होगी यह तो समस्यात्मक परिदृश्य है।

4. **शिक्षा का गौण स्वरूप**–इस दौर में यदि देखा जाये तो ज्ञात होता है कि अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में व्यवसायिकरण के प्रभाव के कारण आज अध्यापक व छात्र दोनों 'शिक्षा' के मूल्यों को गौण समझकर इसे केवल व्यावसायिक परिप्रेक्ष्य में ही देख व समझ रहे हैं।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण से ज्ञात होने के पश्चात् यह कहा जा सकता है। कि इस व्यावसायीकरण के परिणाम स्वरूप विभिन्न शैक्षणिक संस्थायें तो बनी किन्तु विकास की दिशा में चलते-चलते आज जंगली लता के समान विकसित हो गई जो अनावश्यक फैलती तो रहती है किन्तु उपयोग की नहीं है और जब यह जंगली लता फल देती है तो वह मनुष्य के उपभोग्य कदापि नहीं होते, यही दशा कुछ इन शिक्षण संस्थाओं की हुई है कि आज ये संस्थायें इस प्रकार देश में फैल गई है जो अधिकांश व्यर्थ है अर्थात् केवल नाम-मात्र की ही है और इन संस्थाओं के फल स्वरूप जो छात्र, अध्यापक की उपाधि से युक्त है वे अधिकांश केवल विषाक्त फल के सदृश्य ही है।

निष्कर्ष रूप में यदि हम इन प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षित छात्राध्यापकों की भीड़ को आंकलित करें तो ज्ञात होगा कि अधिकांश अध्यापक ट्यूटर अर्थात् ट्यूशन क्लास के निर्वहण में तो सक्षम है किन्तु अध्यापन कार्य हेतु नहीं क्योंकि ये भाव शून्यता की स्थिति को धारण किए हुए है जो छात्रों के भावों को, विचार को ग्रहण करने में सक्षम नहीं होती है।

यह सत्य है कि आज के इस तीव्र वैज्ञानिक युग में अध्यापक शिक्षा में व्यवसायीकरण का अत्यन्त प्रभाव पड़ा है जो विभिन्न कॉलेज एवं विश्व विद्यालय के निर्माण रूप में परिलक्षित भी हुआ है किन्तु यदि इसमें अध्यापक के गुणों को मुख्य आधार स्वरूप मानकर नवीन अवधारणाएँ क्रियान्वित हो तो यह भारत के उज्जवल भविष्य को परिलक्षित करेगा यह सत्य ही है।

संदर्भ

1. स्वाति, जैन; अञ्जू गुप्ता, भारत में शैक्षिक व्यवस्था का विकास, साधना प्रकाशन, मेरठ 2009
2. स्वाति जैन, डॉ. अञ्जू गुप्ता, उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, साधना प्रकाशन, मेरठ 2009
3. आर. एस. शर्मा, अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तकनीकी, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।

अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में दूरवर्ती शिक्षा की भूमिका

–अमिता
एम. एड.

भूमिका–

अध्यापक शिक्षा वह शैक्षिक आयोजन है जिसमें विभिन्न स्तरीय एवं वर्गीय अध्यापकों को इस तरह से शिक्षित करने के लिए प्रयत्न किया जाता है कि अग्रिम प्रजन्म को ज्ञान एवं मूल्यों के हस्तान्तरण के साथ ही उनके समस्त शैक्षिक एवं विकासात्मक दायित्वों को ग्रहण एवं वहन करने में वे सक्षम हो सकें तथा उनमें तकनीकी कुशलता वैज्ञानिक चेतना, संसाधन सम्पन्नता तथा नवाचारिता के साथ सांस्कृतिक उद्दीपना एवं मानवता बोध का समन्वयात्मक विकास करना सम्भव हो सके। शिक्षण को एक उद्यम या प्रोफेशन के रूप में स्वीकार करने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि अध्यापक शिक्षा वह आयोजन हो जिसमें इस उद्यमगत नीति बोध एवं संवेगात्मक पक्ष में भी दक्षता प्रदान करने की व्यवस्था हो। इस हेतु सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक एवं समस्त चारित्रिक मर्यादाओं के साथ ही राष्ट्रीय प्रजातान्त्रिक मूल्यों को विकसित करने के लिए सफल प्रयास करना अध्यापक शिक्षा का लक्ष्य है।

अध्यापक शिक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक, व्याहारिक तथा भावात्मक तीनों पक्षों को महत्त्व दिया जाता है, जबकि अध्यापक प्रशिक्षण में व्यवहारिक पक्ष को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। अध्यापक-शिक्षा और अध्यापक-प्रशिक्षण की कार्यशाला तथा प्रयोगशाला विद्यालयों की कक्षायें ही हैं। विद्यालयों की कक्षाओं में छात्राध्यापकों को शिक्षण का अभ्यास एवं प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया जाता है। कोठारी आयोग

ने कक्षा-शिक्षण को राष्ट्रीय विकास का मुख्य साधन बताया है-"भारत के भाग्य का निर्माण विद्यालय की कक्षाओं में हो रहा है।" (Destiny of India is being shaped in her classroom)

देश में बढ़ती हुई जनसंख्या, उचित संसाधनों का अभाव, एक विशेष उम्र में विद्यालयों में नियमित, शिक्षण पाने में कठिनाई, व्यवसायरत आदि ऐसे अनेक कारण हैं, जिनके चलते सभी मनुष्य कक्षा-शिक्षण नहीं कर पाते हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुए शिक्षण-प्रशिक्षण में अनेकों प्रयोग हुए। जिनमें प्रशिक्षण को सफल बनाने हेतु नवाचार का प्रयोग किया गया। नवाचार के सन्दर्भ में ही एक सम्प्रत्यय सामने उभरकर आया दूरस्थ शिक्षा का। जिसके माध्यम से उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान सरलता-सुगमता से हो जाता है।

दूरवर्ती शिक्षा की विशेषताएँ

- दूरवर्ती शिक्षा की मुख्य अवधारणा यह है कि अध्यापक-शिक्षा की व्यवस्था अनौपचारिक विधियों द्वारा भी की जा सकती है।
- दूरवर्ती शिक्षा एक नवीन शिक्षा के विकल्प के रूप में विकसित हुई। यह अन्त:प्रक्रिया शिक्षण से भिन्न प्रकार की अनुदेशन प्रणाली है, जिसमें माध्यमों से सम्प्रेषण को विशेष प्राथमिकता दी जाती है।
- औपचारिक शिक्षा में शिक्षण विधियों तथा प्रविधियों को ही महत्त्व दिया है, मुख्य माध्यम ही सभी में प्रयुक्त किया जाता है। दूरवर्ती शिक्षण में भी शिक्षण विधियाँ एवं प्रविधियाँ प्रयुक्त की जाती हैं।
- दूरवर्ती शिक्षा का प्रमुख लक्ष्य सम्प्रेषण होता है, जबकि औपचारिक शिक्षा में प्रस्तुतीकरण को महत्त्व दिया जाता है। सामान्यत: उद्देश्य दोनों के एक से ही होते हैं, परन्तु शिक्षण प्रक्रिया समान नहीं हैं।

इस आधार पर हम कह सकते हैं कि परम्परागत शिक्षा अन्तः प्रक्रिया हेतु अध्यापक-शिक्षा है, जबकि दूरवर्ती शिक्षा अध्यापन में सम्प्रेषण हेतु अध्यापक-शिक्षा है।

दूरवर्ती-शिक्षा में अध्यापक तथा छात्रों के मध्य अधिक दूरी होती है, इसलिए बहुमाध्यम आयाम को अपनाया जाता है। अनुदेशन की तैयारी समुचित रूप से विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। यह प्रणाली शिक्षा के विकास हेतु उन्मुख करती है तथा यह प्रणाली अधिक लचीली है, इसलिए विकास की आवश्यकता है। बदलते आधुनिक परिवेश की समस्याएँ एवं आवश्यकताएँ भिन्न-भिन्न हैं। अतः उन समस्याओं एवं आवश्यकताओं को पहचानना एवं उनके लिए उचित समाधान प्रस्तुत करना व नये परिवेश से समायोजन स्थापित करने के लिए अध्यापक शिक्षा नितान्त आवश्यक है।

दूरवर्ती अध्यापक शिक्षा की भूमिका, कार्य एवं आवश्यकता

भूमिका	कार्य	आवश्यकताएँ
नीति निर्धारक	दूरवर्ती शिक्षा प्रणाली की स्थापना सम्बन्धी निर्णय लेना, नीति निर्धारक सहकर्मियों को लाभ के बारे में राजी करना। पद्धति की उन्नति, निर्देशन करना, वित्तीय आवंटन का नियन्त्रण करना।	दूरवर्ती-शिक्षा को लाभो के प्रति संवेदनशील पद्धतियों की रूपरेखा व संरचनाओं का ज्ञान। दूरवर्ती शिक्षा के लागत लाभ लेखा का ज्ञान।
शिक्षार्थी	अध्ययन संसाधन स्थल संयन्त्र, समय, शुक्ल प्राप्त करना, शिक्षण कार्य का प्रबन्ध करना, पाठ्यक्रम	अध्ययन कौशल, स्थानीय संसाधनों का

	विकास करना, समवर्ग क्रियाकलापों में यथासम्भव योगदान करना।	ज्ञान। अन्य दूरवर्ती–शिक्षार्थियों के बारे में पाठ्यक्रम सूचना का ज्ञान
माता–पिता एवं परिवार	भौतिक आवश्यकताओं लेखन सामग्री, प्रकाश, रेडियो, टी.वी. की आपूर्ति करना, शिक्षार्थी की अनुसूची, गृहकार्य इत्यादि का पर्यवेक्षण करना। उत्साह वर्द्धक दृष्टिकोण अपनाना। स्वयं की शिक्षा स्रोतों से यथा सम्भव जानकारी से विचार प्रदान करना। सामग्री के सांस्कृतिक/सामाजिक/नैतिक औचित्य कार्य निर्देशन करना। पाठ्यसहगामी आवश्यकताओं की पूर्ति करना। शिक्षार्थी की ओर से संगठनों, संसाधनजनों से सम्पर्क करना।	दूरवर्ती शिक्षा की चेतना प्रासंगिक स्थानीय संसाधनों व समर्थक पद्धतियों का ज्ञान, रूपरेखा पाठ्यक्रम आवश्यकताओं का ज्ञान।
अन्य समुदाय के संसाधन जन (अन्य स्तरों पर अध्यापक स्वास्थ्य, कार्यकर्ता)	वैकल्पिक शिक्षा स्थल प्रदान करना। अध्ययन संसाधन सूचना व सामग्री प्रदान करना। वास्तविक स्थितियों का अनुभव प्रदान करना, उत्साहवर्धक दृष्टिकोण अपनाना। सम्प्रेषण माध्यम समर्थक पद्धतियों से सम्पर्क बनाना।	दूरवर्ती शिक्षा की सूक्ष्म ग्राहित/चेतना/प्रासंगिक स्थानीय संसाधनों की जानकारी। पाठ्यक्रम सामग्री का ज्ञान, शिक्षण विधियों का ज्ञान।
स्थानीय समुदाय	दूरवर्ती शिक्षा को शिक्षा पद्धति के केन्द्रों के रूप में प्रोत्साहित करना।	दूरवर्ती शिक्षा की सूक्ष्मग्राह्यता/

प्रतिनिधि	कर्मचारी वर्ग को क्रमबद्ध करना। साधन पद्धतियों की जाँच व सुधार करना। अध्ययन संसाधन। सामग्री एवं अनुभव दायिनी वास्तविक स्थितियाँ प्रदान करना	चेतना। प्रासंगिक स्थानीय संसाधनों का ज्ञान। प्रतिपादन पद्धतियों का ज्ञान

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि दूरवर्ती शिक्षा की पूरी प्रक्रिया में अनेक लोग संलग्न हैं। जहाँ तक दूरवर्ती-अध्यापकों के व्यावसायिक प्रशिक्षण-कार्य के क्रिया-कलापों का सम्बन्ध है। मुख्य रूप से दो प्रकार के लोग कार्यक्रम में संलग्न हैं। प्रथम वे जो प्रशिक्षित किये जाने हैं। दूसरे वे जिन्हें प्रशिक्षण देना हैं

इन वर्गों की पहिचान करने के पश्चात् अब प्रश्न उठता है कि 'इन्हें प्रशिक्षण कौन देगा'? अन्य अध्यापक प्रशिक्षकों के समान दूरवर्ती शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी पूर्ण कालिक प्रशिक्षक नहीं है। आज स्वयं दूरवर्ती ही दूरवर्ती शिक्षा हेतु दूसरों को प्रशिक्षित करते हैं। एक अन्य भी कारक है जो इस स्थिति में सहायक है—दूरवर्ती संस्थाओं से जुड़ने वाले अधिकतर अध्यापक, प्रशासक, तकनीशियन तथा प्रसारक आदि। इस प्रकार दूरवर्ती शिक्षा हेतु कर्मचारी वर्ग निवास के क्षेत्रों में वर्तमान उत्तरदायित्व तीन हैं—

1. आपातकालिक प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्तमान व्यवस्था बनाए रखना।
2. पूर्णकालिक प्रशिक्षकों का उत्पादन करने वाली पद्धति का निर्माण भी करना।
3. इस प्रकार संसाधन प्रशिक्षण के राष्ट्रीय/स्थानीय स्वावलम्बन अध्ययन केन्द्रों की स्थापना करना।

ऐसे कर्मचारी वर्ग का कार्य उपयोग ऐसे परामर्शदाताओं के रूप में किया जा सकता है, जो अपनी पद्धतियों, संरचनाओं, तथा उन सन्दर्भों,

जिनमें उनका निर्माण हुआ है के विषय में विवरण प्रस्तुत कर सके तथा उन उपायों व साधनों का सुझाव दें सकें, जिसके द्वारा मेजबान अपने सन्दर्भों के अन्दर की उन पद्धतियों एवं संरचनाओं को अंगीकार तथा अनुकूलित कर सकें।

दूरवर्ती अध्यापक योग्यता हेतु प्रशिक्षक—

एक दूरवर्ती शिक्षक जो एक परम्परागत शिक्षक से भिन्न है। उसमें क्या योग्यता एवं गुण होने चाहिए? यह प्रश्न उठने पर हम कह सकते हैं कि उसमें निम्न गुण होने चाहिए—

1. कौशल
2. सहयोगी
3. लचीला
4. धैर्यवान
5. नवीन प्रवर्तक

दूरवर्ती शिक्षा में अध्यापन सामग्रियाँ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों और स्तरों के लोगों को परिलक्षित करती है। पद्धतियों की विश्वसनीयता के लिए उन्हें अत्यधिक उच्च स्तरीय होना पड़ेगा। अतः प्रशिक्षकों से शैक्षिक व तकनीकी कुशलता के अत्यन्त उच्च स्तरीय अपेक्षा की जाती है। सहयोग ही इस सफलता की आधारशिला है तथा सहयोग तब तक सम्भव नहीं जब तक कार्यों से सम्बद्ध सहयोगी न हों। विचारों व दृष्टिकोणों की कट्टरता दूरवर्ती शिक्षा को सफल बनाने में मुख्य बाधक है। लचीलापन दूरवर्ती शिक्षक, शिक्षाविदों, तकनीशियनों, निर्माताओं तथा प्रशासकों के लिए भिन्न-भिन्न भूमिकाओं को स्वीकार कर सकता है। अतः इन गुणों के प्रदर्शन के लिए लचीलापन अत्यन्त आवश्यक है। दूरवर्ती शिक्षा में किये गये प्रयोग पूर्ण रूप से एक साथ सफल नहीं हो पाते। इससे कार्यकर्त्ताओं में निराशा आ जाती है। कठिनाईयों के समाप्त होने की प्रतीक्षा करते रहने के स्थान पर उन्हें ऐसी कार्य संस्कृति का

विकास करना चाहिए जो ऐसी कठिनाइयों को नित्य प्रति की घटनाओं के रूप में माने। अपने कार्य के प्राति आशावादी दृष्टिकोण को अपनायें। दूरवर्ती शिक्षा स्वयं में एक नवाचार है। कार्यकर्त्ताओं को शिक्षा के हर क्षेत्र में नित नूतन खोज करनी चाहिए। इससे पाठ्यवस्तु की एवं प्रशिक्षु की गुणवत्ता में सुधार आता है।

प्रशिक्षण की आवश्यकता की पहचान–

– सामान्य रूप से दूरवर्ती शिक्षा तथा विशेष रूप से कर्मचारी वर्ग विभिन्न श्रेणियों की भूमिकाओं पर उपलब्ध साहित्य का सामान्यीकरण करना।

– कार्यों तथा समस्याओं, पूर्वानुमानित कार्यों एवं अपेक्षित समस्याओं की विवेचना करना।

– विशिष्ट घटनाओं की विवेचना अर्थात् विभिन्न स्थितियों में व्यक्ति के व्यवहार सम्बन्धित कार्य की उत्पादकता के अर्थों में उसके परिणामों की विवेचना।

इस प्रकार के अभ्यास प्रशिक्षण की आवश्यकतायें रूझान वाली समस्याओं की पहचान करती हैं–

– सफल दूरवर्ती–शिक्षकों के सम्बन्ध में अध्ययन की सफलता में योगदान देने वाले लक्षणों की पहिचान करने में सहायक होते हैं, फिर इन लक्षणों को दर्शाकर प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण द्वारा उन गुणों का विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

– अनुभवी लोगों के विचारों व मतों का संग्रह प्रशिक्षण की आवश्यकतायें क्या हैं? इस सम्बन्ध में वे क्या सोचते तथा विश्वास करते हैं? सम्भावित आवश्यकताओं की लम्बी सूची तैयार करने में सहायता होती है, जहाँ से पुनः विवेचना के पश्चात् विश्वसनीय प्रशिक्षण की आवश्यकताओं की पहचान की जा सकती है।

दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से अध्यापक-शिक्षा–

शिक्षा में व्यावसायिक उपाधि को सदैव वांछित माना गया है। यहाँ तक कि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए अनिवार्य है तथापि स्वतन्त्रता प्राप्ति के ठीक पश्चात् माध्यमिक स्तर पर 4.6 प्रतिशत अध्यापक अप्रशिक्षित थे तथा पर्याप्त प्रशिक्षित स्नातकों के अभाव में अप्रशिक्षित स्नातक भर्ती किये जा रहे हैं। यह रीति अभी तक चली आ रही है तथा आगामी दीर्घकाल तक चलते रहने की सम्भावना है, क्योंकि हमें एक राष्ट्र के रूप में अभी तक एक और क्षेत्र के दबावों तथा प्रशासनिक उदासीनता के मध्य उद्देश्यपूर्ण सन्तुलन बनाने की तकनीकियों को सीखना है तथा दूसरी ओर सामाजिक आकांक्षाओं एवं शैक्षिक औचित्य के माध्य समन्वय रयना है। इस स्थिति के विकास में वास्तविक रूचि के फलस्वरूप एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने वाले अनेक अध्यापक प्रशिक्षण विद्यालयों की स्थापना हुई जिसकी शिक्षा स्नातक कार्यक्रम के नाम से पुनः संरचना की गई। ये संस्थायें प्रमुख रूप से सेवा–पूर्व प्रशिक्षण की आवश्यकता पूर्ति करती है, जबकि सेवारत अध्यापकों की श्रेणी के एक छोटे से प्रतिशत को नामांकित करती हैं, क्योंकि इन संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए सेवारत अध्यापकों को एक लम्बी अवधि के लिए कार्य से दूर रहना पड़ता है, जो कि अधिकतर कार्यों में सम्भव नहीं है।

पत्राचार के माध्यम से बी.एड. कार्यक्रम

साठ के दशक तक नियोजकों ने यह जान लिया कि औपचारिक संस्थाओं के माध्यम से बी.एड. कार्यक्रम अध्यापक प्रशिक्षण की बढ़ती हुई माँग के साथ तालमेल बिठाने की स्थिति में नहीं है। सामाजिक शैक्षिक गतिशीलता पत्राचार विधि से अध्यापक प्रशिक्षण को अस्तित्व में ले आयी क्योंकि इसके बाद ही (1968) में अध्यापक प्रशिक्षण के संदर्भ में इस विधि के उद्देश्यात्मकता तक पहुँचने के लिए यू.जी.सी. ने सोवियत संघ में एक शिष्टमंडल भेजा था। शिष्टमण्डल ने पत्राचार विधि से अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रबल समर्थन किया। फलस्वरूप सत्तर तथा अस्सी के दशकों में पत्राचार विधि से बी.एड. कार्यक्रम का

प्रसार हुआ। आज उपलब्ध नवीनतम आधार प्रदत्तों के अनुसार पत्राचार विधि के माध्यम से बी.एड. कार्यक्रम प्रदान करने वाले औपचारिक विश्वविद्यालयों के अधीन पन्द्रह पत्राचार शिक्षा संस्थान तथा एक प्रान्तीय मुक्त विश्वविद्यालय है।

प्रान्तीय शिक्षा मन्त्रालयों के अतिरिक्त, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय शैक्षिक शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् तथा राष्ट्रीय अध्यापक-शिक्षा परिषद भारत में अध्यापक शिक्षा की नीति तथा व्यवहार को प्रभावित करने वाली संस्थाएं हैं।

एन.सी.टी.ई. से अपने एक पत्राचार में इस रुचि की एक झलक मिलती है, जो इस प्रकार है–

– बी.एड. पत्राचार कार्यक्रम के पहलुओं में से एक जिस पर विचार करने की आवश्यकता यह है कि क्या बी.एड. पत्राचार पाठ्यक्रम उन नर्सरी व आधारिक पाठशालाओं के अध्यापकों को भी उपलब्ध कराया जा सकता है? जो अपनी योग्यता तथा कैरियर सम्भावनाओं को सुधारना चाहते हों तथा यदि हाँ, तो इस श्रेणी के अभ्यर्थियों की योग्यता के क्या आधार होने चाहिए? इस महत्त्वपूर्ण बिन्दु पर एन.सी.टी.ई. या एन.सी.ई.आर.टी. की सलाह अपेक्षित है।

– (अ) 1990 से आगे के विकासक्रम तथा (ब) यह तथ्य कि कम से कम कुछ श्रेणियों के अभ्यर्थियों को आगामी कुछ वर्षों के लिए ऐसे पाठ्य को दृष्टिगत करते हुए यदि बी.एड. पत्रकारिता पाठ्यक्रम हेतु आदेशों तथा दिशा-निर्देशनों की अधिक स्थिति विकसित कर ली जाए, तो सहायक होगा।

– यह स्पष्ट नहीं है कि एन.सी.टी.ई. तथा एन.सी.आर.टी. ने इस मद को औपचारिक रूप से यू.जी.सी. तथा सम्बन्धित विश्वविद्यालयों राज्य सरकारों के साथ उठाकर सामान्य रूप से पत्राचार पाठ्यक्रम को समाप्त करने के लिए एन.सी.टी.ई. द्वारा

समय-समय पर पारित किए गए प्रस्ताव को लागू करने हेतु कौन सी विशेष कदम उठाए हैं? यदि इस मद को इन निकायों के साथ उठाया गया है, तो उनका क्या दृष्टिकोण रहा है?

इस पत्राचार से यह निष्कर्ष निकलते हैं कि भारत सरकार माध्यमिक विद्यालयों शिक्षकों की ही नहीं वरन् प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापकों की भी दशा सुधारने के लिए उद्यत है। दूसरे रुचि दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रमों को सक्षम रूप से चलाने में है, व तीसरे प्रमाण भी है कि सरकार मिल-जुलकर निर्णय लेने की प्रक्रिया का समर्थन करती हैं, यह सब प्रशंसनीय है, तथापि सरकार को यू.जी.सी. इत्यादि जैसे विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से कार्य करना पड़ता है।

एन.सी.टी.ई. ने पत्राचार द्वारा अध्यापक शिक्षा के प्रासंगिक पहलुओं का अवलोकन करने तथा इसके बाद दूरवर्ती शिक्षा के उपयोग पर संस्तुतियाँ देते हुए एक अन्य समिति का गठन किया। समिति ने 31 मार्च 1989 तथा जून 1989 की सभा में निम्न संस्तुतियाँ दी–

- अध्यापक-शिक्षा पाठ्यक्रम वास्तविक कक्षा अनुभवों अन्य रूपों में मानवीय सम्पर्कों पर अत्यधिक बल देने की माँग करता है।
- दूरवर्ती शिक्षा विधियों के माध्यम से अध्यापक-शिक्षा यदि समुचित रूप में संगठित की जाए तो उन लोगों के लिए जो आमने-सामने विधि में कार्यरत हैं, स्तरीय प्रशिक्षण में मार्गदर्शन के रूप में प्रकट हो सकती है।

निष्कर्ष–

इस प्रकार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में हम कह सकते हैं कि अध्यापक-शिक्षा में दूरवर्ती शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अध्यापक-शिक्षा को गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए दूरवर्ती शिक्षा प्रयासरत है। यह प्रशिक्षुओं को नित-नूतन नवीन प्रविधियों में माध्यम से प्रशिक्षित करने में प्रयासरत है। इसने अपने उत्तम सम्प्रेषण के माध्यम से कक्षा-कक्ष जैसा वातावरण उत्पन्न कर दिया है।

ज्ञान युग में अध्यापक शिक्षा के मुद्दे एवं चुनौतियाँ

–हेमलता
एम. एड.

भूमिका

ज्ञान का आदान–प्रदान ही मुख्यतः शिक्षा का केन्द्र बिन्दु है। ज्ञान के अर्थ को इस प्रकार व्याख्यायित किया गया है जिससे यह आभास मिल सके कि ज्ञान का सम्बन्ध बुनियादी तौर पर अनुभव पर आश्रित है। इन अनुभवों का परिप्रेक्ष्य सीधे तौर पर सामाजिक क्रियाओं से संबद्ध होने के कारण प्रायः प्रत्येक अनुभवकर्ता के अनुभव दूसरे से भिन्न हो सकते हैं अतः प्रश्न यह है कि ज्ञान को मानकीकृत रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है या नहीं। इसी कारण ज्ञान के सिद्धान्तों के अंन्तर्गत ज्ञान के प्रमाणीकरण का एक प्रमुख प्रश्न है प्रमाण शास्त्र का विकास इसी समस्या को समझने हेतु हुआ है इसी संदर्भ में ज्ञान प्राप्ति की विधियों का अपना विशिष्ट स्थान है।

शिक्षण का कार्य समस्त कार्यों में पवित्रतम और परमावश्यक माना जाता है क्योंकि ज्ञान दान के समान दूसरा कोई भी परहिताय निर्दिष्ट कार्य नहीं है। शिक्षण की प्रक्रिया निश्चित रूप से अध्यापक शिक्षा पर निर्भर है, क्योंकि अध्यापक शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा भावी अध्यापकगण निहित कौशल तथा तकनीकों से परिचित हो सकते हैं, और उनमें दक्षतार्जन करते हुए अपेक्षित शिक्षण व्यवहारों को आत्मसात् करने मे सक्षम हो पाते हैं। यह भी व्यवहार परिवर्तन या सीखने को अभिव्यक्त करने का ही प्रयास है जो अपेक्षित तथा वांछित हो इस उपयुक्तता का आकलन प्रायः वैयक्तिक के साथ ही सामाजिक तथा राष्ट्रीय आदर्श, मर्यादा, मान्यता एवं जीवनमूल्यों के संदर्भ में किया जाता

है। एक अच्छी शिक्षण व्यवस्था तभी संभव होगी जब एक योग्य अध्यापक होगा, और एक योग्य अध्यापक तभी होगा जब उन्हें अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरान्त ही उनके उपरोक्त मूल्यों का विकास होगा। माध्यमिक शिक्षा आयोग (1925-53)-मुदालियर आयोग ने विचारयुक्त शिक्षण के लिए शिक्षक को महत्त्वपूर्ण स्थान देते हुए उनके व्यक्तिगत गुण, शैक्षणिक, व्यवसायिक प्रशिक्षण और विद्यालय में स्वयं द्वारा प्राप्त स्थान महत्त्वपूर्ण बताया है। कोठारी कमीशन ने अपनी रिपोर्ट का आरम्भ इस कथन से किया है "भारत के भाग्य का निर्माण देश के कक्षा में किया जाता है।" निसन्देहः देश के विकास में शिक्षा की अहम् भूमिका है। एवं उत्तम शिक्षा कार्यक्रम का निर्धारण अध्यापकों की योग्यता से होता है। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सर्वप्रथम अध्यापकों के लिए श्रेष्ठ व्यवसायिक शैक्षिक कार्यक्रमों का आरम्भ करना होगा।

सर्वप्रथम बी.एड. कार्यक्रम में चयन के सम्बन्ध में विचार करना चाहिए। चयन का उद्देश्य ऐसा होना चाहिए जिससे कि उन व्यक्तियों का चयन हो, जो वास्तव में शिक्षण-योग्यता हो, अपने विषय को पूर्ण ज्ञान रखते हों एवं शिक्षण व्यवसाय के प्रति धनात्मक दृष्टि रखते हों। कुछ विशिष्ट तकनीकियों को चयन-प्रक्रियाओं में प्रयोग किया जाना चाहिए।

चयन-प्रक्रियाओं में सुधार करने में लिए निम्नलिखित सुझाव हैं-

- अभ्यर्थी का साक्षात्कार किया जाना चाहिए। ठीक से तैयार किया गया टैस्ट ही प्रयोग करना चाहिए।
- समान्य ज्ञान परीक्षा का प्रयोग करना चाहिए।
- अपने विषय की योग्यता जानने के लिए स्कूल-विषय में परीक्षा ली जानी चाहिए।
- भाषा सम्बन्धी परीक्षा करनी चाहिए।
- अभिवृत्ति, अभिरूचि एवं रूचि सम्बन्धी आविष्कार का प्रयोग करना चाहिए।

माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों के प्रशिक्षण का समय स्नातक के पश्चात एक वर्ष है, बल्कि प्रभावशाली समय 8 या 9 महीने ही है जो इनके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राध्यापक को इतना अवसर प्रदान नहीं करता है जिससे कि उसमें इतनी योग्यता हो की वह वास्तविक शिक्षण स्तर की विभिन्न समस्याओं का सामना कर सके। इस का प्रमुख कारण यह है कि जिन्हें अध्यापक स्कूलों में करता है, वह प्रशिक्षण महाविद्यालयों में नहीं बताई जाती एवं प्रशिक्षण विद्यालय के पाठ्यक्रम में भी नहीं होती है।

बी.एड. कार्यक्रम की दूसरी कमी यह है कि छात्र को इतनी योग्य नहीं बनाती की वह प्रस्तावित पाठ्यक्रम को अपने वास्तविक शिक्षण जीवन में एक निश्चित समय में पूरा कर सके। शिक्षण अभ्यास जिसका अभ्यास छात्राध्यापक प्रशिक्षण के समय कराता है। वह उसे ठीक से कक्षा में लेने में एवं दिये हुए समय में प्रदत्त पाठ्यक्रम को पूरा कर सकने में सहायता नहीं करता।

शिक्षण अभ्यास में छात्राध्यापकों को कक्षाकक्ष की वास्तविक समस्याओं का समाना करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जाना चाहिए उनको विशिष्ठ योग्यता एवं विशिष्ठ विषय के लिए अभ्यास करना चाहिए।

अन्त में कहा जा सकता है कि अध्यापक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हमारे देश में अच्छे अध्यापकों को बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण मूल्य हैं। अपने देश की क्षमताओं का अधिकाधिक प्रंयोग करने के लिए बी. एड. आदि अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में सुधार किया जाना चाहिए।

आजीविका के रूप में अध्यापक शिक्षा

–कैलाश चन्द्र मठपाल
एम. एड.

प्राचीन समय में अध्यापन या शिक्षण को सेवा के रूप में देखा किया जाता था। वैदिक काल में गुरु का कोई प्रमुख शिष्य या प्रबुद्ध शिष्य ही अगला गुरु होता था। वैदिक काल की यहीं परम्परा थी, जो आगे भी इसी तरह चलती रही तब अध्यापन केवल परम पवित्र और महत्वपूर्ण सामाजिक हित के कार्य के रूप में था।

परंतु आज के वर्तमान युग में इसने सेवा की जगह व्यवसाय के रूप में जगह ले ली है। आधुनिक काल में इसे एक उद्यम या आजीविका का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। क्योंकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस दिशा में अपनी सहमति व्यक्त कर दी है। बाद में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के द्वारा भी अध्यापन को आजीविका के रूप में मान लिया गया। वास्तव में किसी उद्यम या आजीविका में कुछ मूलभूत तथ्यों पर ध्यान अवश्य दियां जाता है जो न्यूनतम कौशलगत दक्षता, कार्याधारित प्रतिबद्धता एवं व्यवहारगत निष्पादन से सम्बन्धित होते है। इनके अभाव में कोई व्यक्ति किसी आजीविका में न तो आर्थिक दृष्टि से सफल हो सकता है और न ही गुणवत्ता की दृष्टि से ही स्तरीय प्रमाणित हो सकता है।

आजीविका आर्थिक दृष्टि से व्यक्ति को सुदृढ बनाने के साथ ही आत्म-निर्भरता की ओर ले जाती है, लेकिन इस हेतु आजीविकागत अभ्यास या प्रोफेशनल प्रैक्टिस की निरंतरता को बनाए रखने की अपरिहार्यता भी होती है, बिना अभ्यास किसी कौशल में दक्षता की प्राप्ति नहीं हो सकती है और न ही प्रतिबद्धता और निष्पादन में स्तरोन्नयन ही सम्भव हो पाता है।

आजीविका के लिए अध्यापकीय तैयारी–

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) के द्वारा अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता स्तरोन्नयन को ध्यान में रखते हुए दक्ष एवं प्रतिबद्ध अध्यापकीय तैयारी को आवश्यक माना गया।

प्रो. आर.एच. दवे समिति के प्रतिवेदन जो प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर पर बल देने के लिए चर्चित रहा है को स्वीकृति देते हुए परिषद् ने गुणवत्ता में सुधार हेतु अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में आजीविका के लिए अध्यापकीय तैयारी को व्यावहारिक माना है। ज्ञान तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में फलतः अध्यापकीय कार्य, भूमिका और दायित्व का विस्तारण हो रहा है। कक्षाकक्ष सीमा के आगे बढ़ती जा रही है। प्राथमिक स्तर पर सर्व शिक्षा को स्वीकृति दिए जाने के बाद अधिगमकर्त्ताओं की संख्या में भावी विस्तार को आज अस्वीकृत नहीं किया जा सकता है। यह विस्तृति अवश्य ही शिक्षण गुणवत्ता स्तर को प्रभावित कर सकती है, अधिगम वातावरण, विद्यालय समुदाय सम्बन्ध, अध्यापकीय भूमिका, अधिगम प्रारुप आदि में भी परिवर्तन की सम्भावना को अवहेलित नहीं किया जा सकता है। आनन्दपूर्ण स्वतन्त्र वातावरण में क्रियाधारित पद्धति से सहभागितामूलक अधिगम की सामाजिक अपेक्षा अवश्य ही अध्यापक/अध्यापिकाओं को आजीविकागत शिक्षण तथा प्रशिक्षण को ग्रहण करने के लिए बाध्य कर सकती है।

दक्ष एवं प्रतिबद्ध अध्यापकीय विशेषताएँ–

परिषद् के द्वारा इस सम्बन्ध में भारतीय सामाजिक परिदृश्य में सामाजिक न्याय और साम्य की स्थापना की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अध्यापकों के लिए विषयवस्तुगत अधिकार (Mastery) के साथ ही कई अन्य दक्षता तथा प्रतिबद्ध क्षेत्रों पर प्रकाश डालने के लिए सार्थक प्रयास किया गया है। इस सन्दर्भ में स्पष्ट किया गया है कि एक कुशल और प्रतिबद्ध अध्यापक वह व्यक्ति हो सकता है जो–

– अपने विद्यार्थियों में प्रिय हो, उनके सहयोगी के रूप में कार्य कर सकें और साथ ही समुदाय के द्वारा प्रशंसित और सम्मानित हो।

– अनुकूल प्रिय व्यवहार (Modern Behaviour) का प्रदर्शन करने वाला हो तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपने अंशदान के प्रति आवश्यक आत्म अवधारणा (Self Image) के साथ ही आत्म विश्वास उसमें विद्यमान हो।

– ज्ञान तथा जनसंख्या के क्षेत्र में विस्फोट एवं शिक्षाकांक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि के प्रति वह जागरूक है।

– उपयुक्त स्रोतों के माध्यम से अद्यतन सूचना संग्रह और अध्यापन-अधिगम व्यूह रचनाओं के अनुसार उन्हें संसाधित करने में अभिज्ञ हो।

– बदलते हुए समय के साथ अपनी शिक्षण उपागम तथा दृष्टिकोण, प्रविधि एवं तकनीकी ज्ञान के नवीनीकरण के प्रति आग्रही हो।

– अधिगमकर्त्ताओं के समुदाय अपनी प्रतिमान भूमिका तथा समुदाय के लिए नवीन विकासात्मक सूचनाओं के सम्प्रेषण के महत्त्व का अनुभव करने में सक्षम हो।

– इन लक्षणों से यह स्पष्ट है कि एक आधुनिक उत्तम अध्यापक अध्यापिका वही व्यक्ति हो सकता है जो न केवल अपनी विषय वस्तु का उत्तम ज्ञाता हो बल्कि जो साथ ही साथ नवाचारिक प्रवृत्तियुक्त, विचार ग्रहणशील, समाजीकरण कुशल, आजीविका सम्बन्धी दक्षतायुक्त व्यवहार कुशल और आत्म विश्वासी होने के साथ ही आत्म निर्भर भी हो। अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे योग्य अध्यापक/अध्यापिकाओं की तैयारी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

प्रमुख दक्षता क्षेत्र–

- सन्दर्भगत क्षमता
- संकल्पनात्मक दक्षता

- विषय वस्तुगत दक्षता
- सम्प्रेषण सम्बन्धी दक्षता
- अन्य शैक्षिक क्रियाकलाप सम्बन्धी दक्षता
- शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण सम्बन्धी दक्षता
- मूल्यांकनगत क्षमता
- प्रबन्धन क्षमता
- अभिभावक सह-कार्य सम्बन्धी दक्षता
- समुदाय तथा अन्य अभिकरण सहकार्य सम्बन्धी दक्षता
- समाज के प्रति छात्रों में समायोजन की दक्षता

अध्यापक शिक्षकीय तैयारी–

अध्यापक शिक्षकों के लिए भी शिक्षण-प्रशिक्षण की आवश्यकता उतनी ही है जितनी एक अध्यापकीय तैयारी के लिए स्पष्ट किया गया है।

निरंतर शिक्षा के माध्यम से भी ऐसे अध्यापक शिक्षक जो कार्यरत है, आजीविकागत दक्षता एवं प्रतिबद्धताओं को समाप्त करने में सफल हो सकते हैं। इस हेतु आवश्यकता आधारित कार्यक्रम को निर्मित एवं व्यवस्थापित करते हुए अध्यापक शिक्षकों की एक पृथक श्रेणी का निर्माण कर पाना सम्भव हैं जो अध्यापकों के अध्यापक कहलाने के योग्य है। इस श्रेणी के लिए सेवापूर्व प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है ही ताकि प्रशिक्षित अध्यापकों का चयन किया जा सके। अध्यापक शिक्षकों को निरन्तर आजीविकागत समृद्धि के लिए अवसर प्रदान किये जाने चाहिए। इसके लिए माध्यम के रूप में अध्यापक शिक्षकीय कार्यशाला, संगोष्ठी, अल्पकालीन पाठ्यक्रम, स्वनिर्देशित अधिगम की व्यवस्था अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विविध अभिकरणों के द्वारा की जानी चाहिए।

शैक्षिक प्रशासकीय तैयारी–

शिक्षण तथा अध्यापक शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए शैक्षिक प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका अवश्य होती है। यदि शैक्षिक प्रशासक नवाचारिक, सृजनशील और प्रबन्धन कुशल हो तो अवश्य ही अध्यापक शिक्षा–संस्थानों में प्रायोगिक क्रियाकलाप नवाचार तथा अनुसंधान को प्रायोजित कर पाना सम्भव हो पाता है।

अध्यापकीय भूमिका निष्पादन का आकलन–

एक अध्यापक को सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए विभिन्न भूमिकाओं का निष्पादन करना होता है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के द्वारा कई महत्त्वपूर्ण भूमिका निष्पादन क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिनमें उपयुक्त शिक्षण प्रशिक्षण का प्रबन्ध करते हुए भावी तथा सेवारत् दोनों ही वर्गों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को समान रूप से दक्ष बनाया जा सकता है।

- विद्यालय स्तरीय निष्पादन।
- विद्यालयेतर शैक्षिक क्रियाकलाप सम्बन्धी निष्पादन।
- अभिभावक सम्बन्धित निष्पादन।
- समुदाय सम्बन्धित निष्पादन।

अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में सुधार की आवश्यकता–

वर्तमान अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम मात्र प्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिकाओं को तो तैयार करने समर्थ है, लेकिन उन्हें अध्यापन आजीविका के क्षेत्र में एक दक्ष तथा कुशल व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करने के लिए सर्वथा उपयोगी और सक्षम नहीं है जिसके अभाव में शिक्षण को एक आजीविका का रूप दे पाना सम्भव नहीं हो सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता नियंत्रण और स्तर नियंत्रण हो।

निष्कर्ष–

वर्तमान संदर्भ में अध्यापक शिक्षा का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है तथा आजीविका के रूप में अध्यापक शिक्षा सर्वोत्तम व्यवसाय बन गया है, जिसके माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षक (Teacher Education) उत्तम गुणवत्ता साधनों से युक्त तथा अपने विषय में परिपूर्ण होकर छात्राध्यापकों का भविष्य उज्ज्वल कर सकता है।

आजीविका के रूप में अध्यापक शिक्षा एक बहुआयामी तथा स्वाभिमानपूर्ण व्यवसाय है, जिसमें प्रशिक्षक स्वयं को सफल मानते हुए भविष्य के अध्यापकों का उचित मार्गदर्शन करता है। इसलिए आजीविका के रूप में अध्यापक शिक्षा सर्वोत्तम क्षेत्र है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा का विकास-क्रम

–रवीन्द्र सत्यवली

एम. एड.

भारत में शिक्षा को बाहर से उधार नहीं लिया गया भारत ऐतिहासिक रूप से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। भारत में अध्यापक शिक्षा उतनी ही प्राचीन है जितनी की भारतीय शिक्षा। यदि समाज में किसी भी रूप में शिक्षा का अस्तित्व है तो वहाँ पर शिक्षा और छात्र का अस्तित्व भी अवश्य ही होगा। सामान्य शिक्षा व्यवस्था के साथ अध्यापक शिक्षा पूर्णतः संलग्न है। अध्यापक शिक्षा व्यवस्था का जन्म शिक्षा के साथ ही 2500 शताब्दी पूर्व हुआ। भारत में अध्यापक-शिक्षा के इतिहास को पाँच भागों में बाँटा जा सकता है–

1. प्राचीनकाल में अध्यापक शिक्षा : 2500 ई.पू. से 500 ई.पू.
2. बुद्धकालीन अध्यापक शिक्षा : 500 ई.पू. से 1200 ई.
3. मुस्लिम कालीन अध्यापक शिक्षा : 1200 ई.पू. से 1700 ई.
4. ब्रिटिश कालीन अध्यापक शिक्षा : 1700 से 1947 तक
5. स्वतन्त्र भारत में अध्यापक शिक्षा : 1947 से अब तक

प्राचीनकालीन अध्यापक शिक्षा (Teacher-Education in Ancient Period)

इस काल में हमें शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था के सम्बन्ध में अधिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। भारतीय सभ्यता के प्रारम्भिक काल में शिक्षा व्यवस्था पूर्णतः वेदों से सम्बन्धित थी। ज्ञान या शिक्षा पूर्णतः छात्र

और शिक्षक के मध्य द्विमुखी प्रक्रिया थी। इस प्रकार समुदाय का वह भाग जो शिक्षा प्राप्त करना चाहता था, उसको शिक्षा प्रदान करना शिक्षाशास्त्रियों के कर्त्तव्यों के अन्तर्गत था क्योंकि उस समय शिक्षा जाति व्यवस्था पर आधारित थी। हर जाति अपने व्यवसाय के प्रति पूर्ण रूपेण समर्पित थी। उस समय प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कोई औपचारिक संस्था नहीं थी। छात्र अपने 'गुरू' माता-पिता या अभिभावकों द्वारा ही प्रशिक्षित होते थे। प्रारम्भ में यह एक वंशानुक्रमित प्रक्रिया थी। इस प्रकार से शिक्षण-व्यवसाय एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को प्राप्त होता था।

शिक्षण की विधियाँ तथा प्रविधियाँ बहुत सरल थी। छात्र को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षक के एक-एक शब्द पर आश्रित रहना पड़ता था। यहाँ शिक्षक और शिक्षार्थी के मध्य बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध थे। **आर. पी. सिंह** लिखते हैं कि यह साक्ष्य अवश्य मिलते हैं कि इस काल में कुछ ब्राह्मण परिवारों में वंशानुक्रम से ही शिक्षण कार्य होता था, परन्तु इस प्रकार का कोई साक्ष्य नहीं है कि अध्यापक प्रशिक्षण देने के लिए कोई औपचारिक व्यवस्था की गयी थी, लेकिन यह निश्चय ही सत्य है कि शिक्षक भविष्य की पुकार के सम्बन्ध में ज्ञान रखते थे और अपने विषयों का ज्ञान भविष्य को मस्तिष्क में रखकर ही करते थे। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि इस काल में शिक्षक प्रशिक्षण की कोई औपचारिक व्यवस्था नहीं थी।

उस समय शिक्षक का कार्य विषय-ज्ञान और कौशल सिखाना ही नहीं था प्रत्युत छात्रों को ज्ञान की प्राप्ति कराना था। इस दृष्टि से शिक्षक बहुत योग्य व्यक्ति ही हो पाते थे। **ऋग्वेद में कहा गया है कि** "वही व्यक्ति शिक्षक बनने के योग्य है जिसने स्वयं-ज्ञान के आधार पर आचरण किया हो और ब्रह्मचारी के सभी कर्त्तव्यों का निर्वहन किया हो। **मुण्डकोपनिषद** में भी कहा गया है कि शिक्षक विद्वान् परिवार से होना चाहिए, वह ब्रह्मनिष्ठ व ब्रह्मज्ञानी होना चाहिए। विद्यार्थी उन्हीं शिक्षकों के पास ज्ञानार्जन के लिए एकत्र होते थे, जिनकी बौद्धिक योग्यता व चरित्र उच्च कोटि का होता था और यदि इन दोनों में से किसी पर भी सन्देह होता, तो उसके पास ज्ञानार्जन के लिए छात्रों का जाना बन्द हो जाता। उस समय शिक्षकों की परीक्षा का यह भी एक मानदण्ड था।

उस समय शिक्षक चुनने का एक माध्यम मानीटर प्रणाली भी थी। वैदिक काल में शिक्षक नए विद्यार्थियों को ज्ञान देने का कार्य वरिष्ठ विद्यार्थियों की सहायता से करते थे। जो वरिष्ठ विद्यार्थी इस योग्यता के होते, उन्हें अध्यापक अपने पास अधिक समय तक रखते थे ताकि वे अध्यापन का गहरा ज्ञान प्राप्त कर सकें। जब ज्ञान-अधिग्रहण व परिपक्वता से वे अच्छे शिक्षक बन जाते, तो फिर वे स्वतन्त्र रूप से शिक्षण-कार्य प्रारम्भ कर देते। अच्छे शिक्षकों के सम्पर्क में रहकर ही बिना औपचारिक प्रशिक्षण के उस समय शिक्षण-व्यवसाय का ज्ञान प्राप्त किया जाता था।

शिक्षक-चुनाव का आधार उनकी ख्याति और ख्याति शिक्षक के ज्ञान और उसकी सम्प्रेषण-शक्ति पर निर्भर करती थी, ज्ञान का अर्थ केवल बौद्धिक सूचनाएँ देना ही नहीं था, ज्ञानी या विद्वान उसे ही नहीं कहा जाता था जो शास्त्रों का पूर्ण जानकर हो और उनकी भली प्रकार व्याख्या कर सके, परन्तु ज्ञान जिसके व्यक्तित्व में ही समा गया हो। शास्त्र-ज्ञान के साथ-साथ उच्च चरित्र और आत्मिक ज्ञान वाला व्यक्ति ही शिक्षक बनने का अधिकारी था।

कालान्तर में जब जाति-प्रथा प्रादुर्भाव हुआ तो शिक्षणकार्य भी एक जाति-विशेष का कार्य बन गया। अब यह ब्राह्मण-जाति का पैतृक व्यवसाय हो गया। एक जाति का व्यवसाय हो जाने के कारण योग्यता का स्तर भी घटना स्वाभाविक था। अब पहले की तरह व्याख्याओं एवं पुनः व्याख्याओं पर बल न देकर उद्देश्य ज्ञान को केवल कण्ठस्थ करना ही रह गया है। इस प्रकार शिक्षण एक यांत्रिक क्रिया बन गई और मौलिकता का ह्रास होने लगा। यह पद्धति शताब्दियों तक चलती रही।

बुद्धकालीन अध्यापक शिक्षा (Teacher-Education in Buddha Period)

-- बुद्धकाल में अध्यापक प्रशिक्षण के महत्त्व को पहचान लिया गया था। इसी समय इसका विकास हुआ। यह धारणा बनी कि शिक्षण का व्यवसाय केवल ब्राह्मणों की ही धरोहर नहीं है। किसी वर्ग या समुदाय

का प्रतिभाशाली व्यक्ति प्रशिक्षणोपरान्त एक अध्यापक का दर्जा प्राप्त कर सकता है। हमें इस काल में कुछ अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था देखने को मिली। यह शिक्षा बुद्ध की धर्म शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए दी गयी न कि विद्यालयों के शिक्षकों के लिए। ये प्रशिक्षण प्राप्तकर्त्ता भिक्षुक थे जिन्होंने बुद्ध के धर्म प्रचार के लिए कार्य किया।

''प्रवज्या'' तथा ''उपसम्पदा'' जैसे संस्कारों के मध्यवर्ती काल में विद्याभ्यास पूर्ण होने के बाद दो आचार्यों के निरीक्षण में प्रशिक्षण दिया जाता था। वरिष्ठता एवं श्रेष्ठता के आधार पर आचार्य या उपाध्याय स्तरीय योग्यता अर्जन के बाद ही भिक्षुओं के अध्यापन हेतु अधिकार प्राप्त हो पाता था।

बौद्धकालीन अध्यापक शिक्षा से सम्बन्धित प्रणाली का विशेष योगदान विद्यालयीय शिक्षा और सामाजिक जीवन के सन्दर्भ में नहीं था फिर भी औपचारिक दृष्टि से इस काल की अध्यापक प्रशिक्षित प्रणाली को आधारशिला के रूप में मान्यता दी गयी।

मुस्लिमकालीन अध्यापक शिक्षा (Teacher-Education in Muslim Period)

मुस्लिम काल में भी अध्यापक का कार्य सम्मान का कार्य ही माना जाता है। अध्यापक (जिसे अरबी में आलिम कहा जाता है) जीवनपर्यन्त अध्ययन अध्यापन का कार्य करता था। उस समय आलिम (अध्यापक) का व्यवसाय पैतृक नहीं था। ऐसे उदाहरण भी मिलते है कि मदरसों के लिए विदेशों से भी शिक्षक बुलाए जाते थे। नए शिक्षकों का चुनाव एवं प्रशिक्षण इस समय भी प्राचीन काल की तरह मानीटर प्रणाली से होता था।

शैक्षिक संस्थायें मदरसों के रूप में थी और केवल मौलवी ही अध्यापक के रूप में कार्य करते थे। इस समय शिक्षा प्रमुखतया धार्मिक थी। मुख्य रूप से कुरान की शिक्षा अलग से दी जाती थी। इस काल

में शिक्षकों के लिए कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं था। मौलवी, मुकलीस और मदरसों के अध्यापक के रूप में कार्य करते थे।

इस काल के दौरान शिक्षण औषधि, साहित्य, कला और संगीत व्यवसायों के समान स्थापित किये गये, इस प्रकार के व्यवसायों की नियमित शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए संस्थायें नहीं थी न ही उनके महत्त्व को इस काल में पहचाना गया। अरब तथा इस देश के केवल पढ़े लिखे व्यक्तियों को ही मौलवियों के पद पर नियुक्त किया गया। शैक्षिक संस्थाओं के केवल मुस्लिम वर्ग के व्यक्ति ही मुकलिस और मदरसों में पढ़ाने के लिए योग्य माने जाते थे।

ब्रिटिशकालीन अध्यापक-शिक्षा (Teacher Education in Britrish Period)

उपरोक्त शैक्षिक व्यवस्था उनकी अपनी इंग्लैंड की व्यवस्था के अनुसार और आवश्यकता तथा दर्शन के अनुसार बदली गयी। जब ब्रिटिश लोग आये तो शिक्षा के क्षेत्र में उनका मुख्य उद्देश्य भारतीय बच्चों को ब्रिटिश व्यवस्था के अनुरूप बनाना था। अध्यापक शिक्षा की औपचारिक व्यवस्था इंग्लैण्ड के लोगों के द्वारा शुरू की गयी।

सर्वप्रथम डैनिस मिशनरीज ने एक औपचारिक प्रशिक्षण केन्द्र शेरामपुर (पश्चिम बंगाल) में स्थापित किया। ये मिशनरीज व्यक्तिगत संस्थायें थी। भारत में अध्यापकों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में यह पहला कदम था।

- इस प्रकार की तीन (व्यक्तिगत) संस्थाओं के खुलने पर इनको नॉर्मल विद्यालय कहा गया जो कि शिक्षक प्रशिक्षण के लिए खोले गये। इनमें से मद्रास, बम्बई और कलकत्ता में एक-एक संस्थायें खोली गयी।
- इन संस्थाओं के आरम्भ होने के बाद सरकार ने इनमें भाग लिया और इनकी आवश्यकता महसूस की गयी। यह इसी समय से प्रकाश में आये और इस प्रकार के साधारण स्कूल

(Normal School) पूना, सूरत और कलकत्ता में खोले गये। तत्पश्चात् अध्यापकों की अधिक आवश्यकता महसूस की गयी और प्राइमरी स्कूलों की संख्या में वृद्धि हुई। सन् 1828 में इन संस्थाओं की संख्या बढ़कर 26 पहुँच गयी। एलफिन स्टोन ने शिक्षक प्रशिक्षण के लिए व्यवस्थायें की।

अध्यापक शिक्षा को तीन स्तरों में बाँट सकते हैं–

1. मोनीटोरियल प्रणाली (1800–1880)
2. अध्यापक प्रशिक्षण (1882–1947)
3. अध्यापक शिक्षा (1947 से अब तक)

1. मोनीटोरियल व्यवस्था–इस काल में विद्यार्थियों को केवल पढ़ाया गया और अनुशासन पर जोर दिया गया। वे इस काल में अध्यापकों द्वारा निर्देशित किया गया। **डॉ. एन्ड्रूज बैल ने (1787)** में मद्रास में प्राइमरी स्तर पर इस व्यवस्था को स्थापित किया। इन्हीं स्थानों पर अप्रेन्टीशिप व्यवस्था भी स्थापित की गयी। यह व्यवस्था स्कूलों में भी की गयी। इसका मुख्यतः प्रयोग कक्षा अनुशासन को बनाये रखने के लिये किया गया।

लैनकास्ट्रीयन व्यवस्था को (1819) में अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए बंगाल के **'कलकत्ता स्कूल समाज'** में आरम्भ किया गया, थामस मुनरो ने सर्वप्रथम 1826 में शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में योजनाबद्ध प्रयास किया। **1875 में उत्तर प्रदेश** (आगरा, मेरठ, बनारस, और इलाहाबाद) में कुछ स्कूलों को स्थापित किया गया, **1954 में** अध्यापक प्रशिक्षण के विस्तार के लिए बुद्ध की संस्तुतियाँ भी प्रस्तावित की गयी। मद्रास और लाहौर में माध्यमिक स्तर के लिए दो प्रशिक्षण कॉलेज थे। स्नातक तथा अस्नातक छात्र इन प्रशिक्षण कॉलेजों में नामांकित किये गये।

2. अध्यापक प्रशिक्षण (Teacher's Training)–हर्टाग कमीशन ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार तथा शिक्षकों के लिय प्रशिक्षण विद्यालयों

की व्यवस्था पर बल दिया,

19वीं शताब्दी के अन्त तक देश में 6 प्रशिक्षण विद्यालय माध्यमिक अध्यापकों के लिये कार्यरत थे, ये मद्रास, लाहौर, राजसुन्दरी, करसोमा, जबलपुर और इलाहाबाद में थे।

विश्वविद्यालय एक्ट ने माध्यमिक स्तर के प्रशिक्षण विद्यालयों के लिये संस्तुतियाँ दी। 1912 में सरकार ने संस्तुति दी कि–

"आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था में, किसी भी शिक्षक को उचित योग्यता प्रमाण की व्यवस्था पर बल दिया, जो कि प्रशिक्षण विद्यालयों की समस्याओं की खोज करेंगे। इसके परिणामस्वरूप (1921) तक 13 शिक्षा विभागों की स्थापना की गयी।

हर्टांगकमेटी (1929) ने प्राइमरी शिक्षा के केन्द्रों के लिये संस्तुतियाँ दी–

1. प्राइमरी शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाना।
2. अच्छे और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति हों।
3. प्राइमरी शिक्षा की समस्याओं की खोज की जाये।

वुड डिस्पैच (1854) ने अध्यापक प्रशिक्षण की अवस्था को तुलनात्मक अध्ययन पर अपने विचार दिये, अनुदान देने के लिए एक नये सिद्धान्त को जन्म दिया। अनुदान देने का आधार किसी स्कूल में प्रशिक्षित शिक्षकों की मात्रा को माना गया।

इसके परिणामस्वरूप (1881–1882) में देश में 106 नॉर्मल स्कूल खोले गये और लगभग 40,000 छात्राध्यापकों को इन स्कूलों में प्रशिक्षण दिया गया। ये सभी संस्थायें केवल प्राइमरी अध्यापकों को तैयार करती थीं।

– सन् 1856 में मद्रास में प्रथम माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण स्कूल स्थापित हुआ जो कि राजकीय नॉर्मल स्कूल कहलाया।

इसमें प्राइमरी तथा माध्यमिक दोनों ही स्तरों के अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

– सन् 1880 में लाहौर में इसी के समान माध्यमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिये एक संस्थान शुरू हुआ।

– **सन् 1882** में भारतीय शिक्षा की अनियमितताओं की जाँच के लिये भारतीय शिक्षा आयोग का गठन किया गया। आयोग ने निम्न सुझाव दिये–

1. आयोग ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षण संस्थायें भी विस्तृत की जानी चाहिये।

2. शिक्षक प्रशिक्षण की गुणात्मकता को बढ़ाने के लिए कमीशन ने एक परीक्षा कार्यान्वित करने की सलाह दी। जिसमें सैद्धान्तिक और प्रयोगात्मक परीक्षा हो। इसमें उत्तीर्ण होने वाले ही शिक्षकों के लिये योग्य होने चाहिये।

3. स्नातक के लिये अलग प्रशिक्षण स्कूलों की व्यवस्था होनी चाहिये और अस्नातक के लिए स्कूलों की अलग व्यवस्था होनी चाहिये।

– **1912** में सैडलर आयोग को "कलकत्ता विश्वविद्यालय" के सुधार के लिये संस्तुतियों के लिये नियुक्त किया गया। इस आयोग ने संस्तुतियाँ दीं–

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय में शिक्षा के एक विभाग की स्थापना हो।

2. शिक्षा को इण्टरमीडिएट स्तर पर एक विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिये।

3. स्नातक अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कॉलेजों की संख्या में वृद्धि की गई।

भारत में **1937** में एक महत्त्वपूर्ण आन्दोलन ने स्थान लिया, गाँधी जी ने विचार किया कि पूर्ण स्वतन्त्रता का महत्त्व महसूस नहीं किया जा सकता, जब तक कि व्यक्ति शिक्षित न हों। उन्होंने बेसिक शिक्षा के विचारों का प्रतिपादन किया जो कि आत्मबल प्रदान करने वाला और सस्ता था।

सार्जेन्ट कमीशन (1944) में फिर जॉन सार्जेन्ट का सूत्र **''शिक्षा व्यवस्था में सुधार की योजना''** को माना गया। अध्यापक शिक्षा पर चार-पाँच संस्तुतियाँ दीं–

1. स्नातक अध्यापकों को प्रशिक्षण विद्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिये।
2. विद्यालय शिक्षा की गुणात्मकता में सुधार होना चाहिये, शिक्षक प्रशिक्षण में भी सुधार होना चाहिये।
3. कमीशन ने प्राइमरी स्कूलों के लिये अध्यापक तैयार करने वाले प्रशिक्षण, प्रशिक्षित अध्यापकों के प्रशिक्षण, तथा जूनियर प्रशिक्षण विद्यालय खोले जायें।
4. इस योजना में अध्यापकों के लिये रिफ्रैसर्स कोर्स (पुनश्चर्या पाठ्यक्रम) की महत्ता पर बल दिया।

भारत की स्वतन्त्रता पश्चात् अध्यापक-शिक्षा का विकास–

स्वतन्त्रता के पश्चात् अध्यापक शिक्षा नामक एक नया प्रत्यय विकसित हुआ, इसमें बल दिया गया कि अध्यापकों को केवल प्रशिक्षित ही नहीं वरन् शिक्षित भी होनाा चाहिए। दूसरे शब्दों में अध्यापक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अधिक मजबूत और व्यापक विचार उभरकर सामने आये, इसी समय शैक्षिक समस्याओं को दूर करने के लिये एक आयोग का गठन हुआ।

राधाकृष्णन आयोग–सन् 1948 में भारत सरकार ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन, एक महान् शिक्षाविद् की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग का गठन किया गया। इस कमीशन ने अपनी रिपोर्ट 1949

में दी तथा अध्यापक प्रशिक्षण के बारे में भी कुछ संस्तुतियाँ दी गईं। कमेटी ने अध्यापक शिक्षा पर पुनर्विचार किया एवं यह पाया गया कि अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार की आवश्यकता है।

1. अध्यापक प्रशिक्षण कॉलेजों को पुनर्प्रारूपित करना चाहिये। सैद्धान्तिक शिक्षण की तुलना में प्रयोगात्मक परीक्षा को और शिक्षण अभ्यास को अधिक समय दिया जाना चाहिए। शिक्षण कौशलों के अधिक विकास पर बल दिया।
2. प्रशिक्षण कॉलेजों में उन अध्यापकों को नियुक्त करना चाहिये, जो अध्यापन में अनुभवी हों।
3. सैद्धान्तिक पाठ्यक्रमों को लचीला और व्यावहारिक, आवश्यकताओं तथा परिस्थितियों को स्वीकार करने वाला होना चाहिये।

